आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.33
सूर्यास्त 06.10


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 07:09 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082
रविवार, 1 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 196, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख रुपये का जुर्माना - 12




■ डीमैट अकाउंट खोलना क्यों जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान - 12



■ उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बोले- भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम - 13



■ रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, फाइनल में कर्नाटक को हराया - 14

# ईरान-इजराइल जंग में झुलसा पश्चिम एशिया

## मध्य पूर्व में महायुद्ध का आगाज

## इजराइल-अमेरिका के हमलों के जवाब में इरान ने सात देशों में अमेरिकी ठिकानों को बनाया निशाना

## तेहरान से तेल अवीब तक आसमान में अंगारे और जमीन पर धुआं, ट्रंप की हुंकार इरान में सत्ता परिवर्तन का वक्त

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसियां

इजराइल ने अमेरिका के सहयोग से शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई बड़े शहरों में हवाई हमले किये। हमलों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई के आवास के भी क्षतिग्रस्त होने की खबरें हैं। हमलों के जवाब में ईरान ने शनिवार को भीषण पलटवार करते हुए सात देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को एक साथ निशाना बनाया। तेहरान से लेकर तेल अवीव तक, आसमान मिसाइलों की रोशनी से दहक रहा है और जमीन पर चारों ओर तबाही का धुआं है।

ईरान ने जवाबी हमले इजराइल के अलावा बहरीन, यूएई, इराक, कुवैत और कतर में बने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए हैं। इजराइल के हमलों में ईरान में करीब 60 छात्राओं की मौत हो गयी। इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इन हमलों की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इजराइल ने अपने खिलाफ खतरों को समाप्त करने के लिए ईरान पर एहतियाती हमला किया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ईरान के रक्षा मंत्री आमिर नासिरजादेह और ईरान के प्रमुख रक्षा बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमाडंर मोहम्मद पाकपोर की इन हमलों की मौत हो गयी। ईरानी स्थानीय मीडिया में कहा गया है कि श्री ख़ामेनेई फिलहाल तेहरान में नहीं हैं, उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है।



ईरान के तेहरान में शनिवार को हुए विस्फोट के बाद आसमान में धुआं उठता देख लोग। ● एजेंसी

ईरानी मीडिया के अनुसार, राजधानी में कई जगहों पर धमाकों की आवाज सुनी गयी और कुछ हिस्सों में धुआं उठता देखा गया। रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम एक हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई से जुड़े कार्यालयों के निकट हुआ। समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जुमहूरी इलाके के आसपास मिसाइलें गिरीं। सरकारी कार्यालयों वाले 'रिपब्लिक' क्षेत्र में भी विस्फोट की सूचना है। ईरान की न्यूज़ एजेंसी 'फार्स' ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, पूर्व पार्लियामेंट स्पीकर अली लारीजानी, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ, न्याय प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई, और आर्मी कमांडर-इन-चीफ अब्दोलरहीम मौसवी हतामी ज़िंदा और ठीक हैं। एजेंसी ने बताया कि कतर में तैनात और बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए इस्तेमाल होने वाली खास टेक्नोलॉजी से लैस 5,000 किलोमीटर की रेंज वाला अमेरिकी एफपी-132 रडार नष्ट हो गया है। ये हमले ऐसे समय में हुए जब हाल के हफ्तों में तनाव काफी बढ़ गया था। अमेरिकी युद्धपोत क्षेत्र में तैनात किए जा चुके थे और ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए एक समझौता चाहते हैं।

### अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में ले ईरानी जनता : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में लेने और 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने का आह्वान किया। ट्रंप ने 'बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू होने की घोषणा करते हुए एक वीडियो के माध्यम से कहा कि जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार पर कब्ज़ा कर लेना। वह तुम्हारी होगी जिसकी बागडोर तुम अपने हाथ में ले सकोगे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इस व्यापक लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा संयुक्त अभियान बहादुर ईरानी लोगों के लिए ऐसी परिस्थितियां पैदा करेगा, जिससे वे अपने भविष्य का फैसला खुद अपने हाथों में ले सकें।

### एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली/दुबई :** ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष ने वैश्विक एयर ट्रैफिक को संकट में डाल दिया है। सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी सेवाओं में बड़े बदलाव किए हैं। एयर इंडिया का यू-टर्न : दिल्ली से तेल अवीव के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट AI 139 को ईरानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश से ठीक पहले बीच रास्ते से वापस दिल्ली बुला लिया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए, उस क्षेत्र की सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। इंडिगो ने भी पश्चिम एशिया के तनावग्रस्त क्षेत्रों की अपनी सभी उड़ानें तत्काल प्रभाव से रोक दी हैं। कंपनी स्थिति की निगरानी कर रही है और यात्रियों को रिफंड का विकल्प दे रही है।

**बदले गए रूट :** ईरान और इजराइल के एयरस्पेस बंद होने की वजह से खाड़ी देशों और यूरोप जाने वाली उड़ानों को अब लंबे वैकल्पिक रास्तों से भेजा जा रहा है। इससे उड़ान का समय 2 से 4 घंटे तक बढ़ गया है। नागर विमानन महानिदेशालय ने सभी भारतीय ऑपरेटरों को अलर्ट जारी किया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे घर से निकलने से पहले अपनी एयरलाइन के फ्लाइट स्टेटस पोर्टल पर अपडेट जरूर देख लें।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, फागुन का सम्मोहन रंग-गंध का पर्व होली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### मार्च- मई के बीच रह सकता लू का कहर

**नई दिल्ली।** इस साल मार्च से मई महीने के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में लू से प्रभावित दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इन क्षेत्रों में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दक्षिणी और पूर्वी महाराष्ट्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तरी कर्नाटक और उत्तरी तमिलनाडु के कुछ हिस्से शामिल हैं। आईएमडी के अनुसार मार्च-अप्रैल-मई के दौरान सामान्य से अधिक दिनों तक लू के प्रकोप की आशंका आवश्यक सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकती है।


# होली पर 1.86 करोड़ उज्जवला परिवारों को मिला तोहफा

● लोकभवन में सिलिंडर रीफिल को 1,500 करोड़ की धनराशि की गई वितरित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली से पहले प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी राहत दी है। शनिवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के रूप में उन्होंने 1500 करोड़ रुपये जारी किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 लाभार्थी महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक भी सौंपे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उक्त क्रम में ही होली और दीपावली पर पात्र परिवारों को एक-एक मुफ्त सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी जा रही है। योगी ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.86 करोड़ लाभार्थियों को प्रत्येक रिफिल पर 335 रुपये की सब्सिडी उनके खाते में भेजी जाती है।



**300 रुपये में मिलने लगा एचपीवी वैक्सीन :** स्वास्थ्य क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किए जाने का भी उल्लेख किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस वैक्सीन की कीमत पहले लगभग 2100 रुपये थी, उसे कम करते हुए 300 रुपये तक लाया गया है। इसे निःशुल्क करने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी बताया कि महिलाओं को मजबूत आर्थिक आधार देने को 'लखपति दीदी' और शी-मार्ट (सेल्फ हेल्प आंत्रोप्रेन्योर मार्ट) जैसी पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। महिला उद्यमी समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है।

### कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज

**लखनऊ।** जल्द ही आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क इलाज दिया जा रहा है। अब शेष 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों से स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) एमओयू साइन करेगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने शनिवार को बताया कि जनवरी 2026 से प्रयागराज में कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी सहित गंभीर बीमारियों का इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को मुफ्त ओपीडी अप्वाइंटमेंट, जांच और गंभीर रोगियों के लिए नि:शुल्क पिक एंड ड्रॉप सुविधा भी दी जा रही है। एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना के कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार सुनिश्चित होगा।

## आंध्रः पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट 21 की मौत

**वेटलापलेम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में भीषण विस्फोट होने से कम से कम 21 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना में आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। राज्य के मंत्री कंडुला दुर्गेश ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद इस त्रासदी की पुष्टि की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विस्फोट के समय इकाई के भीतर लगभग 30 लोग मौजूद थे। मंत्री ने कहा, "अभी तक 21 शव बरामद किए जा चुके हैं। आठ घायलों का इलाज चल रहा है। यह राज्य के इतिहास के सबसे बड़े और भीषण विस्फोटों में से एक है।

● काकीनाडा में दर्दनाक हादसा; 8 घायल, मलबे में तब्दील हुई यूनिट

**धमाके से दहला इलाका :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि पूरी निर्माण इकाई मलबे के ढेर में तब्दील हो गई और इसकी गूँज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई। आसपास के घरों की खिड़कियों के कांच भी टूट गए।

# कांग्रेस अब मुस्लिम लीग-माओवादी गठबंधन, देश को कर रही बदनाम: मोदी

● कहा - यह पार्टी अब भारतीयता से दूर होकर पूरी तरह विभाजनकारी विचारधारा के प्रभाव में आ चुकी है

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनिवार को विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' (आईएनसी) नहीं रही बल्कि एमएमसी यानी मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की है। राजस्थान में अजमेर के कायड़ विश्राम स्थल पर एक जनसभा में मोदी ने कहा कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसलिए उसने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है।

मोदी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी और इसलिए मुस्लिम लीग ने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है। उन्होंने कहा कि माओवादी भी भारत की समृद्धि, हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमला करते हैं। कांग्रेस भी घात लगाकर देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ऐसे कुकर्मों को देश कभी माफ नहीं करेगा।" मोदी ने कहा कि देश को बदनाम करना, देश की सेनाओं को कमजोर करना... ये कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। उन्होंने कहा, "यही कांग्रेस है जिसने हमारी सेना के जवानों को हथियारों व वर्दी तक के लिए तरसा के रखा था। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती साख का हवाला देते हुए कहा कि आज जब पूरी दुनिया भारत की डिजिटल क्रांति और आर्थिक प्रगति की प्रशंसा करती है, तो हर हिंदुस्तानी गर्व महसूस करता है। लेकिन कांग्रेस को यह गौरव बर्दाश्त नहीं होता। वह वैश्विक मंचों पर जाकर देश की छवि खराब करने और भारत को नीचा दिखाने की कोशिश करती है।



अजमेर में 14 वर्षीय लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान के शुभारंभ के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत

**जयपुर।** प्रधानमंत्री मोदी ने 'सर्वाइकल कैंसर' के विरुद्ध राष्ट्रीय 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत राजस्थान के अजमेर से की। उन्होंने इस अभियान को देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम करार दिया। नौ से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद मोदी ने उनसे संवाद भी किया।

# 15 हजार करोड़ की जीएसटी चोरी का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** करोड़ों रुपये के जीएसटी चोरी के आरोपी बलदेव उर्फ बल्ली को एसटीएफ ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर 50 हजार का इनाम था।

आरोपी को नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दाखिल किया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फर्जी पैन व दस्तावेजों के आधार पर 3500 फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया था। करीब 15 हजार करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी कर सरकार को आर्थिक चपत लगाई। आरोपी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। एसटीएफ एएसपी राज कुमार मिश्रा व डिप्टी एसपी नोवेंदु कुमार की टीम ने हरियाणा के हिसार स्थित डोगरान मोहल्ले में शुक्रवार को छापेमारी कर आरोपी बलदेव उर्फ बल्ली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने वर्ष 2012 में पंजाब यूनिवर्सिटी से एमबीए किया था। पहले उसने हिसार में मेडिकल स्टोर खोला, लेकिन लाभ न होने पर उसे बंद कर दिया। वर्ष 2014 से वह पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त का काम करने लगा। इसी दौरान उसकी पहचान दिल्ली निवासी अर्चित गोयल से हुई थी।



बलदेव उर्फ बल्ली

● फर्जीवाड़ा कर 3500 फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया, सरकार को लगाई चपत

### कोर्ट में पेशी के बाद बलदेव को भेजा जेल

एसटीएफ के मुताबिक एक मामले में एक पत्रकार के पैन कार्ड पर फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी किए जाने की शिकायत पर नोएडा के सेक्टर-20 थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें गिरोह के कई सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया गया। गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की गई है। पुलिस ने बलदेव उर्फ बल्ली को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

भविष्य की पटरी

## नीले धुएं से आजादी, अब पानी छोड़ते हुए दौड़ेगी 'देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन'

# जींद से सोनीपत के बीच सफल रहा हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल

● भारत बना दुनिया का पांचवां ऐसा देश जिसके पास है अपनी क्लीन-फ्यूल रेल तकनीक

नई दिल्ली/जींद, अमृत विचार

भारतीय रेलवे ने आज विज्ञान के एक सुंदर सपने को हकीकत की पटरी पर उतार दिया। हरियाणा के जींद स्टेशन पर जब देश की पहली 'हाइड्रोजन ट्रेन' ने अपनी पहली सीटी बजाई, तो वह केवल एक सफर की शुरुआत नहीं थी, बल्कि डीजल के धुएं से पर्यावरण को मिलने वाली मुक्ति का ऐलान भी था।

यह ट्रेन दुनिया की सबसे उन्नत हरित तकनीकों में से एक, 'हाइड्रोजन फ्यूल सेल' से लैस है। ट्रायल के बाद रेल मंत्रालय ने कहा कि आज का दिन भारतीय इंजीनियरिंग के लिए गर्व का क्षण है। हम न केवल तकनीक को अपना रहे हैं, बल्कि नेट ज़ीरो' कार्बन उत्सर्जन की वैश्विक लड़ाई का नेतृत्व भी कर रहे हैं।




### सस्ते सफर का वादा

तकनीक हाई-टेक है, लेकिन आम आदमी की जेब का ख्याल रखा गया है। जींद-सोनीपत रूट पर किराया 5 रुपये से 25 रुपये के बीच रखने का प्रस्ताव है, जो इसे बस और ऑटो से भी सस्ता बनाता है।

### कैसे काम करती है यह 'जादुई' ट्रेन?

- **ईंधन :** ट्रेन की छत पर लगे विशेष टैंकों में कंप्रेस्ड हाइड्रोजन गैस भरी जाती है।
- **प्रक्रिया :** फ्यूल सेल के अंदर हाइड्रोजन और हवा की ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया होती है।
- **आउटपुट :** इस प्रक्रिया से बिजली पैदा होती है जो बैटरी को चार्ज करती है और पहियों को घुमाती है।
- **वेस्ट :** वेस्ट के नाम पर सिर्फ पानी की बूंदें टपकती हैं।

### डीजल की गड़गड़ाहट नहीं, मेट्रो जैसा सुकून

इस ट्रेन की सबसे चौंकाने वाली बात इसकी शांति है। न तो इंजन का शोर है और न ही डीजल जलने की गंध। बिजली पैदा करने के लिए जब हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का मिलन होता है, तो बाय-प्रोडक्ट के रूप में केवल शुद्ध पानी (HO) और भाप निकलती है। आज के ट्रायल के दौरान ट्रेन की छतों से धुआं नहीं, बल्कि सफेद भाप के बादल निकलते देखे गए, जो भविष्य की 'क्लीन ग्रीन रेलवे' की तस्वीर पेश कर रहे थे।

### क्यों है यह खास?

यह ट्रेन एक बार टैंक भरने पर 140 किमी/घंटा की रफ्तार से लगभग 1000 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। इसे चलाने का खर्च डीजल के मुकाबले भले ही अभी अधिक हो, लेकिन पर्यावरण को होने वाले फायदे अनमोल हैं।

### ट्रायल के साथ ग्लोबल क्लब में भारत की एंट्री

अब तक केवल जर्मनी, चीन, स्वीडन और जापान के पास ही यह तकनीक व्यावसायिक स्तर पर थी। भारत इस 'एलीट क्लब' में शामिल होने वाला पांचवां देश बन गया है। जींद में विशेष रूप से स्थापित 'हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन' अब देश के अन्य हिस्सों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा।

# योगी के सिंगापुर-जापान दौरे में 1.5 लाख करोड़ के एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने चार दिवसीय विदेश यात्रा में उप्र. का भविष्य गढ़ने को हर क्षण का किया उपयोग



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हालिया सिंगापुर और जापान दौरा केवल औपचारिक विदेश यात्रा नहीं, बल्कि निवेश और विकास के स्पष्ट एजेंडे के साथ किया गया अभियान रहा। चार दिवसीय दौरे में मुख्यमंत्री ने उद्यमियों, औद्योगिक समूहों और भारतीय प्रवासियों से लगातार मुलाकात कर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को प्रस्तुत किया। सरकार के अनुसार इस दौरे के दौरान करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये के एमओयू और लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी।

समयांतर की चुनौतियों और लंबी हवाई यात्राओं के बावजूद मुख्यमंत्री योगी का कार्यक्रम लगातार व्यस्त रहा। सिंगापुर पहुंचने के कुछ घंटों के भीतर ही उन्होंने भारतीय राजनयिक अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों से बैठकें शुरू कर दीं। दो दिनों तक औद्योगिक इकाइयों के भ्रमण, निवेशकों से संवाद और रोड शो जैसे कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वह टोक्यो के लिए रवाना हुए। इस दौरान कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं, किसी दर्शनीय स्थल का भ्रमण नहीं, बस मिनट टू मिनट बैठकें, लगातार बैठकों, औद्योगिक दौरों और प्रतिनिधिमंडलों से संवाद के बीच मुख्यमंत्री ने समय का अधिकतम उपयोग किया। अधिकारियों के अनुसार दौरे में औपचारिक कार्यक्रमों की बजाय निवेश-केंद्रित बैठकों पर फोकस रखा गया।

सरकार का दावा है कि इन प्रस्तावित निवेशों से प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और औद्योगिक आधार मजबूत होगा। निवेशकों ने एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, बेहतर कानून-व्यवस्था और सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली को सकारात्मक संकेतक बताया।

### निवेश बढ़ाने का एजेंडा स्पष्ट

जापान में भी उन्होंने प्रमुख औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद बैठकें शुरू हो गईं। वहां भी दो दिन तक निवेश आकर्षित करने पर केंद्रित कार्यक्रम चले। अधिकारियों का कहना है कि हर बैठक का एजेंडा स्पष्ट था और प्राथमिकता उत्तर प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर रही।

### उद्योगों को मिलेगी नई गति

प्रदेश सरकार इस दौरे को उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रही है। यदि प्रस्तावित निवेश धरातल पर उतरते हैं तो पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिल सकती है। सरकार का मानना है कि यह दौरा वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की बदलती छवि और निवेश-अनुकूल वातावरण का संकेत है।

# यूपी में आतंक के लिए कोई जगह नहीं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूट्यूबर पर हमले को लेकर दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

**अमृत विचारः** गाजियाबाद के यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के आदेश देते हुए कहा कि यूपी में आतंक की कोई जगह नहीं है। पुलिस ने एआईएमआईएम के नेता समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। उधर घायल यूट्यूबर की हालत गंभीर बनी हुई है।

यूट्यूबर सलीम पर शुक्रवार की सुबह आधा दर्जन लोगों ने हमला कर दिया था। बताया जाता है कि यूट्यूबर सलीम ने कथित तौर पर मुस्लिम धर्म छोड़ दिया है। इसी की रंजिश में उस पर हमला किया गया। उधर पुलिस ने एआईएमआईएम नेता अजगर, अशरफ, शाहरुख, सोनू तथा भाटी बिल्डर समेत सात के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस विशेष टीमें गठित की गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज एसटीपी को बिल्ड इंडिया अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश के देखरेख और नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) के तकनीकी और वित्तीय सहयोग से संचालित प्रयागराज सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजना को प्रतिष्ठित बिल्ड इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 24 फरवरी को द अशोका होटल में आयोजित समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से प्रदान किया गया। 326 एमएलडी स्थापित क्षमता वाला प्रयागराज एसटीपी 81 नालों के सीवेज का उपचार कर गंगा और यमुना में अशोधित प्रवाह को रोक रहा है। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युइटी आधारित पीपीपी मॉडल पर प्रयागराज वाटर लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) का सहयोग रहा।

### शक्ति भवन के 56 कर्मी बने समीक्षा अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली से पहले शक्ति भवन में शनिवार को खुशी का माहौल देखा गया। विद्युत कारपोरेशन में कार्यरत 56 कर्मचारियों को प्रमोशन करके समीक्षा अधिकारी बना दिया गया है। प्रदेश मुख्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री आशीष तिवारी ने बताया कि शक्ति भवन मुख्यालय में 54 सहायक समीक्षा अधिकारियों की प्रोन्नति समीक्षा अधिकारी के पद पर और दो समीक्षा अधिकरियों की प्रोन्नति अनुभाग अधिकारी के पद पर हुई है। प्रबंधन ने कारपोरेशन मुख्यालय के इतिहास में पहली बार एक साथ इतने कार्मिकों को प्रोन्नति दी है। संघ के अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल एवं प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंप कर धन्यवाद दिया।

### चेयरमैन और विद्युत कर्मचारी नेता 5 मार्च को होंगे आमने-सामने

**अमृत विचार, लखनऊ :** पावर कारपोरेशन के निजीकरण करने के प्रयास और कर्मचारियों को कथित तौर पर दलाल कहने के आरोप में कर्मचारियों का गुस्सा चरम पर है। इस मुद्दे पर 5 मार्च को पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल और राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी आमने-सामने बैठकर कोई रास्ता निकालेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को समिति के पदाधिकारी पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष से वार्ता के लिए शक्ति भवन पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। अब उन्होंने 5 मार्च को बातचीत करने का समय दिया है।

# बसपा विधायक के यहां छापेमारी के बाद आयकर की टीम वापस

## 98 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी का खुलासा होने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जेवर, नकदी और दस्तावेजों की सूची बनाकर कराई रिसीव
- स्ट्रांग रूम में जमा कराए गए सीज दस्तावेज व जेवर-नकदी

**अमृत विचारः** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ समेत अन्य ठिकानों पर चल रहे आयकर के छापे तीन दिन बाद समाप्त हो गए। शुक्रवार की आधी रात के बाद करीब ढाई बजे टीमें चली गईं। दावा है कि करीब 98 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। छापे के दौरान सीज किया जेवर, नकदी और अन्य दस्तावेजों की एक लिस्ट बनाकर विधायक के परिजनों को एक कापी सौंपी और रिसीविंग भी ली गई। उसके बाद आयकर विभाग की टीम ने सभी सीज सामान को विभाग के लाकर में सुरक्षित रख दिया। अब नोटिस देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि बुधवार को बलिया के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित गोमतीनगर के आवास और छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन व साईराम इंटरप्राइजेज आफिस के साथ ही बलिया, कौशांबी और सोनभद्र समेत कई स्थानों पर आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की थी। जांच में पाया कि कंपनियों के नाम पर खनन और निर्माण के ठेकों से करोड़ों की बेनामी संपत्ति एकत्र की गई। आयकर विभाग की टीमों ने कार्रवाई के दौरान बरामद नकदी, जेवर, बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज, खर्चे की पर्चियां, डायरियां और हाथ से लिखे हिसाब-किताब के साथ इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों की एक लिस्ट बनाकर सीज कर दिया गया। अब टीमें बरामद दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाएगी। हालांकि आयकर विभाग की ओर से कार्रवाई का कोई भी अधिकृत ब्यौरा नहीं दिया है। उधर विधायक के एक नजदीकी ने बताया कि आयकर विभाग की कार्रवाई में कुछ खास नहीं मिला है।

### बाधाएं और कठिनाइयां जीवन का हिस्सा : युकेश

आयकर विभाग की कार्रवाई समाप्त होने के बाद बसपा विधायक के बेटे प्रिंस युकेश सिंह ने एक्स पर लगातार दो पोस्ट किए। एक पोस्ट में लिखा कि बाधाएं और कठिनाइयां जीवन का हिस्सा होती हैं। इन्कम टैक्स के अधिकारियों की जांच प्रक्रिया थी, जो अब खत्म हो चुकी है। इस परिस्थिति में जो लोग हमारे परिवार का संबल बने। हमारा हौसला बढ़ाया, उसके लिए हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं। वहीं दूसरे पोस्ट विधायक के बेटे ने महाभारत को दो लाइन लिखीं है। कहा- मेरे रथ की रस्सी कस कर पकड़ना माधव, ये मेरे संघर्षों का आखिरी युद्ध होने वाला है।

### विधायक के करीबियों की बढ़ी बैचेनी

आयकर विभाग की टीम चली गई है और अभी फाइनल असेसमेंट की कार्रवाई होनी है। फिर भी बसपा विधायक के निकट के लोग जो कि खनन और निर्माण कार्य के ठेकों में शामिल रहे, उनके चेहरों पर खासी बैचेनी देखी गई। शुक्रवार को दोपहर में कई लोग विपुल खंड स्थित छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन के आफिस के बाहर देखे गए। उनमें आयकर कार्रवाई के दौरान क्या हुआ, उसे जानने की जिज्ञासा थी।



लखनऊ स्थित केजीएमयू के कन्वेंशन सेंटर में एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू बालिकाओं को लगेगा निःशुल्क टीका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केजीएमयू के सभागार में प्रधानमंत्री के टीकाकरण शुभारंभ कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**अमृत विचार :** देश में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अजमेर (राजस्थान) से कार्यक्रम की शुरुआत की, जबकि उत्तर प्रदेश में राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में किया।

कार्यक्रम के दौरान 15 बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाकर प्रदेश में अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। इस मौके पर राज्य मंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मयंकेश्वर शरण सिंह, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानन्द सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी सभागार में देखा गया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की बढ़ती चिंता को देखते हुए यह ऐतिहासिक पहल की गई है। उन्होंने इसे बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर बताया और कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र बालिका तक यह जीवनरक्षक टीका पहुंचाना है।

अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने कहा कि इस अभियान से भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी आएगी और मातृ-स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होगा। साथ ही स्पष्ट किया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और सरकार की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

### 14-15 वर्ष की बालिकाओं को लगेगा टीका

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले एक वर्ष में प्रदेश की लगभग 24 लाख 39 हजार 210 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और 15 वर्ष से कम हैं। शुरुआती तीन महीनों में टीका जिला अस्पतालों और ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा, बाद में इसे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

# पीजीआई में जल्द शुरू होगा कॉर्निया प्रत्यारोपण, प्रदेश में बढ़ेंगे सरकारी आई बैंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कॉर्निया प्रत्यारोपण सेवाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। संजय गांधी स्नातकोत्तरआयुर्विज्ञान संस्थान (एसजी पीजीआई) के नेत्र रोग विभाग में इसी वर्ष कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू की जाएगी। संस्थान प्रशासन ने इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

चिकित्सा शिक्षा के अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने शनिवार को संस्थान में आयोजित संगोष्ठी में बताया कि अगले दो वर्षों में प्रदेश में सरकारी आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्रों की संख्या 11 से बढ़ाकर 21 की जाएगी। प्रत्यारोपण प्रक्रिया को गति देने के लिए शासन स्तर पर टास्क फोर्स गठित की जाएगी, जिसमें शासन के अधिकारी, स्टेट अंग और टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) व नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**दो चरणों में खुलेंगे 10 नए केंद्र :** सोटो के प्रदेश संयुक्त निदेशक एवं एसजी पीजीआई के एमएस डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि दो वर्षों में दो चरणों में पांच-पांच नए आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में निजी क्षेत्र में लगभग 75 केंद्रों पर आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा संचालित हो रही है। समारोह में अमित घोष ने डॉ. हर्षवर्धन की किताब फ्रॉम होप टू हीलिंगः ए प्रैक्टिकल गाइड टू ट्रांसप्लांट सिस्टम इन इंडिया का विमोचन किया। इस मौके पर पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान, नोटो के निदेशक डॉ. अनिल कुमार, डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. अल्का गुप्ता, डॉ. शेफाली मजूमदार, डॉ. अभिषेक चंद्रा ने अहम जानकारी साझा की।

# रेड सैंड बोआ व पैंगोलिन की खाल के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पकड़े गए अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मिर्जापुर में अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को अदलहाट थाना क्षेत्र स्थित नारायणपुर शनिदेव मंदिर के पास छापेमारी कर टीम ने एक रेड सैंड बोआ सर्प और करीब दो किलोग्राम पैंगोलिन की खाल बरामद की। बरामद खाल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में वाराणसी के उमर फारूक, कोलकाता के अजहरूद्दीन अहमद और मिर्जापुर के राम प्रकाश पाठक शामिल हैं। इनके पास से केमिकल व इंजेक्शन भी बरामद किए गए। एसटीएफ के अनुसार गिरोह पूर्वी उत्तर प्रदेश में सक्रिय था और दुर्लभ वन्य जीवों की तस्करी करता था। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से मिली सूचना पर कार्रवाई की गई।

पूछताछ में सामने आया कि रेड सैंड बोआ और पैंगोलिन की खाल का उपयोग कथित तौर पर शक्तिवर्धक दवाओं व कॉस्मेटिक उत्पादों में किया जाता है। वन विभाग ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# खादी प्रदर्शनी में 54 लाख से अधिक की बिक्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उद्यमियों को सम्मानित करते प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित "लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी" का शनिवार को समापन हो गया। बोर्ड मुख्यालय परिसर में 20 से 28 फरवरी तक चली इस प्रदर्शनी में 46 स्टॉल लगाए गए, जिनमें खादी वस्त्र, हर्बल गुलाल, शहद, पापड़-बड़ी, नमकीन, आंवला उत्पाद, रेशम व सिल्क साड़ियां तथा हस्तशिल्प वस्त्रों की अच्छी बिक्री हुई।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान के निर्देशन में आयोजित प्रदर्शनी में इस वर्ष 54.23 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के 50.17 लाख रुपये से अधिक है। समापन समारोह में प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार ग्रामोदय संस्थान, सीतापुर को, द्वितीय श्रुति शुक्ला (लखनऊ) और तृतीय द्राक्षा फैशन (लखनऊ) को प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। होली के अवसर पर बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे, जिससे कारीगरों और उद्यमियों को बड़ा मंच मिला।

# होली पर अवैध शराब पर कड़ी नजर रखने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने होली पर्व के मद्देनजर प्रदेश में कानून-व्यवस्था और आबकारी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में अवैध या जहरीली शराब के सेवन से कोई दुर्घटना नहीं होनी चाहिए।

मुख्य सचिव ने शनिवार को संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरतने, अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने और अवैध शराब के उत्पादन व बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों, ढाबों और अन्य संभावित स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाए तथा अधिक दर पर बिक्री की शिकायत न मिले। भांग की अधिकृत दुकानों पर गांजा बिक्री रोकने के भी निर्देश दिए गए।

एसपी गोयल ने अधिकारियों से कहा कि त्योहार के दौरान दुकानों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद न रखा जाए, क्योंकि इससे अवैध बिक्री को बढ़ावा मिल सकता है। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ही बंदी का निर्णय लिया जाए, ताकि व्यवस्था संतुलित बनी रहे।

**अभियान** मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिला दिवस 8 मार्च की समय-सीमा तय : मुख्य सचिव

# स्कूलों में शौचालय होंगे पूरी तरह क्रियाशील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्य सचिव एसपी गोयल।

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से पहले राज्य सरकार ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर सहित 42 जिलों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूरी तरह क्रियाशील बनाने की समय-सीमा तय कर दी गई है।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने शनिवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि 8 मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित सफाई, स्वच्छता, जल उपलब्धता, आवश्यकतानुसार बिजली व्यवस्था और सुरक्षित दरवाजों की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए।

सरकार का विशेष जोर छात्राओं के लिए पृथक एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा मिलने से छात्राओं की उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। मासिक धर्म के दौरान छात्राओं को होने वाली असुविधा भी कम होगी। साथ ही स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### स्वच्छ शौचालयों की तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

शौचालयों की निगरानी के लिए 'प्रेरणा पोर्टल' पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी, जिससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग हो सके। जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं।

# महिलाओं को प्रशिक्षण देकर लघु उद्योगों को दें बढ़ावा

## राज्यपाल ने इंडिया इंटरनेशनल एग्रो ट्रेड फेयर में किसानों को किया सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




उत्कृष्ट कार्य के लिए किसान को सम्मानित करतीं राज्यपाल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण महिलाएं उद्यमिता एवं स्वयं सहायता समूह कृषि विकास की महत्वपूर्ण धुरी बनते जा रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत कृषि बजट, उर्वरक सब्सिडी, कृषि अनुसंधान जैसे प्रावधान कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। एग्रोटेक प्रदेश की कृषि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में पुल का कार्य करेगा।

राज्यपाल शनिवार को गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल एग्रो ट्रेड फेयर-ग्लोबल एग्रोटेक-2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि कृषि के नवयुग की प्रस्तावना है। इण्डियन चैम्बर ऑफ फूड एण्ड एग्रीकल्चर के साथ ही राज्य सरकार एवं सभी सहयोगी संस्थानों की इस दूरदर्शी पहल के लिए बहुत साधुवाद है।

उन्होंने कहा कि एग्रोटेक तकनीक एवं परंपरा, अनुसंधान एवं अनुभव तथा नीति एवं प्रकृति के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। बीज से बाजार तक और किसान से उपभोक्ता तक कृषि को समग्र मूल्य श्रृंखला के रूप में देखने का यह एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया।

14 वर्ष की आयु की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण की राष्ट्रीय पहल का शुभारंभ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से किया गया है। उसका प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने देखा।




## न्यूज ब्रीफ

### समाधान दिवस में आईं सात शिकायतें

बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार। कोतवाली बीकापुर में शनिवार को समाधान दिवस में सात शिकायतें आईं। जिनमें एक भी शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका। एसडीएम श्रेया और सीओ पीयूष पाल ने शिकायतों की जांच के लिए राजस्व व पुलिस की टीम गठित की। इस मौके एसएसआई विजय प्रताप तिवारी, अनंत प्रताप सिंह समेत राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### चार को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

अयोध्या, अमृत विचार : जिला मजिस्ट्रेट/लाईसेंस प्राधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने होली त्यौहार के मद्देनजर चार मार्च को शराब के साथ अन्य मादक पदर्थों की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। कहा कि कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा के साथ लोकशान्ति बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में थोक व फुटकर दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया है।

### युवक ने लगाई न्याय की गुहार

सोहावल, अमृत विचार : कारोबार का झांसा देकर युवक को सऊदी अरब भेज दिया गया। वहां काम के बदले उत्पीड़न और पिटाई की गई। पीड़ित दलित युवक पुलिस चौकी सती चौरा क्षेत्र के सहजौरा गांव निवासी अमित कुमार किसी तरह अपनी जान बचाकर किसी तरह घर वापस लौट पाया। वीजा पासपोर्ट के नाम पर लिए गए 1.65 लाख रुपये की वापसी के लिए पीड़ित युवक ने उप जिलाधिकारी सोहावल से न्याय की गुहार की है। रौनाही प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि क्षेत्र के चौकी प्रभारी मामले की विवेचना कर रहे हैं। आरोप सही पाया गया तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक की चपेट में आकर युवक गंभीर, रेफर

शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार : रूदौली क्षेत्र के शुजागंज बाजार के समीप मानपुर मोड़ पर शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से चंद्र कुमार(40) पुत्र रामफेर गंभीर रूप से घायल हो गया। चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि घायल युवक को सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे लखनऊ ले गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### थाना समाधान दिवस में फरियादियों का टोटा

सोहावल, अमृत विचार : रौनाही थाना में शनिवार कोआयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर न सिर्फ अधिकारी नदारद रहे। बल्कि शिकायतकर्ताओं का भी टोटा बना रहा। पूरे समय रौनाही प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज अकेले बैठे रहे। मात्र तीन शिकायत आने की पुष्टि की गई। जिसे संबंधित विभागीय अधिकारियों के हवाले कर दिया गया। मौजूद लोगों में दो राजस्व निरीक्षक, दो लेखपाल शामिल रहे।

### 2200 लोगों का हुआ सफल ऑपरेशन

अयोध्या। अयोध्या स्थित दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय में सामाजिक संगठनों के आर्थिक सहयोग से नि:शुल्क नेत्रालय चिकित्सा शिविर के समापन हुआ। जिसमें 2200 लोगों(1290 महिला और 910 पुरुष) का सफल नेत्र ऑपरेशन किया गया। इस दौरान शिविर में लगभग 6359 ग्रामीण अंचल के मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त 4157 मरीजों को नि:शुल्क चश्मा एवं औषधियां प्रदान की गईं। शिविर समापन अवसर पर कमल नयन शास्त्री जी ने प्रणव देसाई एवं वोसाप की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मरीजों ने सेवा स्वीकार कर इस अभियान को सफल बनाया है।


# पूर्व सीएमओ-सीएमएसडी इंचार्ज की मिलीभगत से तीन करोड़ का वारा-न्यारा!

## बलरामपुर विधायक का पत्र सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप | बिना भौतिक सत्यापन कराए ही दवा व उपकरण खरीद का भुगतान कराने का लगा आरोप


अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** शासन से चल रही जांच के बीच पूर्व सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान का एक और बड़े मामले में नाम उछला है। स्थानांतरण के अंतिम दिन लगभग तीन करोड़ रुपये के भुगतान कराने का आरोप लगा है। यह भुगतान बिना भौतिक रिकॉर्ड के ही लेखा अनुभाग की मिलीभगत से करा लिया गया। भ्रष्टाचार से जुड़े इस मामले का सूत्रधार सीएमएसडी स्टोर का इंचार्ज चीफ फार्मासिस्ट संतराम बताया जा रहा है। मामले में पूर्व राज्य मंत्री व बलरामपुर सदर के विधायक पल्टू राम ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। शिकायती पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले में सिद्धार्थनगर के केंद्रीय लोक आयोग जांच संस्थान के स्टेट चेयरमैन जर्नादन पाठक ने भी जांच की मांग की है।

विधायक पल्टू राम नेआरोप लगाया कि पूर्व सीएमओ डॉ. सुशील कुमार द्वारा अपने अल्प सेवाकाल के दौरान सीएमएसडी स्टोर इंचार्ज संतराम के साथ मिलीभगत कर दवाओं, उपकरणों एवं अन्य सामग्रियों की बड़े स्तर पर आपूर्ति कराई गई। संबंधित स्टोर इंचार्ज 28 फरवरी को ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। स्थानांतरण के अंतिम दिन लगभग तीन करोड़ के भुगतान दोनों की मिलीभगत से लेखा अनुभाग के सहयोग से, बिना भौतिक अभिलेख पूर्ण किए, कोषागार एवं अन्य माध्यमों से कराए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। समस्त खरीद एवं भुगतान की गहन एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि अनियमितता पाई जाए तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने यह दोनों पत्र सीडीओ को मार्क किया है।


CENTRAL PUBLIC GRIEVANCES INQUIRY COMMISSION INSTITUTE
केन्द्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान
जर्नादन पाठक

जर्नादन पाठक का शिकायती पत्र।


पल्टूराम

विधायक पल्टू राम का शिकायती पत्र।

### रिटायर्ड हुए संतराम, रोका जाए सेवानिवृत्ति देयकों का भुगतान

चीफ फार्मासिस्ट संतराम की सेवानिवृत्ति तिथि शनिवार को ही थी। इसके दो-तीन दिन पहले ही मामले की शिकायत विधायक व स्टेट चेयरमैन ने की थी। जर्नादन पाठक ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र दे आरोप लगाया है कि पूर्व डॉ. बानियान के कार्यकाल के दौरान सीएमएसडी स्टोर इंचार्ज संतराम वर्मा की मिलीभगत से दवाओं, उपकरणों व अन्य की आपूर्ति बड़ी मात्रा में कराई गई है। इसलिए जब तक पूर्व सीएमओ की जांच पूर्ण न हो तब तक सीएमएसडी स्टोर इंचार्ज के सेवानिवृत्त देयकों का भुगतान न किया जाए। सीएमएसडी स्टोर की गहन जांच कराई जाए।

> अभी मुझे किसी तरह का शिकायती पत्र नहीं मिला है। पत्र जिलाधिकारी के पास गया है। इसलिए डाक से पत्र प्राप्त होगा। -डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया, सीएमओ

> दोनों शिकायती पत्र मिले हैं। मामले की जांच के लिए समिति का गठन किया जा रहा है। इसका पूरा परीक्षण कराया जाएगा। -कृष्ण कुमार सिंह, सीडीओ

### सेवानिवृत्ति से पहले ही खास की करा दी तैनाती

सीएमएसडी स्टोर से तीन करोड़ रुपये के वारे न्यारे की पोल खुलने से बचने के लिए एक बड़ा मास्टर प्लान खेला गया। सूत्रों की मानें तो चीफ फार्मासिस्ट संतराम ने अपने बेहद करीबी सीएचसी गोसाईगंज के मयाबाजार में तैनात रहे रामबोध को स्टोर में तैनात करने का आदेश पूर्व सीएमओ से 9 जनवरी 2026 को ही करा लिया गया था। डॉ. बानियान ने पत्र जारी करते हुए निर्देशित किया था कि संतराम 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। रामबोध स्टोर का समस्त चार्ज प्राप्त कर लें। सूत्रों की मानें तो भारी अनियमितता को छिपाने के लिए रामबोध को स्टोर में तैनात कराया गया। रामबोध जिले के सबसे जूनियर फार्मासिस्ट बताए जाते हैं और स्टोर के इंचार्ज का पद सीनियर फार्मासिस्ट को ही मिलना चाहिए था।

### पूर्व सीएमओ पर रुदौली विधायक ने भी लगाए थे आरोप

पूर्व सीएमओ डॉ. सुशील कुमार पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने भी तमाम आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की थी।जांच के बीच ही उनका यहां से स्थानांतरण किया गया। उन पर आरोप था कि अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण के नाम पर 2 से 5 लाख रुपये तक की अवैध वसूली की गई। बिना ठोस शिकायत के निजी अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सील कर, बाद में 5 से 10 लाख रुपये लेकर राहत दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों को हटाकर कनिष्ठ अधिकारियों को प्रभारी बनाया। आशा विवाद भी प्रमुख आरोपों में से एक था।

# मेडिकल कॉलेज में जांचें प्रभावित होने पर जवाब तलब

अमृत विचार IMPACT

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में थायराइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचों के प्रभावित होने के मामले की ''अमृत विचार'' में खबर प्रकाशित होने के बाद कॉलेज के सीएमएस ने तीनों विभागाध्यक्षों से तीन दिन में जवाब तलब किया है।

मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को थायराइड, एचबीएवनसी, इलेक्ट्रोलाइट की जांच नहीं हो रही थी। मरीजों को वापस भेज दिया जा रहा था। यही नहीं सीबीसी (कंप्लीट ब्लड काउंट) के लिए पहुंचे मरीजों को वायल खत्म होने की बात कहकर भेज दिया जा रहा था। थायराइड, एचबीएवनसी, इलेक्ट्रोलाइट जैसी जांचें बाहर महंगी होती है। ये जांचें 200 से 700 के बीच में होती हैं। मरीजों को निजी लैब पर कराने में जेबें ढीली करनी पड़ती थी। इस संबंध में 'अमृत विचार' ने शुक्रवार के अंक में 'मेडिकल कॉलेज में जांचें प्रभावित, वायल खत्म, लौटाए मरीज' शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया था। सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह ने पैथोलॉजी, माइक्रोलॉजी व बायोकेमेस्ट्री विभागाध्यक्ष से तीन दिन के भीतर आख्या मांगी है।


मेडिकल कॉलेज में जांचें प्रभावित, वायल खत्म, लौटाए मरीज

27 फरवरी को प्रकाशित समाचार की पीडीएफ।

- तीन विभागाध्यक्षों से मांगा स्पष्टीकरण

# रामपथ से हटाया अतिक्रमण



- 13 वाहनों का चालान

सिविल लाइन में सड़क किनारे वाहन को उठाकर ले जाती यातायात पुलिस, मौजूद एसपी यातायात एपी सिंह।

अयोध्या। **अमृत विचार :** यातायात पुलिस ने शनिवार को सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित रामपथ को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। छह चार पहिया वाहनों को क्रेन की मदद से उठाकर पुलिस लाइन भेजा गया। एसपी यातायात एपी सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में जिन वाहन चालकों को मौके पर पाया गया, उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल वाहन हटाने के निर्देश दिए गए। यातायात पुलिस ने सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों को हटवाकर मार्ग को खाली कराया। एसपी यातायात ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्ग रामपथ को जाम मुक्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। बताया कि 13 वाहनों का चालान किया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने दोपहिया और चार पहिया वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एयरपोर्ट पर सफल एयर कैलिब्रेशन

**अयोध्या, अमृत विचार:** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्थापित लैंडिंग एवं नेविगेशनल सुविधाओं का निर्धारित अर्धवार्षिक एयर कैलिब्रेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह कैलिब्रेशन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विशेष विमान वीटी-सीएनएस द्वारा किया गया। इस प्रक्रिया के तहत आईएलएस व पीएपीआई सहित प्रमुख नेविगेशनल सहायक उपकरणों की सटीकता, एलाइनमेंट एवं कार्यक्षमता की विस्तृत जांच की गई। एयर कैलिब्रेशन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि खराब मौसम अथवा कम दृश्यता की परिस्थितियों में भी विमान सुरक्षित एवं सटीक रूप से लैंड कर सकें। यह एयर कैलिब्रेशन अयोध्या एयरपोर्ट के सीएनएस प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में संपन्न किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया एयरपोर्ट अथॉरिटी के विशेषज्ञ अधिकारियों एवं तकनीकी टीम की उपस्थिति एवं निगरानी में अंतरराष्ट्रीय विमानन मानकों के अनुरूप पूर्ण की गई। सभी उपकरण निर्धारित मानकों पर सफलतापूर्वक खरे पाए गए। विमानपत्तन निदेशक धीरेंद्र सिंह ने इस सफल एयर कैलिब्रेशन से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

# स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को बोलेरो ने मारी टक्कर, आठ घायल

पूरा बाजार, अयोध्या।

- पांच बच्चों का सिटी स्कैन कराने के लिए भेजा मेडिकल कॉलेज, वाहन समेत चालक हिरासत में

**अमृत विचार :** थाना महाराजगंज अंतर्गत अयोध्या-अंबेडकरनगर मार्ग पर राजेपुर गांव के पास शनिवार सुबह करीब 8:45 बजे स्कूली बच्चे से भरे शेयरिंग ऑटो को बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार आठ बच्चे घायल हो गए। सभी राजेपुर गांव के रहने वाले हैं, जो पूरा बाजार स्थित एक विद्यालय में पढ़ने जा रहे थे। पुलिस ने वाहन समेत चालक को हिरासत में ले लिया है। सभी बच्चों की हाल सामान्य बताई जा रही है।

थाना महाराजगंज अंतर्गत राजेपुर गांव के आठ बच्चे रोज की तरह शेयरिंग ऑटो से पूरा बाजार स्थित साधना विद्यालय जा रहे थे। गांव से कुछ ही दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाबा ढाबा के पास पीछे से आ रही एक तेज बोलेरो ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट गया। बच्चों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े व ऑटो को सीधा कर उसमें दबे आठ बच्चों को बाहर निकाला। घायलों में मानवी (9) पुत्री बजरंगी, सृष्टि (9), सुमित (9) पुत्री विकास गोड़, प्रियांशी यादव (9) पुत्री प्रदीप यादव, आयुषी यादव (8) पुत्री अनिल यादव, खुशबू (7) पुत्री रमेश यादव, साहिल (9) पुत्र केशव राम व जानवी (9) पुत्री बजरंगी सभी निवासी राजेपुर थाना महराजगंज शामिल हैं। पुलिस ने सभी को सीएचसी पूरा बाजार पहुंचाया।जहां से पांच बच्चों के सिर में चोट लगने के कारण उनका सिटी स्कैन कराने के लिए मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि सभी बच्चों की जांच रिपोर्ट सामान्य आई है। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि दुर्घटना करने वाले बोलेरो चालक सचिन वर्मा निवासी दरियाबाद जिला बाराबंकी को हिरासत में लिया गया है। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अयोध्या। थाना महराजगंज अंतर्गत दिलासीगंज-मड़ना मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दलपतपुर थाना महाराजगंज निवासी अभय सिंह (22) पुत्र घनश्याम सिंह की मौत हो गई। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि हेलमेट न लगाने के कारण उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल अभय को स्थानीय लोगों ने सीएचसी मया बाजार पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार के प्रति डाली आपत्तिजनक पोस्ट, शिकायत

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या धाम के करतालिया आश्रम के महंत बालयोगी रामदास ने सोशल मीडिया पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के परिवार के सदस्यों के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कोतवाली अयोध्या पुलिस को शिकायती पत्र भी दिया है। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को उनके फेसबुक पर एक पोस्ट दिखाई दी जिसमें संजय जिद्दी नामक आईडी से आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होती दिखाई दी। जो पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार से जुड़ी थी। उन्होंने इसे न केवल व्यक्तिगत मर्यादा पर आघात बताया, बल्कि सामाजिक मूल्यों और सार्वजनिक शालीनता के विरुद्ध कृत्य करार दिया। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# नीला बत्ती लगी कार सवारों ने ट्रक चालक को लात-घूंसों से पीटा

अयोध्या कार्यालय।

- थाना कैंट अंतर्गत मुमताजनगर ओवरब्रिज की घटना, गाड़ी नंबर के आधार पर केस दर्ज

**अमृत विचार :** थाना कैंट अंतर्गत लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुमताजनगर ओवरब्रिज पर शनिवार सुबह ओवरटेक के विवाद में नीली बत्ती लगी कार सवारों लोगों ने एक ट्रक चालक को लात-घूंसों व बेल्ट से पीटा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। ''अमृत विचार'' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मामले में पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर केस दर्ज किया है।

पीड़ित ट्रक चालक आकाश कुशवाहा निवासी जनपद एटा ने बताया कि लखनऊ नंबर की काली रंग की कार, जिस पर नीली बत्ती लगी हुई थी के वाहन चालक काफी देर से उन्हें ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे। जगह न मिलने के कारण वह साइड नहीं दे पा रहे थे। मुमताजनगर ओवरब्रिज के पास जब ओवरटेक करने का मौका मिला तो उक्त चालक ने अपना वाहन आगे लगाकर उनके ट्रक को रोक लिया व उन्हें व उनके खलासी को नीचे उतारकर लात-घूंसों व बेल्ट से पीटना शुरू कर दिया। किसी तरह वह उनसे बचकर कैंट थाने पहुंचे। थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों घायलों को चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। चालक की तहरीर पर कार नंबर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।



फीता काटकर नवीनीकृत अभिलेखागार कक्ष का शुभारंभ करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

### डीएम ने किया कोषागार में पुनर्निमित अभिलेखागार का लोकार्पण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कोषागार निरीक्षण किया। रिनोवेट अभिलेखागार का लोकार्पण भी किया। डबल लॉक व सिंगल लॉक का निरीक्षण किया। रखे गए स्टाम्प व बहुमूल्य वस्तुओं के रखरखाव की जानकारी ली। डीएम ने कोषागार के प्रत्येक पटल पर जाकर कर्मचारियों से किए जा रहे कार्यों जैसे कि बिल पारण, पीएए एकाउंट्स, पुरानी पेंशन व नई पेंशन के भुगतान प्रणाली की समीक्षा की। ऑफ लाइन व ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र के क्रियान्यवन व उनके रखरखाव के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिष्ठान अनुभाग के प्रत्येक पत्रावलियों का भी निरीक्षण किया। आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कोषागार प्रांगण में मौल श्री के पौधे के रोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक सन्देश भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह, प्रभारी सहायक कोषाधिकारी कृष्णकांत चौबे, नंदलाल गौतम, दुर्गेश बिहारी दुबे, प्रशांत कुमार वर्मा, आशीष पाण्डेय,दिलीप तिवारी आदि थे।

### सीमेंट लदे ट्रक में लगी आग, केबिन जला

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : इनायतनगर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर-खजुरहट संपर्क मार्ग पर स्थित रनापुर के पास शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे सीमेंट लदे एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह जल गया। गोंडा जनपद के नवाबगंज निवासी संजय सिंह का ट्रक हमीरपुर से सीमेंट लोड कर नबाबगंज वापस लौट रहा था। ट्रक चालक राजदीप यादव ने बताया किरनापुर पंचायत भवन के पास पहुंचते ही ट्रक के अगले हिस्से की केबिन से धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही देर में लपटों ने विकराल रूप ले लिया। यह देख पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। उपनिरीक्षक अमर बहादुर पटेल व कमलेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। इसके चलते करीब दो घंटे तक मार्ग पर यातायात बाधित रहा। उप निरीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# मंडल में मानव संपदा पोर्टल पर 42 शिक्षकों की दो जगह आईडी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मानव संपदा पोर्टल पर अयोध्या मंडल के करीब 42 शिक्षकों की आईडी दो - दो स्थानों पर सक्रिय होने के सनसनीखेज खुलासे के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हलचल है। इन शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर जहां सवाल खड़े हो गए हैं, वहीं बड़े फर्जीवाड़े का भी संदेह हो गया है। गंभीर बात यह है कि यह गड़बड़ी जिलों के बजाए बेसिक शिक्षा निदेशालय से की जा रही निगरानी में सामने आई है। बताया जा रहा है कि दोनों जगहों पर इन शिक्षकों के नाम, पिता के नाम और जन्मतिथि एक है। इनमें 30 शिक्षक सुल्तानपुर, आठ अम्बेडकरनगर और चार बाराबंकी जिले में तैनात हैं। निदेशालय से इस बारे में जवाब मांगे जाने पर सहायक शिक्षा निदेशक ने सभी शिक्षकों का वेतन रोक दिया है।

> अयोध्या मंडल में 42 शिक्षकों की मानव संपदा पोर्टल पर दो-दो आईडी है। उनके नाम, जन्मतिथि और पिता के नाम एक हैं। सभी शिक्षकों को छह मार्च को नियुक्ति के समय दिए गए मूल अभिलेखों के साथ कार्यालय में बुलाया गया है। -कौस्तुभ सिंह, एडी बेसिक।

बेसिक शिक्षा विभाग के निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक और संबंधित जिलों के बीएसए को पत्र भेजकर 28 फरवरी तक कार्रवाई से अवगत कराने के लिए कहा था। मामले का निस्तारण नहीं होने पर उन्होंने अब दूसरी बार पत्र भेजा। इस आदेश के क्रम में मंडल के तीनों जिलों के बीएसए को एडी बेसिक ने पत्र जारी किया है । उन्होंने छह मार्च को सभी शिक्षकों को नियुक्ति के समय दिए गए मूल अभिलेखों के साथ अपने कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।



# अयोध्या के एथलीटों ने झटके तीन स्वर्ण पदक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल, डाभासेमर में आयोजित प्रथम उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय इंडोर एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन शनिवार को मेजबान अयोध्या के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता से युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर चयन का मौका प्रदान किया।

समापन समारोह में उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव संदीप कुमार सिंह मुख्य अतिथि और जिला एथलेटिक्स संघ अयोध्या के सचिव परमेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कार दिया। आयोजन सचिव अन्नू कुमार, रोहिताश त्रिपाठी, सनी यादव, अर्पित सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



400मी दौड़ में विजेता अयोध्या की पलक तिवारी स्वर्ण पदक प्राप्त करती हुईं।

## प्रथम राज्य स्तरीय इंडोर एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का शानदार समापन

### अयोध्या की बेटियों ने किया कमाल

- पलक तिवारी ने अंडर-20 बालिका वर्ग में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।
- कोमल यादव ने अंडर-18 बालिका वर्ग में 400 मीटर में स्वर्ण हासिल किया।
- प्रीति यादव ने अंडर-20 बालिका वर्ग में 3000 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता।
- पुरुष वर्ग में अभिजीत सिंह ने ट्रिपल जंप में रजत पदक जीतकर अयोध्या का परचम लहराया।

### प्रतियोगिता के अंतिम दिन के प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे

**■ 20 वर्ष बालक 3000 मीटर–**
प्रथम : विद्या सागर (मऊ)
द्वितीय : कुलदीप कुमार (फतेहपुर)
तृतीय : सुनील कुमार (मथुरा)

**■ बालिका वर्ग**
प्रथम : प्रीति यादव (अयोध्या)
द्वितीय : संध्या यादव (वाराणसी)
तृतीय : काजल (देवरिया)

**■ पुरुष वर्ग 1500 मीटर–**
प्रथम : आरिफ अली (बागपत)
द्वितीय : अंकित यादव (मऊ)
तृतीय : तनुज (बुलंदशहर)

**■ महिला वर्ग 800 मीटर (20 वर्ष बालिका)–**
प्रथम : रूबी देवी (लखनऊ)

**■ 800 मीटर 20 वर्ष बालक–**
प्रथम : अमनप्रीत कौर (बरेली)
द्वितीय : दीपू कश्यप (बरेली)
तृतीय : नेहा (अयोध्या)

**■ 800 मीटर बालक वर्ग–**
प्रथम : सूर्यकांत (सहारनपुर)
द्वितीय : भूपेंद्र राव (बरेली)


**■ पुरुष वर्ग 60 मीटर हर्डल–**
प्रथम : सचिन कुमार (उत्तर प्रदेश पुलिस)
द्वितीय : नरेश यादव (उत्तर प्रदेश पुलिस)
तृतीय : एरिन सिंह (इटावा)

**■ महिला 60 मीटर हर्डल–**
प्रथम : ऋतिका सिंह (उत्तर प्रदेश पुलिस)
द्वितीय : शिवा (उत्तर प्रदेश पुलिस)

**■ 18 वर्ष बालक 400 मीटर–**
प्रथम : अतुल कुमार (आगरा)
द्वितीय : अनुज कुमार (हाथरस)
तृतीय : स्वप्निल (जौनपुर)

**■ 20 वर्ष बालिका 400 मीटर–**
प्रथम : पलक तिवारी (अयोध्या)
द्वितीय : सानिया (मुजफ्फरनगर)
तृतीय : तनप्रीत जौहर (लखनऊ)

**■ ट्रिपल जंप पुरुष वर्ग–**
प्रथम : सचिन ठाकुर (मथुरा)
द्वितीय : अभिजीत सिंह (अयोध्या)



सर्किट हाउस में प्रतीकात्मक सिलेंडर के साथ महिलाएं व साथ में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व अन्य।

## उज्ज्वला लाभार्थियों को रिफिल सब्सिडी का दिया चेक

**अयोध्या कार्यालय।** होली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत शनिवार को यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन का सर्किट हाउस में सजीव प्रसारण किया गया। इस मौके पर सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक राम चन्द्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी व जिला प्रशासन ने बड़ी संख्या में उपस्थित उज्ज्वला लाभार्थियों के साथ कार्यक्रम को देखा। सब्सिडी वितरण का लाभ जनपद के 2 लाख 27 हजार उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलेगा। इस दौरान जनपद में 10 लाभार्थियों को 562.50 रुपये की रिफिल सब्सिडी का सांकेतिक चेक व 10 लाभार्थी को सांकेतिक सिलेंडर प्रदान किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सरकार की इस पहल को महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडे, जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा, नोडल उज्ज्वला एनसी प्रवीण व जनपद के लाभार्थी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



पीवीएस इंटर कॉलेज में सम्मानित किए गए शिक्षक।

## शिक्षकों को किया सम्मानित

**पूराबाजार, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा पहली बार पीवीएस इंटर कॉलेज कादीपुर को परीक्षा केंद्र बनने पर परीक्षा कराने में लगे शिक्षकों को शनिवार को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक और उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के जिला महासचिव सुरेंद्र उपाध्याय ने विजय शंकर दुबे, राजेश पांडे, मनोज पांडे, अच्छे लाल शर्मा, राहुल द्विवेदी, अशोक कुमार वर्मा, मंजू देवी, नीतू तिवारी, राम तिलक, अनुपम वर्मा, धनंजय गोस्वामी, जेठू राम, पूर्णिमा वर्मा, रोशनी गुप्ता, जयप्रकाश तिवारी, सत्य प्रकाश पांडे, अंकित यादव, संदीप कुमार राय आदि को प्रशस्तिपत्र और श्री राम पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में कार्यालय प्रमुख संतोष मिश्रा, प्रधानाचार्य अनुपम सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया अभ्यास

**अयोध्या।** रिजर्व पुलिस लाइंस में शनिवार को दंगा नियंत्रण ड्रिल का प्रशिक्षण एवं अभ्यास का आयोजन किया गया। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देशन में हुए दंगा नियंत्रण ड्रिल में पुलिस कर्मियों को बलवा होने पर उसे कंट्रोल करने और उस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का भी परीक्षण किया गया। इसमें एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी समेत अन्य पुलिस के अधिकारियों व जवानों ने भाग लिया।

## सेवानिवृत्ति पुलिसकर्मियों को दी विदाई

**अयोध्या।** सेवानिवृत्ति हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को शनिवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने स्मृति चिन्ह व उपहार देकर विदाई दी। उन्होंने उनके द्वारा पुलिस विभाग में दिए गए योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ, सुखमय जीवन तथा दीर्घायु होने की कामना की गई। सेवानिवृत्ति होने वालों में उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र पाठक, कोलेश्वर यादव व सेवाराम, मुख्य आरक्षी चालक यमुना प्रसाद शामिल हैं।

## बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने गांव में लगाई चौपाल

**अयोध्या, अमृत विचार:** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को तहसील रुदौली के खैरी गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। कृषकों से उठाई गई समस्याओं को सुना। मौके पर लगभग 10 समस्याओं का निस्तारण किया गया। वरासत से सम्बन्धित दो प्रकरणों का स्थल पर ही निराकरण करा दिया गया। सहायक चकबन्दी अधिकारी को निर्देश दिया कि विशेष रूचि लेते हुए यह सत्यापन करा लें कि ग्राम में वरासत से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण अवशेष न रहें। वर्तमान में सहायक चकबन्दी अधिकारी से चक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके बारे में किसानों को अवगत कराया गया। सहायक चकबन्दी अधिकारी को चक निर्माण का काम 10 दिन में करने के लिए कहा गया। बताया गया कि गेहूं की फसल कटने के बाद ग्राम में कब्जा परिवर्तन की कार्रवाई कराई जाएगी। इस ग्राम में पहली बार चकबन्दी प्रकिया प्रचलित है। चौपाल में लेखपाल, कानूनगो, सहायक चकबन्दी अधिकारी ग्राम प्रधान के साथ बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मॉडल प्रदर्शनी दिखाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## जल सेंसर परियोजना मॉडल बना आकर्षण का केंद्र

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर क्षेत्र के चमनगंज टोल प्लाजा के निकट स्थित एसडीएस राज पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुखराज यादव ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य स्वामी नाथ यादव के अनुसार विभिन्न कक्षाओं में से एक-एक सर्वश्रेष्ठ मॉडल का चयन किया गया। जूनियर स्तर पर 'जल सेंसर परियोजना' को सर्वश्रेष्ठ मॉडल चुना गया। छात्र नमन यादव, अंकिता और अंशिका ने इस मॉडल के माध्यम से बताया कि सेंसर तकनीक के उपयोग से हैंडवॉश के दौरान पानी के दुरुपयोग को रोका जा सकता है। प्राथमिक स्तर पर छात्रा स्नेहा, नीलू, राधिका और अनामिका द्वारा निर्मित विटामिन्स और उनसे जुड़ी बीमारियों के मॉडल को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। इस मॉडल में अच्छे स्वास्थ्य के लिए विटामिन्स के महत्व को रेखांकित किया गया।

## विज्ञान तर्क नहीं अनुशासन भी : प्रो. शैलेन्द्र

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय नवीन परिसर में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान अनुसंधान और नवाचार को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्रो. शैलेंद्र कुमार ने कहा कि विज्ञान केवल तर्क का ही बल्कि संयम और लगन का भी अनुशासन है। ऐसा भारत के श्रेष्ठ वैज्ञानिक नोबल पुरस्कार (1930) से अलंकृत सीवी रमन का विचार था। मुख्य अतिथि छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी, कानपुर के एसोसिएट प्रो. अजय यादव ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही समाज को प्रगतिशील बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध, नवाचार और नैतिक मूल्यों के साथ फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया।विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण एवं वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का परिचय दिया। डॉ. विमल कुमार, डॉ. अजय शुक्ला, डॉ. दीपा यादव, ज्योति वैष, ओम प्रकाश यादव, पूनम सिंह आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड बैठक में 78 करोड़ से अधिक का बजट पास

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**जलालपुर नगर पालिका**

- **बजट में जलालपुर-बसखारी मार्ग पर पुलिस बूथ, बालाघाट क्षेत्र में विद्युत शवगृह के निर्माण का प्रस्ताव रहा प्रमुख**
- **बोर्ड बैठक में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी बनीं सहमति**

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद जलालपुर के सभाकक्ष में शनिवार को बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष खुर्शीद जहां ने की, जबकि संचालन अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार द्वारा किया गया। बैठक में नगर के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक के दौरान नगर पालिका का कुल 78 करोड़ 1 लाख 55 हजार 834 रुपए का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। इसके साथ ही वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 64 करोड़ 92 हजार रुपए के अनुमानित आय-व्यय का लेखा-जोखा भी सदन के समक्ष रखा गया। बजट का विस्तृत विवरण वरिष्ठ लिपिक राम प्रकाश पांडे द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में नगर के विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया गया। जिसमे जलालपुर-बसखारी मार्ग पर पुलिस बूथ, बालाघाट क्षेत्र में विद्युत शवगृह के निर्माण का प्रस्ताव प्रमुख रहा। इसके अलावा नगर क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी सहमति बनी। साथ ही जलालपुर-बसखारी मार्ग पर सडक़ किनारे लगने वाली मछली मंडी को नगर के किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए सर्वे कराने का भी निर्णय लिया गया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रह सके और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**विकास कार्यों को प्राथमिकता से किया जाएगा पूरा :** बैठक के दौरान नगर पालिका के विभिन्न विकास कार्यों को गति देने तथा नगर की साफ-सफाई, सडक़, बिजली और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष खुर्शीद जहां ने कहा कि नगर के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पालिका लगातार प्रयासरत है और पारित बजट के माध्यम से विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक राम प्रकाश पांडे के साथ बेचन पांडे, सुनीता, माया, सीमा, शीतल सोनी, अब्दुल रब, आशीष सोनी, अनुज सोनकर, अजीत कुमार, लालचंद सहित नगर पालिका के तमाम सभासद और कर्मचारी मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण मनाएं होली का त्योहार : पुलिस अधीक्षक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अभिजित आर शंकर
पुलिस अधीक्षक

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने जनपदवासियों से अपील किया कि सभी लोग होली के पर्व को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

उन्होंने बताया कि आगामी होली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए जनपद में व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। जनपद में कुल 1940 होलिका दहन स्थलों पर पुलिस ड्यूटी पूर्व से ही निर्धारित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त होली पर निकलने वाले 21 जुलूसों में बॉक्सवार ड्यूटी लगाते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। एसपी ने बताया कि जनपद को सुरक्षा की दृष्टि से 05 जोन, 18 सेक्टर और 02 सुपर जोन में विभाजित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को जोन, सेक्टर की जिम्मेदारी सौंपते हुए मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय स्थापित कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया है।

## एसपी ने थाना सम्मनपुर का किया निरीक्षण

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने थाना सम्मनपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रशासन की व्यवस्थाओं, अभिलेखों और संसाधनों की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान एएसपी को सभी चीजें सही और व्यवस्थित मिलीं। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए अभिलेखों के बेहतर रखरखाव एवं अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने भोजनालय, कार्यालय कक्ष, पुलिस बैरक तथा महिला हेल्प डेस्क का भी जायजा लिया। एएसपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश देते हुए नाइट ड्यूटी में विशेष सतर्कता बरतने तथा थाना परिसर में साफ-सफाई पर निरंतर ध्यान देने को कहा। आगामी होली एवं रमजान पर्व को देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता और सक्रिय पुलिस गशत सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## थाना समाधान दिवस में आईं सात शिकायतें

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली परिसर में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक श्याम देव की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल सात शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें छह मामले राजस्व से संबंधित तथा एक मामला पुलिस विभाग से जुड़ा रहा। समाधान दिवस में कोतवाली क्षेत्र के घसियारी टोला निवासी आत्माराम ने तत्काल कार्रवाई कर अतिक्रमण रुकवाने की मांग की। वहीं पट्टी मुइयन निवासी राम प्यारे दास ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके घर की घरौंदी में आधा हिस्सा है। आरोप है कि विपक्षी आसाराम यह कहकर दबाव बना रहा है कि उन्होंने अपना हिस्सा उसे लिख दिया है, जबकि उन्होंने अपनी जमीन या घरौंदी नहीं बेची है। साथ ही विपक्षी द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने मौजूद मातहतों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायती पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण किया जाए।

## शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अमृत चिार। शनिवार को जलालपुर कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई व्यक्ति त्योहार के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी और किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को भी अधिकारियों के सामने रखा। वाजिदपुर व सोनगांव पंचायत के पूर्वी हिस्से में झुके हुए बिजली के तार की समस्या को लोगों ने उठाया। वहीं देवेश मिश्रा ने वाजिदपुर में होलिका दहन स्थल के पास फैली गंदगी की समस्या की ओर ध्यान दिलाया। भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि होली के दिन नगर में समय से बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। जगदीशपुर कपलेश्वर गांव निवासी समीर सिंह ने होलिका दहन स्थल की स्थायी जमीन न होने का मुद्दा उठाया। वहीं नगपुर गांव निवासी राज कपूर ने होली के अवसर पर विस्तारित क्षेत्र में पानी के टैंकर की पर्याप्त व्यवस्था कराने की मांग की। बैठक में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी, आनंद जायसवाल, इब्ने अली जाफरी, लाल यादव सहित क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह और कोतवाल अजय प्रताप समेत समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

## होली पर शराब बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में होली के पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध 4 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक प्रभावी रहेगा। जिला प्रशासन ने यह कदम त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और सौहार्दपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। जिला मजिस्ट्रेट अनुपम शुक्ला ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत जनपद की सभी देशी शराब की दुकानें, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, बार, भांग और ताड़ी की फुटकर दुकानें बंद रहेंगी। इसके अतिरिक्त सभी थोक अनुज्ञापन से भी शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की शराब या अन्य नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री नहीं होनी चाहिए।

# वॉरियर विंग्स ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जहांगीरगंज के नवीन बाल विद्या मंदिर परिसर में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में वॉरियर विंग्स टीम ने रॉयल हीरोज को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। शनिवार को हुए इस रोमांचक मुकाबले में वॉरियर विंग्स ने निर्णायक मैच जीतकर जीत हासिल की।

बता दें कि प्रतियोगिता में वॉरियर विंग्स और रॉयल हीरोज टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। वॉरियर विंग्स ने पहला और तीसरा निर्णायक सेट जीता, जबकि रॉयल हीरोज टीम को केवल दूसरे सेट में सफलता मिल पाई। इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की प्रेरणा से किया गया था। नवीन बाल विद्या मंदिर जहांगीरगंज के परिसर में निदेशक राजदीप सिंह के संयोजन में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई। किशोरवय खिलाडियों के बीच हुई इस प्रतियोगिता में सभी ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वॉरियर विंग्स टीम के कप्तान गौरव गुप्ता के नेतृत्व में स्पेंसर श्याम जी, अरुण, अर्जुन, पवन और विशाल ने पहले सेट में शानदार खेल दिखाते हुए टीम को पांच अंकों से जीत दिलाई। दूसरे सेट में रॉयल हीरोज टीम ने वापसी किया। कप्तान आदर्श यादव के नेतृत्व में स्पेंसर समीर, नितिन, प्रिंस, अविनाश और यश ने रोचक मुकाबले में वॉरियर विंग्स टीम को 6 अंकों से शिकस्त दी। तीसरे और अंतिम निर्णायक सेट में वॉरियर विंग्स टीम के खिलाडियों ने एक बार फिर बाजी मारी। उन्होंने रॉयल हीरोज को 3 अंकों से हराकर मैच और प्रतियोगिता में जीत हासिल किया।




प्रतियोगिता में सम्मानित किए गए खिलाड़ी। अमृत विचार

## जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारी की उपस्थिति में लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर रिफिल का वितरण लोक भवन लखनऊ से किया। जिसमें प्रदेश भर के उज्ज्वला योजना के तहत कुल 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को रुपए 1500 करोड़ रुपए की धनराशि से निशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल का वितरण किया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, अध्यक्ष जिला पंचायत श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधु वर्मा, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सहित जनपद के अधिकारियों, कर्मचारियों और भारी संख्या में उपस्थित महिला लाभार्थियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उज्ज्वला योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल की धनराशि प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया।

**आयोजन** | मिशन रोजगार के तहत वृहद रोजगार मेला संपन्न, 6865 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीकरण

# रोजगार मेले में 1 हजार 589 अभ्यर्थी चयनित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन रोजगार के तहत जनपद में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन देव इन्द्रावती पीजी कॉलेज परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे और कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के स्टालों का अवलोकन किया तथा अभ्यर्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि मेले में कुल 56 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कुल 6 हजार 865 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 1 हजार 589 अभ्यर्थियों का चयन प्रथम चरण के लिए किया गया है। अंतिम चयन सूची संबंधित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत जारी की जाएगी। रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और अन्य उच्चतर शैक्षिक योग्यता धारक अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। एमएलसी ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं के लिए रोजगार सृजन के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन रोजगार के माध्यम से जनपद के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



देव इन्द्रावती पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे व साथ में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।

### युवाओं के कौशल विकास पर दिया जा रहा है ध्यान

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लगभग सात हजार युवाओं के स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा चुका है, जिससे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण और सुगम रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह सहित श्रम, उद्योग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा को संविधान में नहीं विश्वास : धर्मेंद्र

संवाददाता, आजमगढ़।




कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद धर्मेंद्र याद। अमृत विचार

- **एस.आई.आर. के संबंध में पार्टी कार्यालय पी.डी.ए. भवन पर हुई बैठक**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की एस.आई.आर. के संबंध में पार्टी कार्यालय पी.डी.ए. भवन आजमगढ़ में वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों एवं सेक्टर, जोन व ब्लॉक प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी कर बेईमानी से चुनाव जीतना चाहती है। उनका कहना था कि भाजपा को संविधान और लोकतंत्र में विश्वास नहीं है, बल्कि दमन, अत्याचार और फर्जी मुकदमों के सहारे चुनाव जीतने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस मंशा को सफल नहीं होने देंगे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा के फॉर्म-7 अभियान को विफल करने में पार्टी कार्यकर्ताओं ने संघर्ष और मुस्तैदी दिखाई है। यह संघर्ष 2027 के चुनाव तक जारी रहेगा और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इसके लिए कटिबद्ध है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों सरकारें जनहित के मुद्दों को छोड़कर केवल पूंजीपतियों के हित में काम कर रही हैं। महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है तथा निवेश के नाम पर केवल घोषणाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता योगी सरकार से ऊब चुकी है और खुशहाली व तरक्की के लिए अखिलेश यादव को सत्ता में लाना चाहती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने की।

**न्यूज ब्रीफ**

### बेटे के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सामाजिक संस्था इंडिया एंटी करप्शन फोर्स के महासचिव विपिन कुमार मिश्रा ने बेटे अक्षज मिश्र के जन्मदिन पर राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में पौधा लगाकर अनोखी मिसाल पेश की। संगठन अध्यक्ष रमाशंकर पांडेय व प्रधानाचार्य डा. प्रियांक वर्मा ने पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अनुराग पाण्डेय, संजय सिंह, संतोष मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, सत्यम शुक्ला, अशोक शुक्ल, रजनीश मिश्रा और जितेन्द्र यादव आदि रहे।

### किसी भी पीड़ित को निराश नहीं होने देंगे

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा की नई पहल के तहत प्रतिदिन जनसुनवाई शुरू की गई। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने कहा, जनसुनवाई पीड़ित की आवाज को समाधान तक पहुंचाने का मंच है।

### गैस सिलिंडर का किया गया वितरण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नवीन सभागार कलेक्ट्रेट में होली पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडर वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे। प्रतीक स्वरूप सरोज गुप्ता, शकीला बानो, डाली, किरण कौशल और स्मिता को डेमो चेक व गैस सिलिंडर वितरित किए गए।

# खड़े टैंकर में ट्रक ने मारी ठोकर, चालक की मौत

## उड़ गई टैंकर में भरी नाइट्रोजन गैस, बाधित रहा आवागमन



पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना के बाद ट्रक से निकलती गैस। अमृत विचार

**हादसा**

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** जिले से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शनिवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। हलियापुर थाना क्षेत्र में माइल स्टोन 87.500 के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने सड़क किनारे खड़े गैस टैंकर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार नाइट्रोजन से भरी टैंकर को चालक पीली पट्टी में खड़ा कर लघु शंका कर रहा था। तभी एक कंटेनर जो गुरुग्राम से पटना जा रहा था चालक को नींद की नींद की झपकी आने से टैंकर मे टकरा गया। टक्कर के बाद टैंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे अफरा तफरी मच गई और एहतियातन यातायात रोककर डायवर्ट किया गया। वही टैंकर चालक धर्मेंद्र दास गंभीर रूप से घायल हो गया। यूपीडा कर्मियों ने घायल चालक को एंबुलेंस से कुमारगंज अयोध्या भेजा जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर थाना प्रभारी वंदना अग्रहरि पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने गैस रिसाव रोकने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए।टैंकर से गैस खाली होने के बाद यूपीडा कर्मियों ने क्रेन की मदद से टैंकर व क्षतिग्रस्त वाहन हटवाया।मृतक की पहचान बहोरीपुर थाना दोस्तपुर निवासी धर्मेंद्र दास के रूप में हुई है। वही दूसरे घायल चालक का उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 2 बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत, 2 घायल

- देवरानी के शुद्ध संस्कार में शामिल होने जा रही थी महिला



कलावती।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र से होकर गुजरी टांडा-बांदा हाईवे पर स्थित डीह ढग्गुपुर पेट्रोल पंप के पास शनिवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर में 68 वर्षीय कलावती पत्नी स्व. अमृत लाल जायसवाल की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।जानकारी के अनुसार, सेमरी बाजार थाना जयसिंहपुर निवासी कलावती अपने बेटे रमेश के साथ बाइक से हनुमानगंज कोतवाली देहात में देवरानी के शुद्ध संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए जैसे ही रमेश ने बाइक मोड़ी, पीछे से आ रही तेज रफ्तार पल्सर बाइक ने टक्कर मार दी हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने कलावती को मृत घोषित कर दिया। रमेश की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। दूसरी बाइक सवार राकेश गुप्ता निवासी महुआरी आशापुर, थाना दोस्तपुर के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। भटमई चौकी इंचार्ज सुनील सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो बाइक के साथ तीन गिरफ्तार, भेजा कोर्ट

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कारवाई रतनपुर मोड़ के पास की गई। गिरफ्तार आरोपियों में विकास कुमार थाना जयसिंहपुर, विकास थाना गोसाईंगंज और प्रवेश कुमार थाना मोतिगरपुर शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें, एक खुली हुई बाइक, दो इंजन, पांच टंकियां और एक सीट बरामद की है। कोतवाली देहात के बभनगवा निवासी सूरज पाठक की स्प्लेंडर प्लस बाइक बीते 7 अक्टूबर 2025 को सुलतानपुर रेलवे स्टेशन परिसर से चोरी हुई थी। मामले में पुलिस ने गिरोह का खुलासा कर चोरी की गाड़ियों व पार्ट्स बरामद किए हैं। सीओ सिटी सौरभ सावंत ने बताया सभी को कोर्ट भेजा गया।

# ननिहाल में युवक का फंदे से लटकता मिला शव

**अखंडनगर, सुलतानपुर:** स्थानीय थाना क्षेत्र के उनुरखा गांव में शनिवार सुबह एक युवक का शव फंदे से लटका मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय अवनीश पांडेय पुत्र राजेश कुमार पांडेय, निवासी मदरहा, कोतवाली शाहगंज जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अवनीश बचपन से ही अपने ननिहाल उनुरखा गांव में रह रहा था।घटना की सूचना उसके नाना शिवबालक तिवारी पुत्र रामदेव तिवारी ने थाना अखंडनगर में दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात अवनीश ने परिवार के साथ भोजन किया और अपने कमरे में सोने चला गया। शनिवार सुबह जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खोला। अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए,अवनीश का शव कमरे में फंदे से लटका हुआ था।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संत कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ कादीपुर विनय कुमार गौतम ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

# बिना सूचना पेराई रोकना नियमों का उल्लंघनः सिंह

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** किसान सहकारी चीनी मिल बंद किए जाने को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। सपा के युवा नेता विपिन प्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि मिल बंद करने का असली कारण 14 हेक्टेयर की बहुमूल्य जमीन है, जिसकी कीमत 250 से 300 करोड़ रुपये बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिना सूचना पेराई रोकना नियमों का उल्लंघन है और हजारों किसान प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि हैदरगढ़ चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर तौल ठप होने से किसानों में आक्रोश है। गन्ना विकास अधिकारी अभिजीत ने शीघ्र तौल शुरू कराने का भरोसा दिया है।

# एआई युग में विज्ञान की भूमिका समझाई

## डॉ. सीवी रमन की याद में विज्ञान मॉडल व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब सुलतानपुर के निर्देशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महान वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति में विज्ञान मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन राम राजी बालिका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम 'वूमेन इन साइंसः कैटालाइजिंग विकसित भारत' थीम पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रख्यात चिकित्सक डॉ. जे.पी. सिंह, विशिष्ट अतिथि कृषक तकनीकी महाविद्यालय सुलतानपुर (के.एन.आई.टी.) के कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद तिवारी ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। डॉ. जे.पी. सिंह ने विद्यार्थियों को विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाली सदी भारत के विज्ञान की सदी होगी। डॉ. अरविंद तिवारी ने रमन प्रभाव की खोज पर प्रकाश डालते हुए एआई युग में विज्ञान की भूमिका को रेखांकित किया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अक्षिता सोनी ने प्रथम, प्रिया मोदनवाल ने द्वितीय और श्रेया साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में ऋचा साहू प्रथम, मुस्कान मौर्या द्वितीय तथा नैन्सी मिश्रा तृतीय रहीं। विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। अमृत विचार

# महिलाओं की शैक्षिक भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरीः डॉ. संतोष

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** राणा प्रताप पीजी कॉलेज के बी.एड. विभाग द्वारा राष्ट्रीय विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. संतोष कुमार सिंह 'अंश' ने कहा कि इस वर्ष की थीम "विकसित भारत में महिलाओं का वैज्ञानिक योगदान" अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की वैज्ञानिक, तकनीकी और शैक्षिक भागीदारी को सशक्त बनाना आवश्यक है। विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं को समान अवसर, प्रोत्साहन और नेतृत्व प्रदान कर ही आत्मनिर्भर एवं समृद्ध भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। असिस्टेंट प्रो शांतिलता कुमारी ने कहा कि विज्ञान को मानवीय मूल्यों से प्रेरित होना चाहिए। हमें नए आयामों की ओर अग्रसर होते हुए विज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करना होगा। उन्होंने बल देते हुए कहा कि धरती और पर्यावरण के संरक्षण हेतु वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार अत्यंत आवश्यक हैं। डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि हमारी वैज्ञानिक सोच और कर्म लोककल्याण की भावना से युक्त होने चाहिए। विज्ञान का विकास आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों के साथ हो, तभी वह समाज के लिए सार्थक सिद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सिंह ने कहा कि विज्ञान की प्रत्येक खोज सकारात्मक और रचनात्मक होनी चाहिए। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का विकास करना अध्यापक का प्रमुख दायित्व है। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा, तर्क और प्रयोगशीलता ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आधारशिला हैं।



कार्यक्रम में बोलते डॉ. संतोष अंश।

# धर्म तक ही सीमित रहें संतः राजभर

**शंकराचार्य विवाद**

- समन्वय समिति की बैठक में पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर शनिवार को समन्वय समिति की बैठक में शामिल होने सुलतानपुर पहुंचे। बैठक में शंकराचार्य विवाद पर तीखी टिप्पणी करते हुए मंत्री ने साफ कहा कि शंकराचार्य का काम धर्म का प्रचार-प्रसार करना है, न कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करना।उन्होंने कहा कि संत अगर राजनीति में दखल देंगे तो यह उनके दायरे से बाहर की बात होगी।1990 के एक पुराने मामले का जिक्र करते हुए राजभर ने सवाल उठाया कि पहले भी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। वही दिल्ली के शराब नीति मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के बरी होने के मामले पर कहा कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र हैं। उत्तर प्रदेश के पंचायत चुनाव को लेकर पंचायती राज मंत्री ने स्पष्ट किया कि 15 अप्रैल को मतदाता सूची प्रकाशित होगी और चुनाव समय पर कराए जाएंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, सुभासपा जिलाध्यक्ष विनीत सिंह, अमेठी जिलाध्यक्ष सतीश कुमार मिश्रा, बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेते प्रभारी मंत्री। अमृत विचार

### तीन करोड़ से बनेगा विद्युत शवदाह गृह

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुलतानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के प्रयासों से नगर क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। अंत्येष्टि स्थल विकास योजना के तहत नगर पालिका क्षेत्र के हथियानाला में विद्युत शवदाह गृह निर्माण को शासन से मंजूरी प्रदान कर दी गई है। वित्तीय वर्ष 2025-2026 में इस महत्वपूर्ण परियोजना का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। शासन स्तर से जारी स्वीकृति पत्र के अनुसार लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्युत शवदाह गृह का निर्माण कराया जाएगा। इससे शहरवासियों को अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैं **सन्जू धुरिया पुत्री मिठाई लाल निवासी ग्राम सेमरीकला पोस्ट खानपुर तहसील लंभुआ जिला सुल्तानपुर** की हूँ। मेरी एक कृषि भूमि का बैनामा ग्राम मुस्तफाबाद तहसील बांगरमऊ, उन्नाव से गायब हो गयी है। जिसका दस्तावेज नंबर 5993 है जो दिनांक 15/11/2025 को बैनामा किया गया था। अतः जिस किसी व्यक्ति को मिला हो वह 9466444767 इस नम्बर पर सूचना देकर वापस कर सकता है।

**Public Notice**
I, Shawana Praveen (Old Name) D/o Khursheed Ahmad, resident of H.No. 273, Shah Qa-mar, New City, Etawah, Uttar Pradesh, have changed my name from Shawana Praveen (Old Name) to Shabana Parveen (New Name). Hence-forth, I shall be known and identified as Shabana Parveen (New Name) for all purpose.

**सूचना**
मेरा नाम ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश प्रदीप कुमार सिंह दर्ज है। जबकि आधारकार्ड, पैन कार्ड व अन्य अभिलेखों में प्रदीप सिंह दर्ज है। दोनों नाम मेरे है। अतः अब मुझे प्रदीप सिंह के नाम से जाना पहचाना और ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज किया जाए । **प्रदीप सिंह पुत्र सहदेव सिंह निवासी सूरजपुर गुमानखेड़ा पोस्ट देवगांव, थाना खीरो, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली**

**Public Notice**
I, DEEPAK S/O MR. NANHA , R/O-VILL-RAIPUR, POST-PAKHARAURA, PS-SAFIPUR, UNNAO, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO DEEPAK KUMAR, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS DEEPAK KUMAR.

**सूचना**
मैं ने अपना नाम MOHAMMAD MUSTAKEEM से बदल कर MOHD MUSTAKEEM रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHD YUSUF R/O:18,A, BHAUSIYA SALHIPUR KANJASH PRATAPGARH UTTAR PRADESH 230403

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के पासपोर्ट में नाम की वर्तनी WAHAJUL HAQUE लिखी है जबकि अन्य दस्तावेज़ में WAHAJUL HAQ दर्ज जो कि सत्य है। दोनो एक ही नाम है। **वहाजुल हक़ म0न0 377 बेगरिया मदरसा अलमोमिनात, दुबग्गा लखनऊ।** 226101

**सूचना**
मैने अपना नाम MEENU MEHTA से बदलकर MEENU SINHA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MEENU SINHA ADD-PLOT NO-11, KHASRA No-71, SAIDPUR JAGIR, JANKIPURAM, EXTENTION, DIST-LUCKNOW-226021 (U.P.)

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि प्रार्थनी FATIMA ZAHRA ने अपना नाम बदल कर AYESHA FATIMA रख लिया है। जो कि सत्य है। दोनो एक ही नाम है। **आयशा फातिमा पत्नी रियाजुद्दीन म0न0 377 बेगरिया मदरसा अलमोमिनात, दुबग्गा लखनऊ।** 226101

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि प्रार्थनी के पासपोर्ट में नाम की वर्तनी RASHIDA KHATUN लिखी है जबकि अन्य दस्तावेज़ में RASHEEDA KHATOON दर्ज जो कि सत्य है। दोनो एक ही नाम है। **रशीदा खातून म0न0 377 बेगरिया मदरसा अलमोमिनात, दुबग्गा लखनऊ।** 226101

**सूचना**
पहले मेरा नाम ABDUL KALAM AZAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ABDUL KALAM रख लिया है भविष्य में मुझे ABDUL KALAM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-ABDUL SUBOOR R/O- MOHLLA KAZI TOLA KANNAUJ-209725

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMED SAMEER था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD SAMEER रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD SAMEER के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-MOHAMMAD MUBEEN R/O- VILL-RASOOLPUR TIKNIYAMAU GOSAAIGANJ, LUCKNOW

**सूचना**
पहले मेरा नाम ABDUL KALAM AZAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ABDUL KALAM रख लिया है भविष्य में मुझे ABDUL KALAM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-ABDUL SUBOOR R/O- MOHLLA KAZI TOLA KANNAUJ-209725

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHD IJAHAR था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD IZHAR रख लिया है भविष्य में मुझे MOHAMMAD IZHAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- KASIM ALI R/O- AKBARI GET JOGIYANA POST- MOHAN UNNAO


# वैदहा विद्यालय में उल्लासपूर्वक मनी होली



शिक्षकों ने बच्चों के साथ मनाई होली। अमृत विचार

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** शिक्षा क्षेत्र जयसिंहपुर के मॉडल इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय, वैदहा में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल और बच्चों की खिलखिलाहट से सराबोर रहा। प्रधानाध्यापिका कांति सिंह ने बच्चों को बताया कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि हमें सदैव मिलजुलकर रहना चाहिए और एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। शिक्षक रवि प्रकाश ने भी होली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। सभी कक्षा अध्यापकों ने अवकाश के लिए गृहकार्य भी दिया। अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।इस अवसर पर सहायक अध्यापक राकेश कुमार, विकास, केश कुमार सिंह, रीना सिंह, एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद जहीर, उपाध्यक्ष राधिका सहित समस्त स्टाफ ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### कंपोजिट विद्यालय खानीपुर में धूमधाम मनी होली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भदैंया विकासखंड अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय खानीपुर में शनिवार को होली पर्व की छुट्टी से पूर्व विद्यालय परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षकों एवं बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। शिक्षक शक्ति प्रकाश पाठक ने विद्यार्थियों को होली के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व की जानकारी देते हुए रंग खेलते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की सीख दी। विद्यार्थियों ने बड़े ही आनंद और उमंग के साथ एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर होली खेली। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हनुमंत कुमार सिंह, शिक्षक विजय कुमार एवं शिक्षामित्र सत्येंद्र सिंह सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एक दिन पूर्व लापता युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

**लंभुआ, सुलतानपुरः** एक दिन पूर्व घर से निकले युवक का गांव में ही स्थित बाग में एक पेड़ की डाल से फांसी के फंदे में लटका हुआ उसका शव पाया गया। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस ने पेड़ की डाल से उसके शव को नीचे उतरवाया।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर उत्तरी भागीरथ पट्टी निवासी दिनेश उर्फ विनीत उम्र लगभग 19 वर्ष शुक्रवार की दोपहर से ही घर से निकला था लेकिन उसका कुछ अता-पता नहीं चल रहा था। उसके भाई स्वामित गौतम ने बताया कि दो दिन से उसका भाई बहुत परेशान था, कुछ बता भी नहीं रहा था। उसके बाद दोपहर में घर से निकल गया और जब शाम तक घर वापस नहीं आया, तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं लगा तो पुलिस को सूचना दी गई। खोजबीन जारी थी, देर रात गांव में ही नहर के उस पार स्थित एक बाग में पेड़ की डाल से फांसी के फंदे में उसका शरीर लटका देखा गया। पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुंचकर उसके शव को नीचे उतरवायी। मृतक के भाई ने बताया कि दो दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई थी, तब से भाई परेशान था।

# 1187 परीक्षार्थियों ने छोड़ी यूपी बोर्ड परीक्षा

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी) बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम पाली में हाईस्कूल की संस्कृत तथा इंटरमीडिएट की कृषि विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में हाईस्कूल संगीत वादन और इंटरमीडिएट चित्रकला की परीक्षा हुई। हाईस्कूल प्रथम पाली संस्कृत विषय में कुल 7825 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 434 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट प्रथम पाली कृषि विषय में पंजीकृत 518 परीक्षार्थियों में से 25 ने परीक्षा नहीं दी। द्वितीय पाली में हाईस्कूल संगीत वादन विषय में 22 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से एक अनुपस्थित रहा। इंटरमीडिएट चित्रकला विषय में कुल 9398 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 727 विद्यार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। इस प्रकार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों पालियों को मिलाकर कुल 1187 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों ने शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित कराया।

# शोरूम में नकबजनी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**अखंडनगर, सुलतानपुरः** थाना पुलिस टीम ने ग्राम कलान स्थित टीवीएस मोटर कंपनी के ऑटोमोबाइल शोरूम में फरवरी में हुई नकबजनी की घटना का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को चोरी किए गए माल सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बृजेश गौड़, अविनाश सिंह और आशू गौड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने टीवीएस शोरूम में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से 38 मोबाइल ऑयल के डिब्बे, टायर सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने दर्ज मुकदमे में बरामदगी की धारा बढ़ाते हुए तीनों अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनय सिंह, सुखदेव सिंह, अमित सिंह, हेड कांस्टेबल हबीबुर्रहमान तथा कांस्टेबल विवेक कनौजिया शामिल रहे।

# तहसीलदार के सामने दो पक्षों में मारपीट, शांतिभंग में चालान

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** शनिवार को जयसिंहपुर तहसील परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तहसीलदार मयंक मिश्र के सामने ही दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। घटना के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता व वादकारी मौके पर एकत्र हो गए।

तहसील कर्मचारियों ने स्थिति संभालते हुए प्रदीप कुमार पुत्र कृष्ण प्रसाद, निवासी सरसोवा, जनपद अयोध्या, को कार्यालय कक्ष में बैठाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्र मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को कोतवाली ले जाकर पूछताछ की। बताया गया कि प्रदीप कुमार अपनी सास सुधारानी, निवासी परसा, कोतवाली जयसिंहपुर के साथ ससुराल में रहते हैं। सुधारानी के ससुर राम दयाल दूबे ने अपनी चल-अचल संपत्ति बड़ी बहू सुधारानी पत्नी चिंतामणि दूबे के नाम वसीयत कर दी थी। वसीयत के आधार पर खारिज-दाखिल व नामांतरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस निर्णय के विरुद्ध देवर के पुत्र शुभम द्वारा दीवानी न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त किया गया था, जो वर्तमान में निरस्त हो चुका है। आरोप है कि इसके बावजूद खेती-बारी को लेकर विवाद बना हुआ है। इसी मामले में दोनों पक्ष तहसीलदार के समक्ष उपस्थित हुए थे, जहां विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों पक्षों के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में चालान कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** होली एवं अन्य त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, विभिन्न क्षेत्रों के धर्मगुरु, संभ्रांत नागरिक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से खुला संवाद कर सुझाव लिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बलरामपुर गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की मिसाल रहा है, इसलिए सभी समुदाय मिल-जुलकर पर्व मनाएं। प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को होलिका दहन स्थलों का पूर्व निरीक्षण करने, फुट पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने एसडीएम और सीओ को स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अंत में उन्होंने जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।



सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में मौजूद डीएम, एसपी और अन्य लोग। ● अमृत विचार

## 100 किलो लावारिस खोया कराया नष्ट

**बलरामपुर, अमृत विचार :** होली पर्व को देखते हुए जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व डीएम के निर्देश पर शुक्रवार रात विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न परिवहन बसों और बाहरी वाहनों की तलाशी ली। जांच के क्रम में लगभग 100 किलोग्राम लावारिस खोया बरामद हुआ। टीम ने मौके पर ही उक्त खोये को नष्ट करा दिया। अभियान का नेतृत्व सहायक आयुक्त (खाद्य)-II गिरिजेश कुमार दूबे ने किया। उनके साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्र भानु, राम मौर्या और शंकर दयाल तिवारी मौजूद रहे।

## फर्जी वरासत कर जमीन का बैनामा करने वाला गिरफ्तार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए जमीन का बैनामा करने तथा विरोध पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बनगवां निवासी अलीशाह की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोप है कि विपक्षी ने फर्जी वरासत दर्ज कराकर दूसरे के हिस्से की जमीन का बैनामा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में टीम ने अकरम अली निवासी बनगवां को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पूछताछ में अभियुक्त ने लालचवश फर्जी बैनामा कराने की बात स्वीकार की। उसके विरुद्ध पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## आजाद के आदर्शों पर लोगों ने लिया चलने का संकल्प



अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद के बलिदान दिवस पर आज़ाद पार्क में क्रांतिकारी विचारधारा मोर्चा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' एवं मोर्चा के संयोजक डॉ. राकेश चंद्रा ने आज़ाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रनायक को नमन किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश चंद्रा ने कहा कि वर्ष 1931 में अल्फ्रेड पार्क (वर्तमान आज़ाद पार्क) में अंग्रेजों से घिरने के बाद आज़ाद ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंतिम क्षण तक संघर्ष किया और मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। मुख्य अतिथि डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज़ाद का त्याग और संघर्ष वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में डी.पी. सिंह बैस सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

## दो सौ वर्ष पुराने शिवालय के जीर्णोद्धार का शुभारंभ

**बलरामपुर अमृत विचार :** हरैया सतघरवा ब्लॉक की ग्राम गुगौली कला स्थित लगभग 200 वर्ष प्राचीन श्री शंकर जी शिवालय मंदिर के जीर्णोद्धार का शुभारंभ 27 फरवरी को पूजा-अर्चना के साथ किया गया। समय के साथ मंदिर की संरचना जर्जर हो गई थी, जिसके बाद ग्रामवासियों ने इसके पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। समाजसेवी वीरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में शुरू हुए इस कार्य में ग्रामीणों व विभिन्न संस्थाओं का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। मंदिर निर्माण के लिए डा.धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू अध्यक्ष आदर्श नगर पालिका बलरामपुर, देवीपाटन नेत्र चिकित्सालय, शुक्ला फिल्म, दीप नेत्रालय, आशीष शुक्ला, अवधेश पांडे, देवमणि भारती, रवि प्रताप यादव और महेश कुमार सहित कई लोगों ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। करीब 2.5 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस जीर्णोद्धार के बाद मंदिर को भव्य स्वरूप देने का लक्ष्य रखा गया है।



अति प्राचीन शिव मंदिर।

# एसडीएम ने सुनवाई के बाद सुलझाया विवाद

● एक्सईएन के वायरल वीडियो का मामला

**करनैलगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम गुरसड़ी में निजी खेत में सड़क निर्माण को लेकर उपजे विवाद और पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन का कथित वीडियो वायरल होने के मामले में शनिवार को प्रशासन हरकत में आया। डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देश पर एसडीएम नेहा मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की सुनवाई की और विवाद का निस्तारण कराया।

एसडीएम ने बताया कि गुरसड़ी निवासी राहुल गोस्वामी की शिकायत पर जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे थे, जहां कहासुनी की स्थिति बन गई थी। इस दौरान का एक वीडियो वायरल होने की जानकारी संज्ञान में आई थी। प्रशासन ने संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच कराई। राजस्व एवं लोनिवि की टीम ने पैमाइश कराई। दोनों पक्षों को बैठाकर वार्ता की गई, जिसके बाद सहमति से विवाद सुलझा लिया गया। एसडीएम ने बताया कि भूमि विवाद का समाधान कर सड़क निर्माण में आ रही बाधा समाप्त कर दी गयी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी। वहीं सड़क निर्माण कार्य पुनः शुरू करा दिया गया है और अब कार्य में कोई बाधा नहीं आएगी।

# विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी छात्रों के नवाचार की चमक

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार :** आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीक आधारित आकर्षक और नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने हेतु महंत मिथिलेश नाथ योगी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, प्रदूषण नियंत्रण, डिजिटल सुरक्षा और कृषि नवाचार जैसे विषयों पर तैयार मॉडलों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली विस्तार से समझाई, जिससे उनकी वैज्ञानिक सोच और आत्मविश्वास झलकता दिखा। अतिथियों ने प्रतिभाशाली छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय प्रबंधन की पहल की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के लिए ऐसे आयोजन आगे भी जारी रहेंगे।





विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के मॉडल का निरीक्षण करते महंत, डीएम एसपी और अन्य। ● अमृत विचार

## 50 संस्थाएं व 19 रक्तदाता किये गये सम्मानित



रक्तदाता को सम्मानित करता अस्पताल प्रबंधन। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संयुक्त जिला चिकित्सालय स्थित रक्तकेंद्र द्वारा रक्तदाताओं और रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली संस्थाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार चतुर्वेदी, सीएमओ डॉ. मुकेश रस्तोगी, सीएमएस डॉ. राजकुमार वर्मा व रक्तकेंद्र प्रभारी डॉ. आकांक्षा शुक्ला उपस्थित रहे। वर्ष 2025-26 में शिविर आयोजित करने वाली 9वीं व 50वीं वाहिनी एसएसबी, निफा जिला इकाई, अग्रवाल सभा, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ग्रेटर, रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन अयोध्या, अग्रसेन सेवा समिति पचपेड़वा, बलरामपुर चीनी मिल और अमर उजाला सहित करीब 50 संस्थाओं को सम्मानित किया गया। 19 रक्तदाताओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सर्वाधिक 180 यूनिट रक्त संग्रह कर ब्लडमैन आलोक अग्रवाल प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर एसएसबी (65 यूनिट) और तृतीय पर अग्रसेन सेवा समिति (61 यूनिट) रही। कार्यक्रम में युवा पत्रकार रवि गुप्ता को भी रक्तदान के लिए सम्मानित किया गया। संचालन विकास पांडेय व सोनम तिवारी ने किया।



रंग-गुलाल खेलते हुए शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## मारपीट और लूट के मामले में 3 गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना वजीरगंज क्षेत्र में हुई मारपीट व लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक चारपहिया वाहन की चाबी तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद की गयी है। वादी शिवपाल ने तहरीर देकर कहा था कि 25 फरवरी की रात अयोध्या से घर लौट रहे थे। टिकरी बाजार तिराहे के पास रास्ता संकरा होने के कारण उन्होंने कार रोककर सामने से आ रही कार से साइड मांगी। आरोप है कि दूसरी कार में सवार व्यक्ति नशे में थे और उन्होंने मारपीट की तथा दो मोबाइल फोन व कार की चाबी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने ग्राम कालेसर के पास से तीनों आरोपी शिवम धर दुबे, आलोक धर दुबे व शिवेन्द्र चतुर्वेदी निवासी ग्राम सरार मझगवां थाना झंगहा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया।



एचपीवी वैक्सीनेशन का सजीव प्रसारण देखते सदर विधायक व अन्य।

## समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पीएम मोदी ने अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सीएमओ कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बलरामपुर सदर के विधायक पलटूराम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला सहित जनपद के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आशा, एएनएम व स्टाफ नर्स मौजूद रहीं। विधायक पलटूराम ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं और महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। वहीं, सीएमओ डॉ. रस्तोगी ने बताया कि समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

## लाइफस्टाइल की लापरवाही दिल पर पड़ सकती भारी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** खराब खान-पान और अनियमित जीवनशैली हृदय रोगों का बड़ा कारण बन रही है। यह बात जैनस इनिशिएटिव्स एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित निःशुल्क हृदय जांच शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कही। जैनस इनिशिएटिव्स के संस्थापक एवं हिंद हार्ट इंस्टिट्यूट, हिंद हॉस्पिटल के कार्डियक सर्जन डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि सीने में तेज दर्द, बिना कारण पसीना आना, जबड़े, गर्दन या पीठ में दर्द हार्ट अटैक के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने डायबिटीज और हृदय संबंधी बीमारियों से बचाव के उपायों पर जानकारी दी। शिविर में 55 मरीजों की ब्लड शुगर, बीपी और ईसीजी जांच कर निःशुल्क परामर्श दिया गया। क्लब अध्यक्ष अभय पाल ने हृदय रोगों के बढ़ते खतरे पर चिंता जताई। कार्यक्रम की सफलता में रोटेरियन राजेंद्र कृष्ण श्रीवास्तव, रोटेरियन अमरजीत सिंह, डॉ. आईडी आर्य, डॉ. प्रदीप दुबे, डॉ. अभिषेक सिन्हा और वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन का विशेष योगदान रहा।





मरीज की जांच करते डॉ. पंकज श्रीवास्तव।

# श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** नगर के पुराने रेलवे मालगोदाम के पास नवनिर्मित शिवाला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में शिव परिवार की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु उत्साह और भक्ति भाव के साथ शामिल हुए।

यात्रा का शुभारंभ मालगोदाम स्थित मंदिर प्रांगण से हुआ। शोभायात्रा गाड़ी बाजार, गुड़ मंडी, गुड़ाही, मौर्य नगर, लखनऊ रोड, सीएचसी तिराहा और स्टेशन रोड होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा में नंदी पर सवार भगवान शिव और माता पार्वती की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर युवक-युवतियां और बच्चे झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। पूरा नगर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। 24 फरवरी से मंदिर परिसर में शिव महापुराण की संगीतमय कथा का आयोजन चल रहा है।

वहीं 2 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर वासियों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम में सुंदर लाल रस्तोगी, संजय सोनी, लखन सोनी, मोहित पाण्डेय, कन्हैया लाल वर्मा, गोविन्द जायसवाल, शिवा भट्ट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चौकी प्रभारी शिव नाथ पुलिस टीम के साथ पूरे समय शोभायात्रा में मौजूद रहे और व्यवस्था बनाए रखी।

## नन्हें वैज्ञानिकों ने मॉडलों से दिखाया हुनर, विज्ञान मेले में दिखी प्रतिभा

**गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शनिवार को कम्पोजित विद्यालय दलीपपुरवा में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान मेले में मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने इन मॉडलों के माध्यम से विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझाया। विद्यालय के विज्ञान शिक्षक मनीष वर्मा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, प्रयोगधर्मिता बढ़ाने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रतिज्ञा ने प्रथम, तन्वी एवं इफ़त ने द्वितीय तथा मधू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उषा सिंह, गिरजेन्द्र कुमार सिंह, गरिमा मिश्रा, सुमन मौर्य, सुनीता सिंह सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।



छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक मनीष वर्मा।



बच्चे को कंप्यूटर चलाते हुए देखते बीएसए अमित सिंह व शिक्षक। ● अमृत विचार

## बच्चों की प्रतिभा का उत्सव बना 'अभ्युदय' वार्षिकोत्सव

**गोंडा, अमृत विचार :** बेलसर के कंपोजिट विद्यालय अभईपुर में शनिवार को वार्षिकोत्सव अभ्युदय का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएसए अमित कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि बीईओ चंद्रभूषण पांडे ने दीपजलाकर किया। वार्षिकोत्सव के अंतर्गत विद्यालय परिसर में आर्ट क्राफ्ट गैलरी, ऐतिहासिक एवं भौगोलिक गैलरी, साइंस गैलरी, ए.आई. पर व्याख्यान हुआ तथा स्कूल की बाल संसद ने डिजिटल क्लासरूम का प्रदर्शन किया। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव विभिन्न कलाओं का संगम है। उन्होंने विद्यालय के हरित परिवेश, इको संरक्षण तथा शिल्पकला आधारित डेको कल्चर की प्रशंसा की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों ने कवि सम्मेलन, गणेश वंदना, नारी शक्ति पर प्रस्तुति, लव-कुश कांड का मंचन एवं मेरा नाम जोकर पर अभिनय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा "स्टूडेंट ऑफ द ईयर", इको क्लब अवार्ड तथा मैथ ओलंपियाड के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे, महामंत्री यशवंत पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी, अतुल शुक्ला, विजय पांडे, प्रदीप सिंह, प्रेम किशोर तिवारी, अरविंद सिंह, मनोज चतुर्वेदी, घनश्याम सिंह, प्रधान जगदीश पांडेय, नवलू फरियादी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सत्येंद्र मिश्रा, योगेश मानी, मनोज यादव, ओमप्रकाश, आशुतोष दुबे एवं सोनी तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, अयोध्या।**

संख्या :- 2204 / जि.आ.अधि. / चेतावनी / 2025-26/ अयोध्या / दिनांक : फरवरी 28,2026

**अपील / चेतावनी**

होली त्यौहार के दृष्टिगत जनपद अयोध्या के आबकारी दुकानों के फुटकर अनुज्ञापियों को सचेत / निर्देशित किया जाता है कि यदि :-
**अ. किसी देशी / कम्पोजिट दुकान में मदिरा में जलमिश्रण अथवा हानिकारक पदार्थ मिलाया जाता है।**
**ब.किसी देशी / कम्पोजिट दुकान से निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री करते पाया जाता है।**
तो सम्बन्धित दुकान के अनुज्ञापी व विक्रेता के विरूद्ध संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (यथासंशोधित) तथा भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कठोरतम् कार्यवाही की जायेगी।
2- मदिरा के उपभोक्ता शराब दुकान से क्यू.आर. कोड लगी एवं सीलबन्द मदिरा निर्धारित एम.आर.पी./ विक्रय मूल्य पर पी.ओ.एस. मशीन से स्कैन कराकर ही खरीद कर सेवन करें। दुकान के आस-पास या सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान करना निषेध है। यदि किसी के द्वारा इसका उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही सम्भव है।
3- उक्त के अतिरिक्त जन साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अडडों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अडडों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाईल एल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आंखो की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिकी की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल जनहित में जनपद के प्रशासनिक / पुलिस अधिकारियों को उनके दूरभाष नम्बर के साथ ही **जिला आबकारी अधिकारी, अयोध्या मो.नं.-9454465637, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1, अयोध्या मो.नं.-9454466228, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2, मो.नं.- 9454466229, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3, मो.नं.-9532711064, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, मो.नं.- 8448971707, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5, मो.नं.-8840056825,आबकारी विभाग के ट्रोल फ्री नम्बर** 14405 **पर सूचना देने का कष्ट करें। सूचना व्हाटसएप द्वारा उपरोक्त मोबाइल नम्बर एवं कन्ट्रोल रूम व्हाट्स नम्बर** 9454466019 **पर संदेश द्वारा भी दी जा सकती है।** आप द्वारा दी गई सूचना ऐसे अड्डों पर तुरन्त प्रशासनिक कार्यवाही में मददगार एवं सम्भावित जनहानि को रोकने में उपयोगी हो सकती है।
4-**किसी भी समारोह स्थल यथा होटल / बैंक्टहॉल आदि पर वैवाहिक / जन्मदिन /वर्षगांठ / पार्टी / उत्सव / संगोष्ठी आदि के अवसर पर बिना अकेजनल बार अनुज्ञापन (एफ.एल.- 11 लाइसेंस) प्राप्त किये बिना मदिरा पान कराने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।** किसी भी प्रकार की शिकायत उपरोक्त नम्बरों पर तत्काल करने का कष्ट करें। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

**सुरेश चन्द्र मिश्रा**
**जिला आबकारी अधिकारी,**
**अयोध्या।**



**कार्यालय क्षेत्र पंचायत कटरा बाजार, गोण्डा।**

पत्रांक - 2963 / लेखा पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26, दिनांक- 28.2.2026

**अल्प कालीन निविदा**

लोक निर्माण विभाग / जिला पंचायत / अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवाँ वित्त आयोग द्वारा क्षेत्र पंचायत कटरा बाजार को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना 2025-26 की निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण हेतु मोहर बन्द निविदायें प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.03.2026 से दिनांक 09.03.2026 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर नगद मूल्य देकर अपरान्ह प्राप्त कर सकते है। निविदायें दिनांक 09.03.2026 को अपरान्ह 03 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क.सं. | परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई (मी0 में) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा फार्म का मूल्य 12% जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विरवा के चिटीपुर से श्मशान घाट तक इण्टरलाकिंग कार्य | 100 मी0 | 5.31 | 26550 | 560 | 3 माह |
| 2 | चयपुरवा के बसई चितई में विघालय रोड से महाराजदत्त पण्डित के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 60 मी0 | 3.0 | 15000 | 560 | 03 माह |
| 3 | क्षेत्र पंचायत कटरा बाजार में कैटल कैचर की खरीद | 1 अदद | 7.03 | 35150 | 560 | 03 माह |

**निविदा हेतु निर्धारित शर्त :-**
1. प्रत्येक कार्य/परियोजनाओं पर उपरोक्तानुसार कालम 5 में अंकित धरोहर की धनराशि का 5 प्रतिशत अंश निविदा के साथ एन0एस0सी0 /बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी, कटरा बाजार पक्ष में बन्धक होगा। शेष धरोहर धनराशि 08 प्रतिशत भुगतान के समय देय होगा अथवा कटौती कर ली जायेगी।
2. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग / परिलेखन मान्य नहीं होगा।
4. निविदा फार्म पर दर उल्लेख अंको एवं शब्दों में लिखना होगा।
5. बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. निविदादाता को निविदा के साथ टी-6, बिड सिक्योरिटी, पैन, आधार, पंजीकृत प्रपत्र, जी0एस0टी0, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**कटरा बाजार, गोण्डा।**

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत कटरा बाजार, गोण्डा।**

न्यूज ब्रीफ

### 10 लीटर कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

**जरवल रोड (बहराइच)।** जरवलरोड थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 120 रुपये नकदी भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को उप-निरीक्षक आदित्य कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध कच्ची शराब लेकर परसा नहर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जाल बिछाया और कस्तूरबा विद्यालय के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध को रोक लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान चंद्रपाल (35 वर्ष) निवासी परसा नहर, थाना जरवलरोड के रूप में हुई है।

### गन्ने से लदा ट्रक पलटा, चालक गंभीर

**इकौना (श्रावस्ती) :** नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के नेशनल हाईवे 730 पर कटरा समय माता मंदिर के पास शनिवार को गन्ने से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि बलरामपुर जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र स्थित टेंगनहिया गांव निवासी चालक तीर्थराम उर्फ दीपक (32) पुत्र अलख राम ट्रक में गन्ना लादकर बलरामपुर चीनी मिल जा रहा था। जैसे ही वह कटारा समय माता मंदिर के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक गंभीररूप से घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया।

### 13 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**रूपईडीहा (बहराइच)।** रूपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्यवाही में 13 ग्राम स्मैक के साथ एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। रूपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर चल रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में एस एस बी के साथ मिलकर ये कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि थाना रूपईडीहा के उपनिरीक्षक राहुल सरोज मय पुलिस बल एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर शाबान पुत्र कमरूद्दीन, निवासी चकिया रोड, थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइचको 13 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

### नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कल

**कैसरगंज (बहराइच) :** माता भगवती कुंज आश्रम झिंगुरी पुल परसेण्डी में नयन ज्योति सेवा संस्थान द्वारा आगामी दो मार्च को नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा। जिसमें नयन ज्योति आंख अस्पताल कैसरगंज के नेत्र सर्जन डॉ. एमके गुप्ता द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से नेत्र परीक्षण एवं नि :शुल्क दवाओं का वितरण किया जायेगा। शिविर में उपयुक्त पाये गये मरीजो का मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया जायेगा। उक्त जानकारी आश्रम के व्यवस्थापक लाडली प्रसाद वर्मा ने दी।

### निकली निशान यात्रा

**गिलौला (श्रावस्ती) :** गिलौला कस्बे मे शनिवार को शनिदेव मंदिर से गाजे बाजे के साथ श्याम निशान यात्रा निकली। इसमें कस्बा सहित आसपास गांव के महिला व पुरुष शामिल हुए। यह यात्रा कस्बे मे घूमते हुए मोहमदापुर गांव बाईपास के रास्ते खाटू श्याम धाम गिलौला मंदिर पहुंची।

# मरीजों को मिले शासन से अनुमन्य सुविधाएं

## प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, बहराइच



चिकित्सालय का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही साथ में विधायक सुभाष त्रिपाठी व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग व प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई, चिकित्सालय की ओर से मरीज़ों व उनके तीमारदारों को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री शाही ने इमरजेन्सी वार्ड, आईसीयू वार्ड, ओपीडी, ईएनटी, ओपीडी, मेडिसिन ओपीडी, औषधि वितरण केन्द्र, हिसंक पशुओं के हमलों में घायलों उपचार के लिए स्थापित आईसोलेशन, कैंसर वार्ड सहित अन्य वार्डों तथा ब्लड बैंक का निरीक्षण किया।

प्रभारी ने वार्डों के निरीक्षण के दौरान मरीज़ों एवं तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि शासन की मंशानुरूप मरीज़ों को अनुमन्य सुविधायें प्रदान की जाएं। प्रभारी मंत्री ने सुझाव दिया कि वार्डों में एक मरीज़ के साथ एक अटेन्डेन्ट को अलाउड किया जाय जिससे अनावश्यक लोगों के कारण मरीज़ों के इलाज में बाधा न आये। प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए प्राचार्य मेडिकल कालेज प्रो. डॉ. संजय खत्री व प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. परितोष मिश्रा को निर्देश दिया कि साफ-सफाई व्यवस्था के स्तर को बनाये रखें तथा चिकित्सालय औषधियों एवं संसाधन की कमी न होने पाये। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मिथलेश, शल्य चिकित्सक डॉ. अमित श्रीवास्तव, चिकित्सालय प्रबन्धक रिज़वान अली सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### उपभोक्ताओं की शिकायतों पर विशेष ध्यान दें अधिकारी: डॉ. आनन्द कुमार

**बहराइच, अमृत विचार।** सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जिला विद्युत समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में विद्युत विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे आरडीएसएस, बिजनेस प्लान" एवं एलओएच इत्यादि के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियंता विद्युत राम यश यादव ने जानकारी प्रस्तुत की। सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति, विद्युत आपूर्ति की स्थिति, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की समीक्षा करते हुए उपभोक्ताओं की शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के दिशा-निर्देश दिए। सांसद बहराइच व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विद्युत आपूर्ति में सुधार, जर्जर लाइनों के सुदृढ़ीकरण, ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन में तीव्रता तथा उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता को प्राथमिकता दी जाए। अधीक्षण अभियंता द्वारा आश्वस्त किया गया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अधिशासी अभियंता बहराइच प्रवेश कुमार, कैसरगंज के जगेश कुमार, नानपारा के अनुभव कुमार, अधिशासी अभियंता मीटर प्रवीण कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता भंडार खंड पीसी राम, अधिशासी अभियंता कार्यशाला रहे।



बैठक में सांसद आनंद गोंड, विधायक व अफसर।

### पांटून पुल निर्माण के लिए घाघरा पर पहुंची पीपे की पहली खेप


घाघरा घाट पर गिराए गए पीपे। अमृत विचार

जरवल रोड (बहराइच)।

- पुल से छोटे वाहनों के लिए जारी रहेगा आवागमन

**अमृत विचार।** घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु और रेलवे एल्गिन ब्रिज के मध्य जल्द ही पीपे (पांटून) का पुल बनाया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए पीपे की पहली खेप, जिसमें करीब एक दर्जन पांटून शामिल हैं, जो घाघराघाट पहुंच चुकी है। विभाग के अनुसार पुल निर्माण का कार्य दिन-रात चलाया जाएगा ताकि इसे समय से पूरा किया जा सके।

यह पुल मुख्य रूप से छोटे वाहनों-कार, मोटरसाइकिल और साइकिल के आवागमन के लिए बनाया जा रहा है। बड़े वाहनों के लिए जिला प्रशासन द्वारा रूट डायवर्जन की व्यवस्था की जाएगी। निर्माण कार्य 15 अप्रैल तक पूरा करने का आदेश जारी किया गया है। इस काम की जिम्मेदारी एएम बिल्डर्स एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दी गई है।

बताया जा रहा है कि परियोजना में सबसे अधिक खर्च पांटून की ढुलाई पर प्रस्तावित है। कुल 208 पांटून ट्रक-ट्रेलर के माध्यम से संजय सेतु तक पहुंचाए जा रहे हैं, जिनकी आपूर्ति का सिलसिला जारी है।

लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-1 बहराइच द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के अंतर्गत किलोमीटर 35 पर घाघरा घाट में 1.570 किलोमीटर लंबा पांटून सेतु बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था। इस परियोजना की अनुमानित लागत 826.45 लाख रुपये रखी गई थी। परीक्षण के उपरांत मुख्यालय स्तर से 628.53 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## स्वास्थ्य शिविर में 46 मरीजों की हुई जांच

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** ग्रामीण स्तर पर गंभीर बीमारियों की समय से पहचान और उपचार के उद्देश्य से शुक्रवार को ग्राम पंचायत वभनियावा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) में एक दिवसीय स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा के निर्देशन एवं अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शिविर में पयागपुर से आई विशेषज्ञों की टीम द्वारा गैर-संचारी रोगों (एन सीडी), कैंसर, ओरल हेल्थ और क्षय रोग (टीबी) की सघन स्क्रीनिंग की गई। जाँच के दौरान कुल 46 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से विभिन्न बीमारियों के लक्षण पाए जाने पर 13 मरीजों को बेहतर उपचार हेतु उच्च स्वास्थ्य इकाइयों पर रेफर किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सरकार की


मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मौके पर दिया गया, जिसके तहत 21 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए।शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बीपीएम अनुपम शुक्ल ने पर्यवेक्षण कार्य किया। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि खान-पान और जीवनशैली में बदलाव कर कैंसर व टीबी जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. श्री केस वर्मा, एसटीएस कृष्ण कुमार शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, सीएचओ मनोज कुमार और अजय कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। शिविर में लाभार्थियों की भारी भीड़ रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

## बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

पयागपुर (बहराइच)

आयोजन

**अमृत विचार।** पयागपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भूपगंज में खाटू वाले श्याम प्रभु का भव्य जन्मोत्सव बेहद हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्ति के रंगों में सराबोर नजर आया। क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या महिलाएं हर कोई बाबा श्याम की भक्ति के रस में डूबा दिखाई दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ऐतिहासिक निशान यात्रा रही। इस शोभयात्रा में 1801 श्रद्धालुओं ने बाबा का पावन निशान (ध्वज) हाथ में लेकर पदयात्रा की।

शोभायात्रा में सभी श्रद्धालु पीत वस्त्रों में एवं महिलाएं मारवाड़ी परिधान से सुसज्जित थे, जिससे पूरा मार्ग मानो केसरिया सागर में तब्दील हो गया था। यह यात्रा भूपगंज के त्रिदेव मंदिर से शुरू होकर सोसायटी चौराहा, स्टेशन चौराहा और मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गों से होती हुई गुजरी। इस दौरान 'जय श्री श्याम' और 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के नारों से आकाश गुंजायमान रहा जन्मोत्सव की रात्रि को एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते और थिरकते रहे। बाबा के दरबार का श्रृंगार इतना अलौकिक था कि हर किसी की नजरें वहीं टिकी रहीं यात्रा के दौरान नगर के निवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भक्तों का अभिनंदन किया।


निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

फिजाओं में इत्र और अबीर-गुलाल की महक घुली रही। भक्तों की थकान दूर करने के लिए स्थानीय समाजसेवियों और व्यापारियों ने जगह-जगह भंडारे और शरबत की व्यवस्था की थी। रास्ते भर सेवादारों का उत्साह देखते ही बन रहा था कार्यक्रम का विधिवत समापन एक विशाल भंडारे के साथ हुआ। मंदिर परिसर में आयोजित इस प्रसाद वितरण में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा का भोग ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि बाबा श्याम का यह जन्मोत्सव क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना के साथ मनाया गया है

कार्यक्रम में विधान सभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, समाजसेवी ओम प्रकाश मिश्र, चैयरमैन विपिन श्रीवास्तव, कपीश सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, संचित शुक्ल, अजीत शुक्ल आयोजक समिति के श्याम सुंदर नौसारिया, अवनीश अग्रवाल, दानेंद्र शर्मा, राम प्रसाद शर्मा, ऐश्वर्या रस्तोगी, नितिन मूंदड़ा, सत्येंद्र केडिया, रितेश अग्रवाल सहित भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

### शैक्षिक भ्रमण के लिए बच्चों का दल आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ रवाना

**बाबागंज (बहराइच)।** विकास क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का दल एआरपी शैलेन्द्र कुमार व विमल अंग्निहोत्री के निर्देशन में शैक्षिक भ्रमण के लिए आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ रवाना हुआ। परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक परिवेश कों बेहतर बनाने व बच्चों की विद्यालय में रुचि पैदा करने के उद्देश्य से सरकारी स्तर पर तमाम प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बीआरसी नवाबगंज से रवाना हुए शैक्षिक भ्रमण दल को बीईओ राधेश्याम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एआरपी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण हेतु बच्चों का चयन राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त बच्चों में से किया गया। बीईओ नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने कहा कि ऐसी यात्रा से बच्चे किताबी तनाव से मुक्त होते है तथा तरोंताज़ा होकर फिर से पढ़ाई में जुटते हैं। इस मौके पर कार्टीशन गोताखोर,अपना भार जानिए, हीरो की टरबाइन, केल्टन चक्र, घूमती गेंद, 3डी शो, जल हमारा जीवन, चलती गेंद, गहराई से संदेश, जादू का नल, वायु में तैरती गेंद, उत्तोलक, पदार्थों का अद्भुत संसार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, विलुप्त हो चुके प्राणियों के टैटू, मनोरंजक विज्ञान दीर्घा देख कर बच्चे प्रफुल्लित हुए। इस दौरान अरविन्द वर्मा, विनोद गिरि, सरवन वर्मा, अरुणरेंद्र सिंह,अजय मिश्रा, निधि पोद्दार, रंजू वर्मा, नवनीत प्रेमी, जीतेन्द्र वर्मा, प्राची शर्मा, रीतू पटेल, अविनाश चंद व कमलेश कुमार, विनोद सरोज नें सहभाग किया।


भ्रमण के दौरान मौजूद बच्चे व शिक्षक।

### मानव तस्करी के विरुद्ध किया जागरूक

**रूपईडीहा (बहराइच)।** एसएसबी 42वीं वाहिनी की बी-कंपनी, बक्शी फॉरेस्ट टीम द्वारा ग्राम जिया गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के प्रति सजग करना तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में बी-कंपनी बक्शी फॉरेस्ट के निरीक्षक यशवीर सिंह के नेतृत्व में एसआई/जीडी सुरेश राम, एएसआई/जीडी बिप्लब कुमार घोष, एएसआई/जीडी राकेश, हेड कांस्टेबल/जीडी रेहान खान, हेड कांस्टेबल/जीडी ओम प्रकाश, हेड कांस्टेबल/जीडी शैलेन्द्र एवं कांस्टेबल/जीडी बालाराजू उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एनजीओ प्रतिनिधि अर्जुन ने भी सहभागिता कर बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को बताया कि मानव तस्करी एक संगठित अपराध है, जिसमें लालच, झूठे प्रलोभन अथवा नौकरी का झांसा देकर महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं को शोषण के उद्देश्य से ले जाया जाता है। एनजीओ प्रतिनिधि ने भी बच्चों को सुरक्षित रहने के उपाय, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में अवगत कराया।


बच्चों को जागरुक करते एसएसबी के जवान।

## शिकायतों को सूचीबद्ध कर निस्तारित करें

संवाददाता श्रावस्ती


भिनगा कोतवाली में फरियाद सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम व एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनी।

कोतवाली भिनगा में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय व एएसपी राहुल भाटी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पांच राजस्व व दो पुलिस विभाग से संबंधित कुल सात शिकायतें आई। जिसमें से दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनें और उनकों सूचीबद्ध करके समय से निस्तारण करें। फरियादियों के साथ नम्र व्यवहार किया जाय। भूमि विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर मौके पर जाकर निस्तारण किया जाय। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। वहीं एसपी ने कहा कि प्राप्त शिकायतों को तुरंत मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई करें। निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को सूचित करें। एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम ने नवीन माडर्न थाने में शिकायत सुनी। गिरंट थाने में एक, इकौना में दो, मल्हीपुर में दो, सिरसिया में तीन, सोनवा में दो, नवीन माडर्न थाने में दो व गिलौला में चार समेत कुल 23 शिकायतें आई। जिसमें से दो का ही निस्तारण हो सका।

## नेपाल के संसदीय चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार।** पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में प्रस्तावित संसदीय चुनाव को लेकर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्र रूपईडीहा में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

सशस्त्र सीमा बल की 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि नेपाल में हो रहे चुनाव के मद्देनजर सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। सीमा से होकर आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की गहन जांच की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा वाहनों की भी सघन तलाशी ली जा रही है।

उन्होंने कहा कि एसएसबी की प्राथमिकता है कि कोई भी अवांछनीय तत्व भारत से नेपाल या नेपाल से भारत में प्रवेश न कर सके। इसके लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है तथा जवानों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ मुस्तैदी से डटी हुई हैं, ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।इसी के साथ सीमा पर संयुक्त गस्त भी किया जा रहा है।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**रूपईडीहा (बहराइच)।** दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को रूपईडीहा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि रूपईडीहा पुलिस ने दुष्कर्म के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर चल रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में ये कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि थाना रूपईडीहा पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अताउल्ला पुत्र दिलबहार, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी ग्राम कटघर थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच को मुखबिर की सूचना पर बाबाकुट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया।

### होली और रमजान में ड्रोन से होगी निगरानी

**जरवलरोड (बहराइच)।** आगामी होली और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना जरवलरोड पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। क्षेत्र को संवेदनशील श्रेणी में होते हुए प्रशासन ने पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी है। पुलिस द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, त्योहारों के दौरान क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नए कार्यक्रम के आयोजन पर पूरी तरह रोक रहेगी। जरवल रोड थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए आसमान से ड्रोन कैमरों के जरिए चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी साथ ही, सादे कपड़ों में इंटेलिजेंस पुलिस के जवान लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील हैं ताकि शरारती तत्वों पर नजर रखी जा सके। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि व्हाट्सएप, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों की भी कड़ी निगरानी की जा रही है। यदि किसी ने भी अफवाह फैलाने या शांति भंग करने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### केजरीवाल की रिहाई पर खुशी की लहर

**लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती)।** दिल्ली शराब मामले में आरोपी अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसौदिया को बरी किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजाहर किया। साथ ही रिहाई को न्याय की जीत बताया। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को आम आदमी पार्टी की बैठक किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी के गिलौला क्षेत्र स्थित औरैया निधान आवास आयोजित की गई। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसौदिया के रिहाई की जानकारी देते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस मौके पर आशीष, अरुण सिंह, बनवारी लाल पासवान, मंगलेश पटेल, संदीप पासवान, विद्यानिवास द्विवेदी, सुशील पांडेय, जय प्रकाश सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

पर्व

नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में रहने वाले थारू समाज की अनूठी होली की क्षेत्र में रहती है चर्चा

# मुखिया को उबटन लगाकर शुरू होती है थारु समाज की होली

शांति स्वरूप पांडेय, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** रंगों का महापर्व होली बुधवार को मनाया जएगा। गांव से लेकर शहर तक बसंती बयार हर किसी पर दिखने लगी है। ऐसे में थारू समाज की अनूठी होली की चर्चा जरूरी है। गांव में होली मंडली त्योहार को धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुट गई है। थारू समाज के लोग भी परंपरागत तरीके से पर्व को जीवंत बनाने की तैयारी में हैं। गांव के मुखिया को उबटन (बुकवा) लगाकर होरियारों की टीम पर्व का आगाज करती है।

नेपाल सीमा से सटे श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर व लखीमपुर खीरी में थारू जनजाति के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं। नेपाल सीमा पर बसे थारू जनजाति के लोगों की वेशभूषा व रहन-सहन की अलग पहचान होती है। विवाह उत्सव व तीज-त्योहारों पर इनकी सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिलती है। थारूओं में होली बसंत पंचमी से ही शुरू होती है। रंग-बिरंगे परिधान में थारू परंपरागत तरीके से त्योहार मनाते हैं। महिलाएं भी होली का पर्व पूरे उत्साह से मनाती हैं। चोली व घाघरा के बिखरे चटख रंगों के बीच से उभरते होली गीत के स्वर बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। चांदी व गिलट के भारी भरकम गहनों से लदी महिलाएं भागते-दौड़ते पुरुषों की टोलियों के बीच बिंदास अंदाज में होली खेलती हैं। थारू गांवों में होली पर्व की शुरुआत करने के लिए समाज के लोग गाते-बजाते गांव के तीन चक्कर लगाते हैं। इसके बाद मुखिया के दरवाजे पर पहुंचते हैं। यहां सरसों भूनकर बनाए गए विशेष उबटन (बुकवा) मुखिया को लगाते हैं। मुखिया उन्हें खाने-पीने के सामान के साथ रुपये भी देते हैं। गुरु के दरबार में होली का समापन होता है।

भचकाही ग्राम में प्रताप नारायण व मोतीपुर कला में अयोध्या प्रसाद राना थारू समुदाय के श्रद्धेय गुरु हैं। भचकाही की ग्राम प्रधान मन कुमारी व शिक्षक कर्मवीर राणा का कहना है कि थारू समुदाय के लोग गुरु के यहां पहुंचकर उन्हें गुलाल-अबीर लगाते हैं। परंपरागत वाद्य वैरागनी ढपला बजाकर भजन गाकर सुख-शांति का आशीर्वाद लेते हैं।


भचकाही गांव में होली खेलते थारू समाज के लोग। (फाइल फोटो)


मटकी फोड़ के आयोजन में प्रतिभाग करते होहियारे। (फाइल फोटो)

### उत्सव में रंग जमाती है घर की बनी जाड़

होलिका दहन की पूर्व संध्या पर थारुओं की मौज-मस्ती का आलम अनोखे ढंग से होता है। रंग-बिरंगे परिधानों से सुसज्जित लोग अपने-अपने गांवों में परंपरागत तरीके से त्योहार मनाते हैं। घर की बनी जाड़ (चावल की बनी शराब) इनके उत्सव में रंग जमाती है। इस पर्व पर थारूओं के घर में नए अन्न का पूजन भी होता है।

### होली से जुड़ी है विवाह की परंपरा

थारू जनजाति में विवाह की परंपरा भी होली से जुड़ी है। बसंत पंचमी में होलिका के लिए रेड़ के पेड़ गाड़े जाते हैं, उसी समय से बहुओं का आना शुरू हो जाता है। यहां सामूहिक विवाह का भी प्रचलन है। शादी की रस्म तीन दिनों तक चलती है। इन तीन दिनों में पूरा गांव एक घर की तरह नजर आता है। आपसी सामंजस्य के लिए थारू जनजाति समाज को आईना दिखा रहे हैं।



लालयेत् पंचवर्षाणि
दशवर्षाणि ताडयेत्।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं
मित्रवदाचरेत्॥

बच्चों को पांच साल की उम्र तक प्यार और देखभाल के साथ रखना चाहिए। दस साल की उम्र तक उन्हें अनुशासन में रखना चाहिए। लेकिन जब वे सोलह साल के हो जाएं, तो उनके साथ दोस्तों की तरह व्यवहार करना चाहिए।



# होली भारतीय लोक संस्कृति की अभिव्यक्ति

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थत्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थानत्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरंतन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अंतःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिंतन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूर्ण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल।

प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव, लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक् यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबंदी है। वसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। वसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढक गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर वसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। वसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो


प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है यह, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता।


जाता है? वायु देव को वसंत में, जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है, लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी वासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी वसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंदमगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े वन बबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गाएं उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गम की उमस और बेचैनी। वसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। वसंत इसीलिए ऋतुराज है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दसों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवंत हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं, लेकिन वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह वसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है।

होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छंद स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछंद है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखंड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। संवत्सर, युग और मंवतर आते हैं, पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। वसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असंभवों के संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग-तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मन आनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और संपूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवंत महामुक्ति और महाउल्लास है।

कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शायी है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है।

प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयां नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परंपरा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परंपरा एक सतत् प्रवाह है। परंपरा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता। सामूहिकता हरेक कालखंड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती, लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गए। सो होली जैसे अंतर्राष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सवधर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए उत्सवधम हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।

# सभ्यता के मानकः शोर में डूबती संवेदनाएं

शादियों और त्योहार का समय है, साथ ही बोर्ड परीक्षाओं का भी। एक तरफ विद्यार्थी अपनी तैयारी में व्यस्त हैं, दूसरी तरफ तड़क-भड़क वाला संगीत जोर-जोर से बजता है। दोनों परिस्थितियों में गजब का विरोधाभास है, लेकिन हम हमेशा से यह सहते आ रहे हैं। आज के समय में परिस्थितियां ज्यादा विकट हो रही है। कानफोड़ू संगीत, जिसमें गीत के बोल पता ही नहीं चलते या मन को नहीं भाते, उस पर भौंडा डांस। शादी वाले परिवार से आप आवाज कम करने को नहीं कह सकते। आपकी बात सुनी ही नहीं जाएगी। दुश्मनी हो जाएगी। कई बार तो रात दस वाले मानक का पालन भी नहीं किया जाता। यूं भी संगीत जितना धीमा हो, जितना मृदुल हो, उतना मधुर लगता है। फिर आपकी स्वतंत्रता भी वहां पर समाप्त हो जाती है, जहां दूसरे की शुरू होती है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इस संदर्भ में एक दो घटनाएं ध्यान आ रही हैं। एक हमारे बचपन की, जब हम लोग स्कूल में पढ़ते थे। हमारे घर से लगा हुआ मकान था। दरवाजे आपस में आमने-सामने मिलते थे। उस घर में टीवी फुल वॉल्यूम में लगता था। मां जब वॉल्यूम कम करने को कहती थी तो वह आंटी बड़े गर्व से कहती थीं कि दीदी, यह नया टीवी है, इसमें वॉल्यूम ज्यादा ही है। अक्षरशः उन्होंने क्या कहा मुझे याद नहीं है, लेकिन भाव याद हैं। मां और पापा उनकी बुद्धि पर तरस खाकर हंसते थे। फिर एक दिन मां ने खुद जाकर वॉल्यूम कम करके उन्हें दिखाया था कि नए टीवी में भी वॉल्यूम कम की जा सकती है। टेक्नोलॉजी जितनी विकसित होगी, उतनी सुविधा संपन्न होगी।

एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो। डिस्टर्बेंस होने पर पड़ोस की आंटी ने पुलिस में कंप्लेंट कर दी। तुरंत पुलिस आई। बताया कि पड़ोस से कंप्लेंट आई है और वॉल्यूम कम करने को कहा। पुलिस का आना वहां पर कोई बड़ी बात नहीं है। यह एक सामान्य घटना है और जाते समय पुलिस वाले असुविधा के लिए खेद जताते हुए सॉरी भी बोल कर गए। क्योंकि यह कोई बहुत बड़ा अपराध नहीं था। अनजाने में की गई गलती थी। ये होते हैं सभ्यता के मानक। जहां पर हर संबंधित पक्ष अपनी गलती मानकर उस पर विचार कर लेता है। हमारे देश में इस तरह के मानक नहीं दिखाई देते। एआई से हम अपनी सुंदर तस्वीरें बना लेते हैं, पर मन को संवारने वाला कोई एआई हमने अभी तक विकसित नहीं किया है। इस तरह की सभ्यता और संस्कार से हम अभी भी कोसों दूर हैं।



एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो।


# पतझड़ से सबक लेने की जरूरत

मौसम पतझड़ का क्या आया कि साल भर से जिस पेड़ के सहारे पत्ते हरे-हरे दिख रहे थे, उनमें सारे के सारे पत्ते पेड़ से अलग हो गए। अलग होने के पहले ही पत्तों का हरापन गायब हो गया था और जब जमीन पर गिरे तो ज्यादातर पत्ते पीले हो गए, लगता है कि इन पत्तों को पीलिया रोग हो गया। एक भी पत्ता पेड़ से यह नहीं कह रहा कि साल भर के रिश्ते को वह नहीं तोड़ेगा और पेड़ का साथ निभाएगा।

पत्तों के संबंध विच्छेद कर लेने के बावजूद पेड़ जैसे वस्त्रविहीन हो गया हो, लेकिन अपनी डालों के साथ जस का तस खड़ा है। उसे अपनी डालों पर भरोसा है कि जल्द इन डालों पर नए पत्ते आएंगे और उसकी आभा और अच्छे रूप में निखरेगी। पेड़ को यह भरोसा किसी से मिल रहा है, तो पेड़ों की जड़ से मिल रहा है। पत्तों के गिरने के बावजूद पेड़ जड़ के सहारे खड़ा है।

ऐसी ही कुछ स्थिति मनुष्य की होती है। कभी इतना सुखमय और आनंदमय जीवन होता है कि उसकी प्रतिष्ठा समाज में बढ़ जाती है। लोगबाग उसे इर्द-गिर्द मंडराते रहते है। क्योंकि अच्छे दिनों में वह मनुष्य सबकी मदद करता रहता है। किसी ने कुछ मांगा तो इंकार नहीं किया, लेकिन समय किसी को छोड़ता नहीं। समय अनुकूल आता है, तो साधारण व्यक्ति राजसी जीवन जीने लगता है और समय बिगड़ता है, तो राजसी से वह रंक जैसा साधारण एवं निर्धन हो जाता है। जहां मनुष्य साधारण और निर्धन हुआ, तत्काल उसके इर्द-गिर्द रहने वाले किनारा कसने लगते हैं। जबकि इसी समय अपनों के सहारे की जरूरत पड़ती है, लेकिन मतलबी दुनियां में मतलब निकलते तत्काल मुंह मोड़ने वाले ज्यादा होते हैं। जब अपने लोग विपन्नता की स्थिति आते किनारा कसते हैं तब कमजोर मन वाला व्यक्ति हताश और निराश होने लगता है तथा अवसाद में चला जाता है, लेकिन बुद्धि-विवेक वाला पतझड़ से पत्ते विहीन हुए पेड़ों से सबक लेता है। उसे लगता है कि वह अपने बुद्धि-विवेक की जड़ के बल पर पुनः हरे-भरे पेड़ जैसा हो जाएगा। वह हिम्मत हारता नहीं। कहा भी गया है, 'हारिए न हिम्मत, बिसारिए न राम'। यहां राम का आशय समय के पुनः बलवान होने की उम्मीद से है। जो इन पंक्तियों पर भरोसा करता है तब वह नए सिरे से पुनः अपने को स्थापित करने की कोशिश करता है। कोशिशों का नतीजा प्रायः अनुकूल होता है और पुनः पत्ते विहीन पेड़ जो हो गए, वे समय के अंतराल पर हरे-भरे हो गए, उसी प्रकार सुनियोजित प्रयास से व्यक्ति भी पेड़ों की तरह हरा-भरा जरूर होने लगेगा।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

तमाम उदाहरण है कि कल तक फकीरों जैसा जीवन जीने वाला, समय बदलते धन-धान्य तथा यश-कीर्ति से परिपूर्ण हो जाता है। आशय यही है कि समय अच्छा हो या बुरा, जड़ों के सहारे खड़ा व्यक्ति कभी परास्त नहीं हो सकता।

# स्वच्छता का पर्व है होली

होली की पहचान देश की संस्कृति के रूप में होती है। वसंत ऋतु जनजीवन में नई चेतना का संचार कर रही होती है, फागुन की सुरमई हवाएं वातावरण को मस्त बनाती हैं, तभी होली के रंग लोकजीवन में घुल जाते हैं। इन्हीं दिनों नई फसल भी तैयार होती है और किसानों के लिए यह उल्लास का समय होता है। तभी होली के बहाने नए अन्न की पूजा पूरे देश में की जाती है। यही नहीं पूरी दुनिया में होली की ही तरह अलग-अलग समय में त्योहार मनाए जाते हैं, जिनका असल मकसद तनावों से दूर कुछ पल मौज-मस्ती के बिताना और अपने परिवेश के गैरजरूरी सामान से मुक्ति पाना होता है।

वास्तव में होली का अर्थ है- हो ली, यानी जो बीत गई सो बीत गई, अब आगे की सुध है। गिले-शिकवे मिटाओ, गलतियों को माफ करो और एक दूसरे का रंगों में सराबोर कर दो-रंग प्रेम के, अपनत्व के, प्रकृति के। विडंबना है कि भारतीय संस्कृति की पहचान कहलाने वाला यह पर्व पर्यावरण का दुश्मन नशाखोरी, रंग की जगह त्वचा को नुकसान पहुंचाने, आनंद की जगह भोंडे उधम के लिए कुख्यात हो गया है। कहानियां, किवदंतियां कुछ भी कहें, लेकिन इस पर्व का वास्तविक संदेश तो स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण ही है। यह दुखद है कि अब इस त्योहार ने अपना पारंपरिक रूप और उद्देश्य खो दिया है और इसकी छवि पेड़ व हानिकारक पदार्थों को जलाकर पर्यावरण को हानि पहुंचाने और रंगों के माध्यम से जहर बांटने की बनती जा रही है। हालांकि देश के कई शहरों और मुहल्लों में बीते एक दशक के दौरान होली को प्रकृति-मित्र के रूप में मनाने के अभिनव प्रयोग भी हो रहे हैं। हमारा कोई भी संस्कार या उत्सव उल्लास की आड़ में पर्यावरण को क्षति की अनुमति नहीं देता। होलिका दहन के साथ सबसे बड़ी कुरीति हरे पेड़ों को काटकर जलाने की है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

वास्तव में होली भी दीपावली की ही तरह खलिहान से घर के कोठार में फसल आने की ख़ुशी व्यक्त करने का पर्व है। याद करें कि होली में गोबर के बने उपले की माला अवश्य डाली जाती है। असल में ठंड के दिनों में जंगल जा कर जलावन लाने में डर रहता था, सो ऐसे समय के लिए घरों में उपलों को भी एकत्र कर रखते थे। चूंकि अब घर में नया अनाज आने वाला है सो, कंडे-उपले की जरूरत नहीं, तभी उसे होलिका दहन में इस्तेमाल किया जाता है। उपले की आंच धीमी होती है, लपटें ऊंची नहीं जातीं, इसमें नए अन्न- गेंहू की बाली या चने के छोड़ को भूना भी जा सकता है, सो हमारे पूर्वजों ने होली में उपले के प्रयोग किए। एक बात और आदिवासी समाज में प्रत्येक कृषि उत्पाद के लिए "नवा खाई' पर्व होता है, जो भी नई फसल आई, उसके लिए प्रकृति का धन्यवाद। होली भी किसानों के लिए कुछ ऐसा ही पर्व है। होलिका पर्व का वास्तविक समापन शीतला अष्टमी को होता है। पूर्णिमा की होली और उसके आठ दिन बाद अष्टमी का यह अवसर! शक संवत का पहला महीना चैत्र और इसके कृष्ण पक्ष पर बासी खाना खाने का बसौड़ा। इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलता और एक दिन पहले ही पक्की रसोई यानी पूड़ी कचौड़ी, चने, दही बड़े आदि बन जाते हैं। सुबह सूरज उगने से पहले होलिका के दहन स्थल पर शीतला मैया को भोग लगाया जाता है। स्कंद पुराण शीतलाष्टक स्त्रोत के अनुसार "वन्देहं शीतलां देवींरासभस्थां दिगम्बराम। मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालङ्कृतमस्तकाम।।" अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगंबरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाड़ू) होने का अर्थ है कि समाज को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। हकीकत में संदेश यही है कि यदि स्वच्छता रखेंगे, तो ये रोग नहीं हो सकते।

तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है। समापन पर स्वच्छता की देवी की पूजा कर समाज को साफ-सफाई का संदेश दिया जाता है। होली पर बसौड़ा चढ़ावा गरीबों के लिए सहारा बनता है। यही लोग नई उमंग से खेतों में श्रम करते हैं। अतः होली समरसता, पर्यावरण संरक्षण और मनोविनोद का मूल दर्शन प्रस्तुत करती है।


तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है।


# शिक्षा सुधार या शिक्षक नियंत्रण

सबसे खतरनाक और सुविधाजनक भ्रम है कि शिक्षक की भूमिका केवल आदेशों का पालन करने तक सीमित है। जैसे शिक्षक कोई स्विच हो-ऊपर से निर्देश आए और नीचे क्रियान्वयन हो जाए। समाज और व्यवस्था, दोनों ही अक्सर इसी धारणा में सुकून महसूस करते हैं, क्योंकि इससे जिम्मेदारी का बोझ अपने कंधों से उतर जाता है। अगर परिणाम अच्छे नहीं आए, तो उंगली शिक्षक पर और अगर सब ठीक चला, तो श्रेय व्यवस्था का। यही सबसे बड़ी बौद्धिक बेईमानी है।



प्रवीण त्रिवेदी
शिक्षक

शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का दूत नहीं होता, वह कक्षा में खड़ा एक जीवित विवेक होता है। वह बच्चों के सवालों से रोज टकराता है, उनकी जिज्ञासाओं, भय और संभावनाओं को अपने सामने खुलते देखता है। आदेश कागज पर लिखे जाते हैं, लेकिन उनका असर जमीन पर बच्चों के दिमाग और भविष्य पर पड़ता है। इस अंतर को समझने की जहमत समाज अक्सर नहीं उठाता। आदेश मानने की अपेक्षा तो रखी जाती है, पर यह नहीं पूछा जाता कि वह आदेश बच्चों के जीवन में क्या बदल रहे हैं। विडंबना यह है कि जब भी शिक्षा व्यवस्था में कोई सुधार की बात होती है, शिक्षक को सबसे पहले "अनुशासन में लाने" का लक्ष्य बनाया जाता है। प्रशिक्षण, निरीक्षण, मूल्यांकन सबका उद्देश्य यही मान लिया जाता है कि शिक्षक को और अधिक नियंत्रित किया जाए। यह मानकर चला जाता है कि शिक्षक सोचने लगे तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। दरअसल डर यह है कि अगर शिक्षक सचमुच सोचने लगा, सवाल पूछने लगा, तो कई खोखले आदेश टिक नहीं पाएंगे। समाज भी इस खेल में बराबर का भागीदार है। वही समाज जो अपने बच्चों की हर कमी का ठीकरा स्कूल पर फोड़ देता है, वही समाज शिक्षक से यह उम्मीद नहीं करता कि वह व्यवस्था से सवाल पूछे। शिक्षक आदर्श बने, त्यागी बने, राष्ट्रनिर्माता बने, लेकिन चुपचाप बने। बोलने वाला शिक्षक असुविधाजनक हो जाता है और असुविधाजनक सच किसी को पसंद नहीं आता।

अब समय है कि शिक्षक को केवल निर्देशों का पालनकर्ता मानने की सुविधा छोड़ दी जाए। अगर शिक्षा को सचमुच सुधारना है, तो शिक्षक को केंद्र में लाना होगा। केवल जिम्मेदारी देने के लिए नहीं, बल्कि अधिकार और विश्वास देने के लिए भी। वरना हम हर साल नई योजनाओं, नए आदेशों और वही पुराने नतीजों के बीच घूमते रहेंगे और दोष हमेशा उसी पर डालेंगे जो सबसे सामने, सबसे ईमानदारी से खड़ा है।

# मेलों पर संकटः सुरक्षा व आजीविका के बीच संतुलन की तलाश

भारत के पारंपरिक मेले केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, वे हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन का जीवंत हिस्सा हैं। गांव-गांव, शहर-शहर लगने वाले ये मेले सदियों से लोगों के मेल-मिलाप, लोक संस्कृति और आजीविका का आधार रहे हैं। यहां झूले लगाने वाले, खिलौने बेचने वाले, बर्तन, चूड़ी, हस्तशिल्प बेचने वाले दुकानदार, बुनकर, लोक कलाकार और छोटे कुटीर उद्योगों से जुड़े हजारों परिवार अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं, लेकिन आज यह पारंपरिक कारोबार गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। विशेष रूप से गुजरात में तो स्थिति ऐसी बन गई है कि मेले लगभग समाप्ति की ओर हैं। अन्य राज्यों में भी कड़े नियमों की आशंका से मेला आयोजकों और झूला संचालकों के बीच असुरक्षा का माहौल है।



राजकोट में एक गेमिंग जोन में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उस हादसे के बाद राज्य सरकार ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सख्त नियम लागू किए। जन सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें कोई मतभेद नहीं हो सकता। सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, लेकिन नियम बनाते समय इस बात पर शायद ध्यान ही नहीं दिया गया कि राजकोट की घटना एक बंद, पक्के और अवैध गेमिंग जोन में हुई थी, जबकि पारंपरिक मेले और झूले खुले वातावरण में अस्थायी ढांचे में लगाए जाते हैं।



जगराम गुर्जर
लेखक

खुले मेलों के झूले न तो पक्के भवनों में होते हैं, न ही उनमें जटिल बिजली व्यवस्था या आग पकड़ने वाली बनावट होती हैं। इसके बावजूद नए नियमों का सबसे अधिक प्रभाव इन्हीं छोटे मेला आयोजकों और झूला संचालकों पर पड़ा है। नए प्रावधानों के तहत महंगे इंजीनियरिंग सर्टिफिकेट, भारी बीमा कवर, जटिल लाइसेंस प्रक्रिया और बार-बार निरीक्षण जैसी शर्तें लागू कर दी गई हैं। छोटे स्तर पर काम करने वाले ये लोग पहले ही भारी कर्ज लेकर अपने झूले खरीदते हैं। उनके लिए महंगे प्रमाण पत्र और बीमा प्रीमियम जुटाना लगभग असंभव है। गौर करने वाली बात है कि कोई भी मेला आयोजक या झूला संचालक सुरक्षा नियमों को हटाने की मांग नहीं कर रहा। बंद गेमिंग जोनों के लिए कठोर नियम आवश्यक हैं और उनका पालन होना चाहिए, लेकिन खुले मेलों के पारंपरिक झूलों के लिए अलग, सरल और व्यावहारिक नियम बनाए जाने चाहिए।

आज देश में अनेक झूला निर्माता कार्यरत हैं। क्या उनके निर्माण मानकों की नियमित जांच होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि हर झूला तकनीकी कसौटियों पर खरा उतरता है? यदि निर्माण स्तर पर ही त्रुटि रह जाए तो उसका खामियाजा अंतिम संचालक और आम जनता को भुगतना पड़ता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल संचालन स्तर पर कठोरता बढ़ाने में नहीं है, बल्कि निर्माण से लेकर संचालन तक एक संतुलित और व्यावहारिक निगरानी व्यवस्था बनाने में है। पारंपरिक मेलों को समाप्त होने देना केवल आर्थिक क्षति नहीं होगी, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए भी आघात होगा। आज जब बड़े मॉल और डिजिटल मनोरंजन के साधन तेजी से बढ़ रहे हैं, तब भी मेले लोगों को खुला, सामुदायिक और पारिवारिक मनोरंजन प्रदान करते हैं। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को संबल देने में इनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

आवश्यक है कि सरकार, प्रशासन और मेला आयोजकों के प्रतिनिधि मिलकर एक व्यवहारिक नीति तैयार करें। एक ऐसी नीति जो भले ही सुरक्षा से समझौता न करे, लेकिन छोटे व्यवसायियों को काम करने से भी नहीं रोके। यदि समय रहते संतुलित निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां शायद केवल किताबों में पढ़ेंगी कि कभी हमारे गांव-शहरों में रंग-बिरंगे मेले लगते थे, जिनमें बच्चों की हंसी और लोकगीतों की गूंज होती थी। सुरक्षा और आजीविका के बीच संतुलन ही इस संकट का वास्तविक समाधान है। यही समय की मांग है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### स्टोर के सामने खड़ी बाइक दिनदहाड़े चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र के जियो स्टोर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गयी मनीष कुमार वर्मा जियो स्टोर पर कार्यरत हैं। पीड़ित के मुताबिक 6 फरवरी को सुबह वह अपनी बाइक से जियो स्टोर पहुंचे थे। बताया गया कि वाहन को स्टोर के सामने खड़ा कर वह पास की एक दुकान पर आवश्यक कार्य से गए। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

### शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना परिसर में थाना प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में तीन शिकायतें आईं। ग्राम पंचायत धरौली के प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत राव ने मजरे मदारपुर चकमार्ग की पैमाइश, ग्राम पंचायत नौबस्ता के दिनेश ने पक्की नाली में मिट्टी डालने से पानी निकासी बंद होने, और ग्राम किन्हौली निवासी राजेश ने रामनगर हाईवे के पश्चिम दिशा में बाउंड्री निर्माण कर कब्जे की शिकायत की। थाना प्रभारी ने सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

### शिक्षामित्र को दी विदाई

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक मसौली के प्राथमिक विद्यालय भयारा द्वितीय में शिक्षामित्र राज बहादुर वर्मा के सेवानिवृत्ति उपरांत भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं ब्लॉक मसौली के यूटा ब्लॉक अध्यक्ष लवलेश कुमार यादव ने उनके कर्मनिष्ठ शिक्षण जीवन और बहुआयामी प्रतिभा की सराहना की। समारोह में उपस्थित प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के अध्यक्ष प्रभात वर्मा, देवेंद्र सिंह, शिवम तिवारी, सबीहा फिरदौस और अन्य शिक्षकों ने उन्हें सम्मानित किया।

# झुलसी बालिका की मौत से आक्रोश

## खौलते पानी के भगोने में गिर गयी थी, पुलिस बल की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

- एक सप्ताह से लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती थी
- परिजनों ने दुकानदार पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार :** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के कोटवाधाम गांव में एक सप्ताह पहले खौलते पानी में गिरकर गंभीर रूप से झुलसी सात वर्षीय बालिका की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। शनिवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। भारी आक्रोश व भीड़ को देखते हुए पुलिस और पीएसी बल की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया गया।

घटना 22 फरवरी को क्षेत्र के कोटवाधाम गांव में हुई। राजू गुप्ता की पौत्री वैष्णवी सुबह करीब नौ बजे गांव की एक किराना दुकान पर सामान लेने गई थी। दुकान के पास खोया बनाने का कार्य चल रहा था और खौलते पानी के बड़े भगोने रखे थे। इसी दौरान वह कड़ाही से टकराकर खौलते पानी में गिर गई, जिससे वह करीब 60 प्रतिशत तक झुलस गई। घटना के तुरंत बाद परिजन उसे सिरौलीगौसपुर अस्पताल ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां वह करीब एक सप्ताह से आईसीयू में भर्ती थी। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने दुकान संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बालिका के बाबा राजू गुप्ता का कहना है कि खोया बनाने का काम असुरक्षित ढंग से किया जा रहा था। इस संबंध में बदोसराय कोतवाली में पहले ही मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। शव गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। एहतियात के तौर पर क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत, प्रभारी निरीक्षक बदोसराय अजीत विद्यार्थी सहित कई थानों की पुलिस बल मौके पर तैनात रही।


वैष्णवी फाइल फोटो।

### परिजनों ने अबीर लगाकर नम आंखों से दी विदाई

खौलते पानी में गिरकर जान गंवाने वाली वैष्णवी की अंतिम विदाई कलेजा हिला देने वाली थी। होली के रंगों से स्नेह करने वाली बच्ची के शव पर अबीर गुलाल लगाकर परिजनों ने अश्रुपूरित प्यार दुलार लुटाया। परिजनों का विलाप देखकर ग्रामीण भी अपने आंसू नहीं रोक सके। नन्ही वैष्णवी घर ही नहीं बल्कि तमाम घरों के लिए बहुत दुलारी थी, लेकिन कुदरत के खेल निराले हैं।

## हत्या के प्रयास में दो को 10-10 वर्ष की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने हत्या के प्रयास प्रकरण में 2 अभियुक्तों को 10-10 वर्ष कठोर कारावास व 50-50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना मसौली पर हत्या के प्रयास के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमें के अभियुक्त अवधेश यादव व रामबाबू अवस्थी को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 2 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 10-10 वर्ष कठोर कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 7 जुलाई 2014 को थाना मसौली पर उत्तम कुमार पाण्डेय ने अभियुक्तों द्वारा पीछे से पीठ पर गोली मार कर घायल कर देने के सम्बन्ध में सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन


जांच शिविर में मौजूद संस्थापिका विभा व अन्य। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तारांशी फाउंडेशन द्वारा जनपद कार्यालय पर नि:शुल्क बेसिक नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। बेंगलुरु से आए युवा उद्यमी दिव्यम गोयल एवं दिव्यांशी गोयल के सहयोग से नेत्र परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क चश्मे भी बनवाए जाने की व्यवस्था की गई। फेलोशिप में चयनित शालनी, उनके माता-पिता, भाई-बहन सहित वरिष्ठ नागरिकों ने शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम के आरम्भ में ऑरोविल फाउंडेशन (पांडिचेरी) का स्थापना दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर तारांशी फाउंडेशन की संस्थापिका विभा ने दिव्यम गोयल, दिव्यांशी गोयल और रुमा जी का स्वागत करते हुए शिविर के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सह-संस्थापक राजीव गुप्ता, डॉ. स्नेह लता, कुसुम सहित कुल 80 लोग उपस्थित रहे।

## आरोग्य मंदिर की बदहाली पर ग्रामीणों में आक्रोश

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली सफदरगंज से ब्लॉक मसौली अंतर्गत ग्राम पंचायत बेरी स्थित आरोग्य मंदिर की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। आरोप है कि केंद्र पर तैनात एनएम नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहतीं और केंद्र समय से नहीं खुलता। प्रसव कक्ष पर ताला लटका मिला। ग्रामीणों का कहना है कि जबकि जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सभी आरोग्य मंदिरों को समय से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। लेकिन बेरी में इन आदेशों की अनदेखी हो रही है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक, बड़ागांव राधेश्याम गोंड ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जांच कराकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।


बंद पड़ा आरोग्य मंदिर।

# युवाओं के विचारों से तय होगी देश की दिशा : न्यायमूर्ति

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहनलाल वर्मा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, बाराबंकी में जनपद स्तरीय युवा संसद 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च न्यायालय इलाहाबाद न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

उद्घाटन संबोधन में न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि युवाओं के विचारों से देश की दिशा तय होगी। युवाओं को व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं के विचार नीति निर्माण और संसद तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत बाराबंकी की जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी पंकज कुमार पटवा के संयुक्त निर्देशन में किया गया। डॉ. पटवा ने बताया कि जिले भर से 103 युवाओं ने पंजीकरण कराया और प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। समापन सत्र में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में प्रथम पांच प्रतिभागियों का चयन कर उनके नाम विधानसभा स्तर के लिए घोषित किए गए।

# सुसज्जित होगा मॉडल फार्म:शाही

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को रामनगर स्थित मॉडल कृषि फार्म का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने निर्माणाधीन सभागार कक्ष, इंटरलॉकिंग कार्य, फसलों की स्थिति और कृषि यंत्रों के रखरखाव की समीक्षा की और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने फार्म में गेहूं सहित विभिन्न उन्नत किस्मों की फसल की जानकारी ली और उत्पादन लक्ष्य के बारे में अधिकारियों से अवगत हुए। उन्होंने बोरिंग एवं जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण कर नाली निर्माण कराने, कृषि यंत्रों के लिए नए भवन का उपयोग सुनिश्चित करने और अनाज भंडारण की सुरक्षा व क्षमता की समीक्षा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जर्जर भवनों को ध्वस्त करने और निष्प्रयोज्य यंत्रों की नीलामी कर संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। मंत्री ने कहा कि मॉडल फार्म को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित कर किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, प्रदीप कुमार वर्मा, शिवकुमार और गौरव वर्मा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


मॉडल कृषि फार्म का निरीक्षण करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। ● अमृत विचार

## सीवीओ ने गौ-आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण करते मुख्य पशु चिकित्साधिकारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने गौ-आश्रय स्थल जरहरा का निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंश को माला पहनाकर केला और गुड़ खिलाया। इसके बाद गौशाला के स्टोर में पशु आहार, भूसा और साइलेज की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने पशुओं के पीने के पानी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। गौशाला में बोई गई नेपियर फसल का निरीक्षण करने के बाद केयर टेकरों को शासन द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज कुमार वर्मा, राहुल वर्मा और पूर्व अध्यक्ष जनेस्मा अखिलेश वर्मा के साथ केयरटेकर भी मौजूद रहे।

# हिन्द इंस्टीट्यूट ट्रस्ट विवाद फिर गरमाया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफेदाबाद स्थित हिन्द इंस्टीट्यूट में ट्रस्ट को लेकर विवाद ने फिर सिर उठाया है। संस्था के महिला व पुरुष अध्यक्षों ने शनिवार को अपनी सफाई देते हुए स्पष्ट किया कि केवल एक ट्रस्टी को भ्रमित कर बेवजह विवाद खड़ा किया जा रहा है और इसमें अस्पताल के पूर्व पदाधिकारियों की भूमिका है। हालांकि संस्था के विवाद को लेकर कानून व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम व सीओ भी यहां मौजूद रहे।

बताते चलें कि हिन्द अस्पताल का संचालन वर्ष 2004 से हो रहा है। जिसकी स्थापना के मूल में एक ट्रस्ट है। इस ट्रस्ट में कुल सात सदस्य थे, इनमें दो के त्यागपत्र व दो के जीवित न रहने के बाद अब केवल तीन ही ट्रस्टी बचे हैं। एक ट्रस्टी बृजकिशोर सिंह बहराइच के रहने वाले हैं और उनका दावा है कि वह संस्था के वास्तविक चेयरमैन हैं, इसके अलावा अन्य पदाधिकारी हैं। इसका विवाद न्यायालय में भी विचाराधीन है। इस विवाद के बीच संस्था के चेयरमैन डा. आमोद कुमार सचान व चेयरपर्सन ऋचा मिश्रा हिन्द अस्पताल पहुंचे और अपनी बात रखी। इनका कहना है कि हिन्द अस्पताल के पूर्व अधिकारी वरुण श्रीवास्तव व रणविजय सिंह ने ट्रस्टी बृजकिशोर सिंह को भ्रमित कर रखा है। यही नहीं, खुद एक समिति के जरिए बृजकिशोर को संस्था अध्यक्ष व बाकी को पदाधिकारी होने का दावा कर रहे जबकि यह पूरी तरह गलत है। आज संस्थान अपने पैरों पर खड़ा है तो लोग पीछे पड़े हुए हैं। बताया कि उन लोगों ने भी कोर्ट में सिविल सूट दायर कर रखा है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी संगम कुमार के साथ मौजूद रहे उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि कानून व्यवस्था को देखते हुए वह मौके पर रहे ताकि कोई विवाद की स्थिति न बने।


पत्रकारों से वार्ता करतीं चेयरपर्सन ऋचा मिश्रा।

## रंजिश में दो भिड़े पक्ष, तीन घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरांय वन पुकार गांव में शुक्रवार की देर शाम रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। रमाशंकर दीक्षित ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपने भाई कृपाशंकर के साथ घर जा रहे थे, तभी मौजूद अरविंद, सजन, सुरेन्द्र एवं परमानंद शुक्ला ने हमला बोल दिया। वहीं दूसरे पक्ष के सरांय चौबे गांव के अरविंद रावत ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने तालाब में मछली डाल रहा था तभी रमाशंकर दीक्षित, अभिषेक, जगन्नाथ, हनुमान एवं धीरेंद्र दीक्षित ने उस पर हमला कर घायल कर दिया।

# बाइक फाइनेंस के नाम पर 47 हजार की ठगी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सतरिख क्षेत्र निवासी एक युवक ने बाइक फाइनेंस के नाम पर धोखाधड़ी, आरोप लगाते हुए न्यायालय की शरण ली है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

ताहीपुर निवासी नीरज कुमार रावत ने बताया कि उसने 10 अप्रैल 2024 को हीरो शोरूम से बाइक फाइनेंस पर खरीदी थी। वाहन का फाइनेंस टाटा कैपिटल के कार्यालय से कराया गया। उसने 10 किश्तें नियमित जमा कीं, लेकिन बीमारी के चलते बाद की 5 किश्तें जमा नहीं कर सका। आरोप है कि 30 अगस्त 2025 को फाइनेंस कंपनी से जुड़े व्यक्तियों ने कथित रूप से अवैध तरीके से बाइक कब्जे में ले ली। 2 सितंबर 2025 को जब वह कार्यालय पहुंचा तो उससे 5 हजार रुपये जमा कराए गए और बताया गया कि गाड़ी लखनऊ मुख्य शाखा भेजकर बेच दी गई है। पीड़ित का कहना है कि 10 सितंबर 2025 को एक व्यक्ति ने स्वयं को एजेंट बताकर 47,649 रुपये में लोन सेटलमेंट कराने और गाड़ी वापस दिलाने की बात कही। विश्वास में आकर पीड़ित ने 47,674 रुपये दे दिए। आरोप है कि उसे फर्जी लोन क्लोजर लेटर भेजा गया। जब पीड़ित लखनऊ स्थित टाटा कैपिटल की मुख्य शाखा पहुंचा तो बताया गया कि प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी हैं।

## रंग बरसे प्री-होली सेलिब्रेशन धूमधाम से आयोजित



कार्यक्रम के दौरान मौजूद कुलपति व अन्य। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विवि में होली पर्व के उपलक्ष्य में रंग बरसे शीर्षक से प्री-होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। चांसलर इं. पंकज अग्रवाल व प्रो-चांसलर इं. पूजा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सौहार्दपूर्ण ढंग से होली मनाने का संदेश देते हुए शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में होली गीतों पर छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों, समूह नृत्य और डी.जे. ने समां बांध दिया। इस अवसर पर शैक्षणिक सलाहकार आरुषी अग्रवाल, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) हेमेन्द्र शर्मा, फेस्ट इंचार्ज प्रो. (डॉ.) वीना सिंह, प्रो. बी. एम. दीक्षित, प्रो. नीरजा जिंदल, प्रो. आकांक्षा निगम एवं डॉ. अमित त्रिवेदी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# चोरों ने छत की जाली काट लाखों के जेवर-नकदी उड़ाई

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** एकमात्र सदस्य की मौजूदगी में छत की जाली काटकर अंदर घुसे चोर करीब दस लाख के जेवर व साढ़े सात हजार नकदी उठा ले गए। घर के अधिकांश सदस्य लखनऊ में रहते हैं। शनिवार सुबह घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। हालांकि दोपहर बाद पहुंची पुलिस ने घटना की जांच करने की बात कही है।

उखड़ी गांव निवासी रुद्रप्रताप सिंह ट्रांसपोर्टर हैं जो लखनऊ नगर में व्यवसाय करते हैं। परिवार के अधिकांश सदस्य वहीं रहते हैं। शुक्रवार रात उनका छोटा बेटा सत्यम सिंह घर पर अकेला था। शनिवार तड़के करीब साढ़े चार बजे जब उसकी आंख खुली तो घर के कई कमरों के दरवाजे खुले मिले। अंदर जाकर देखने पर अलमारी का सामान बिखरा पड़ा मिला वहीं जेवरात व नकदी गायब थी। परिजनों के अनुसार चोर मकान की छत पर लगी लोहे की जाली काटकर भीतर दाखिल हुए। अलमारी में रखे कीमती आभूषण और 7500 रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सुबह किसी व्यक्ति को घर के पास से भागते हुए देखे जाने की भी बात सामने आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से चोरों की एक कुल्हाड़ी का फल मिला, जिसे कब्जे में ले लिया गया। शनिवार सुबह सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस दोपहर घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की।

# दिव्या, चांदनी, आशीष, पिंकी व ज्ञान ने जीते मेडल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीजी कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को बालक व बालिका वर्ग की फाइनल स्पर्धाएं हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ जेबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की प्रबंधक एवं समाजसेविका पूनम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एथलेटिक्स में 200 मीटर दौड़ में दिव्या तिवारी, 100 मीटर दौड़ में सौरभ यादव, 400 मीटर में आशीष यादव, बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में चांदनी राजपूत विजयी रहीं। हैमर थ्रो में बृजलाल, ऊंची कूद में पिंकी कुमारी और ज्ञान सिंह यादव, लंबी कूद में पिंकी कुमारी व उदय राज, चक्का फेंक में सुनैना यादव व ज्ञान सिंह, भाला फेंक में बालिका वर्ग में पार्वती वर्मा और बालक वर्ग में शुभम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल में आजाद टीम विजेता रही, बैडमिंटन में शुभम ने पहला स्थान प्राप्त किया। श्री लोधेश्वर सांस्कृतिक क्लब के विद्यार्थियों को भी मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं का निर्देशन शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अरविंद यादव, रेफरी विपिन कुमार और शिखा सिंह ने किया। काव्य पाठ में जागृति रावत, शिवेश राजा व गोपाल त्रिपाठी ने समां बांधा। संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. रामकुमार सिंह ने किया। प्राचार्य ने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है।


प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी, अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

## ऑनलाइन खरीदारी से छोटे व्यापारियों पर संकट : जयदीप


प्रेस वार्ता करते जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू व अन्य। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सत्यप्रेमीनगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू ने ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन मार्केटिंग के कारण छोटे दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और कई व्यापारी दुकान का किराया तक निकाल पाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सुविधा का दावा करते हैं, लेकिन आपात स्थिति या देर रात आवश्यकता होने पर असमर्थ हो जाते हैं, जबकि मोहल्ले का छोटा दुकानदार व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर हर समय मदद को तैयार रहता है। उन्होंने बताया कि होली जैसे बड़े त्योहार से पहले भी बाजारों में अपेक्षित रौनक नहीं है और लगभग 60 प्रतिशत लोग ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं। जयदीप सिंह सिद्धू ने आम जनता से अपील की कि पिचकारी, रंग, नमकीन और रोजमर्रा के सामान के लिए अपने आसपास की दुकानों से खरीदारी करें। महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला ने बताया कि 15 मार्च से जिलेभर में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पत्रकार वार्ता में नगर अध्यक्ष मन्नूलाल चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, अतुल गुप्ता, अजय गुप्ता सहित अन्य व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।


याद | आधुनिकता के बीच पहले वाली होली के संरक्षण की आवश्यकता

# रंग, रिश्ते व अपनापन के साथ मनती थी होली

रिशू गुप्ता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आज की तेज रफ्तार और रंगों-डीजे वाली होली से पहले लगभग पच्चीस साल पहले होली का स्वरूप बिल्कुल अलग था।

उस समय त्योहार सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि रिश्तों की मिठास, आत्मीयता और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक था। गांवों और कस्बों में लोग सुबह से ही एक-दूसरे के घर पहुंचकर अबीर-गुलाल लगाते, गले मिलते और शुभकामनाएं देते। ढोलक, मंजीरे और फाग गीतों की मधुर तान हर जगह गूंजती थी, वहीं घरों में गुजिया, पापड़ और मठरी की खुशबू माहौल को महकाती थी। होलिका दहन पर पूरा गांव एकत्र होता और बुजुर्गों का आशीर्वाद युवाओं के उत्साह के साथ सामाजिक समरसता का संदेश देता। पुराने लोग मानते हैं कि असली खुशी रंगों में नहीं, बल्कि रिश्तों की गर्माहट और सामूहिक भावना में छिपी है। लोगों का कहना है कि आधुनिकता के बीच भी इस पुरानी होली की आत्मीयता और भाईचारे की परंपरा को संरक्षित रखना जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी रंगों के साथ रिश्तों की मिठास को अनुभव कर सकें।


पहले के समय में डीजे नहीं होता था। ढोलक-हारमोनियम पर गाए फाग आज भी हमारी यादों में ताजा हैं।
-लक्ष्मी शंकर गुप्ता


महिलाएं होली से एक सप्ताह पहले पकवान बनाना शुरू कर देती थीं, जिससे मोहल्ले में आपसी रिश्ते मजबूत होते थे।
-ज्ञान प्रकाश गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य


पहले के समय में होली आत्मीयता की प्रतीक थी, रंग कम लेकिन प्रेम और सम्मान भरपूर था।
-डॉ. एम.एल. साहू


पहले दिखावे की होड़ नहीं थी। हंसी-ठिठोली और घर-घर मिलन चलता रहता था।
-पंडित देवेश दत्त पाठक, ज्योतिषाचार्य

# युवक पर बेलचे व लाठी से हमला, हालत गंभीर

**बाराबंकी: अमृत विचार :** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के ग्राम खसपरिया में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम खसपरिया निवासी शिवा पुत्र राम प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि शुक्रवार को सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच गांव के ही रिंकू पुत्र राजू, राहुल पुत्र राजू, राज पुत्र संजय कनौजिया, अन्नू पुत्र संजय कनौजिया, कमलेश पुत्र लपटरी कनौजिया तथा शुभम पुत्र रामतीरथ ने उसके भाई सुमित पुत्र राम प्रकाश पर लोहे के बेलचे व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सुमित के माथे से लेकर नाक तक गंभीर चोट आई है। परिजनों के अनुसार घायल को तत्काल उपचार के लिए हिंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पर दी गई थी, लेकिन आरोप है कि अब तक अभियुक्तों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है।

## छात्रों ने आंचलिक विज्ञान नगरी का किया भ्रमण

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खंड देवा के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र का एक्सपोज़र विजिट शनिवार को आयोजित हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी देवा सुनील कुमार गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। भ्रमण में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आंचलिक विज्ञान केंद्र पहुंचकर विद्यार्थियों ने आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों, आकर्षक मॉडलों, सौर ऊर्जा के प्रयोगों, इंटरैक्टिव विज्ञान प्रदर्शनी, ज्ञानवर्धक विज्ञान शो तथा विभिन्न प्रयोगात्मक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। बीईओ ने बताया कि इस प्रकार के एक्सपोज़र विजिट विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान एआरपी विज्ञान अनूप त्रिपाठी, अभिषेक नाग, संध्या कबीर एवं शिव पूजन शर्मा तथा वरिष्ठ शिक्षक चंद्रभान सिंह एवं अरुण कुमार द्वारा विद्यार्थियों का सतत मार्गदर्शन किया गया।

## एयरलाइंस को 11 हवाई क्षेत्रों से बचने की सलाह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विमानन नियामक डीजीसीए ने शनिवार को एयरलाइंस को ईरान, सऊदी अरब और यूएई सहित 11 देशों के हवाई क्षेत्रों का उपयोग दो मार्च तक न करने की सलाह दी है। इन देशों में ईरान, इजराइल, लेबनान, यूएई, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, इराक, जॉर्डन, कुवैत और कतर शामिल हैं। इजराइल और अमेरिका ने शनिवार को ईरान पर हमला किया, जिसके बाद कई हवाई क्षेत्र पहले से ही बंद हैं। भारतीय एयरलाइंस ने पश्चिम एशिया के लिए सेवाएं स्थगित कर दी हैं।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार ,1 मार्च 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## गुजरात में 185 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी :** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) की अनुषंगी इकाई ''अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फाइव सी लिमिटेड'' ने गुजरात के खावड़ा में 185 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि इस संयंत्र के चालू होने के साथ ही एजीईएल की कुल परिचालन नवीकरणीय उत्पादन क्षमता बढ़कर 17,472 .2 मेगावाट हो गई है। प्रासंगिक मंजूरियों के आधार पर 28 फरवरी 2026 को इस सुविधा को चालू करने और एक मार्च 2026 से बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया।

## जिंदल पॉली फिल्म्स मामले में एनसीएलएटी का स्टे से इनकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें जिंदल पॉली फिल्म्स के शेयरधारकों द्वारा कंपनी के खिलाफ दायर ''क्लास एक्शन'' याचिका को स्वीकार कर लिया था। ''क्लास एक्शन'' या सामूहिक कार्रवाई याचिका कानूनी प्रक्रिया का एक ऐसा तरीका है, जिसमें लोगों का एक बड़ा समूह किसी कंपनी या संस्था के खिलाफ एक साझा मुकदमा दायर करते हैं। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने माना कि अल्पसंख्यक शेयरधारकों द्वारा दायर याचिका, जिसमें 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी का आरोप लगाया गया है।

## दुर्लभ पृथ्वी खनन के लिए अपनी तटरेखा खोलेगा आंध्र प्रदेश

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश अपनी खनिज समृद्ध तटरेखा को बड़े पैमाने पर दुर्लभ पृथ्वी और टाइटेनियम युक्त तटीय रेत खनन के लिए खोलने की योजना बना रहा है। यह एक रणनीतिक कदम है जिसका उद्देश्य चीन से आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए एक घरेलू मूल्य श्रृंखला बनाना है। सार्वजनिक क्षेत्र के आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम (एपीएमडीसी) ने तटीय जिलों में कई भारी खनिज युक्त भंडारों की पहचान की है, जो राज्य को टाइटेनियम डाइऑक्साइड, टाइटेनियम धातु और दुर्लभ पृथ्वी प्रसंस्करण के लिए एक संभावित केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

## प्रदर्शनी में ग्रामीण सशक्तिकरण, स्वदेशी उद्यमिता का उत्सव

**ठाणे।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की ओर से ठाणे के गावदेवी मैदान में आयोजित खादी-ग्रामोद्योग महोत्सव-2026 ग्रामीण सशक्तिकरण तथा खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के संवर्धन के सात दशकों के समर्पित प्रयास की प्रदर्शनी आयोजित की गयी है। आगामी छह मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में खादी की समृद्ध विरासत तथा लोकप्रिय ग्रामोद्योग उत्पादों की जीवंत झलक प्रस्तुत की जा रही है। इसका उद्घाटन एक भव्य उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि और ठाणे की महापौर शर्मिला पिंपलकर की उपस्थिति में केवीआईसी की मुख्य कार्यकारी रूप राशि ने किया।

### नई पहचान




गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर फैसिलिटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कंपनी के एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) प्लांट का उद्घाटन किया। कर्मचारियों से बात करते पीएम और साथ में माइक्रोन के सीईओ संजय मेहरोत्रा। फोटो : एजेंसी

# हार्डवेयर में भी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा भारत: मोदी

### पीएम मोदी ने किया साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन

**साणंद, एजेंसी**

- **दुनिया तक यह संदेश साफ और स्पष्ट रूप से पहुंच गया है कि भारत सक्षम है, भारत प्रतिस्पर्धी है और भारत प्रतिबद्ध है: प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर में अपनी ताकत के लिए पहचाने जाने के बाद अब देश हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान मजबूती से स्थापित कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका स्थित कंपनी के एटीएमपी (संयोजन, परीक्षण, अंकन और पैकेजिंग) संयंत्र का उद्घाटन भारत और अमेरिका के बीच गहरी साझेदारी को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि दुनिया तक यह संदेश साफ और स्पष्ट रूप से पहुंच गया है कि भारत सक्षम है, भारत प्रतिस्पर्धी है और भारत प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर की ताकत के लिए लंबे समय से पहचाने जाने वाला भारत अब हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी पहचान मजबूती से बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग का प्रमाण है, विशेष रूप से एआई और चिप प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में, जहां दोनों देशों के बीच साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने 20वीं सदी के दौरान औद्योगिक क्रांति का दौर देखा। उस समय जो देश कारखानों, मशीनों और बड़े पैमाने पर उत्पादन में आगे थे, उन्होंने तेजी से प्रगति की। लेकिन यह सदी एआई क्रांति की है और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सेतु हैं। छोटी सी चिप औद्योगिक क्रांति और एआई क्रांति दोनों को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अगर पिछली सदी में तेल की अहमियत थी, तो इस सदी की दिशा तय करने वाले माइक्रोचिप्स होंगे। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि देश ने अपने ''सेमीकंडक्टर मिशन'' की घोषणा उस समय की थी जब दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि महामारी के दौरान सब कुछ बिखरता हुआ महसूस हो रहा था, लेकिन जो बीज हमने दृढ़ विश्वास के साथ बोए थे, वे अब बढ़ रहे हैं और फल दे रहे हैं। बताया कि उनकी सरकार ने अब तक 'सेमीकॉन इंडिया' कार्यक्रम के तहत 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी है और माइक्रोन संयंत्र के अलावा तीन और परियोजनाओं में बहुत जल्द उत्पादन शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि हम जो सेमीकंडक्टर परिवेश बना रहे हैं, वह किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, यह पूरे भारत के लिए है।'' नोएडा (उत्तर प्रदेश), असम, ओडिशा और पंजाब में स्थित परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। मोदी ने कहा कि इस बजट में 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ेगा, भारत में सामग्री घटकों और सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और निर्यात में पिछले 11 वर्षों में हुई भारी वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। यह नया संयंत्र साणंद में एक नया परिवेश तैयार करेगा। प्रधानमंत्री ने टाटा नैनो फैक्ट्री का जिक्र करते हुए कहा, कि जब एक बड़ी वाहन कंपनी यहां आई थी, तो उसके साथ एक पूरा परिवेश विकसित हुआ। भविष्य में साणंद सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी सफलता का एक नया अध्याय लिखेगा। एक सरकारी बयान के अनुसार यह संयंत्र एसएसडी (सॉलिड स्टेट ड्राइव) भंडारण उपकरण के साथ ही रैम प्रकार के डीरैम और एनएएनडी उत्पादों का निर्माण करेगा। माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने इस संयंत्र में 22,516 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## सेबी प्रमुख, कनाडा के वित्त मंत्री के बीच चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कनाडा के वित्त मंत्री फ्रैंकोइस-फिलिप शैम्पेन के साथ संस्थागत निवेश को सुविधाजनक बनाने और नियामक सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।चर्चा के दौरान सेबी प्रमुख के साथ पूर्णकालिक सदस्य संदीप प्रधान और कार्यकारी निदेशक मनिंदर चीमा भी उपस्थित थे। सेबी द्वारा शनिवार को ''एक्स'' पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस बैठक में संस्थागत निवेश को बढ़ावा देने, नियामक समन्वय को सुदृढ़ करने और आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# ध्यान दे... बुलेट ट्रेन में अभी देरी है



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए चीन से टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) के आयात में हो रही देरी के बीच, उच्च श्रेणी के निर्माण उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के सरकार के फैसले से भारत की तेज रफ्तार वाली रेल आकांक्षाओं को बल मिल सकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में उच्च मूल्य और तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के लिए निर्माण और बुनियादी ढांचा उपकरण (सीआईई) संवर्धन योजना का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि यह बहुमंजिला अपार्टमेंट में लिफ्ट, छोटे और बड़े अग्निशमन उपकरणों से लेकर मेट्रो और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सड़क बनाने के लिए टनल बोरिंग उपकरणों तक हो सकता है।' भारत के पहले बुलेट ट्रेन गलियारे मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल (एमएएचएसआर) परियोजना के तहत बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और शीलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाने के लिए कुछ सबसे बड़ी टीबीएम की आवश्यकता है। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर तक समुद्र के नीचे का हिस्सा भी शामिल है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि जर्मनी में बने टीबीएम को पिछले साल सितंबर में चीन से मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट भेजा जाना था। बताया कि केवल एक खेप पहुंची है और बाकी को तकनीकी कारणों से कुछ और महीनों के लिए रोक दिया गया है, जिससे समुद्र के नीचे सुरंग की खुदाई शुरू करने में देरी हो रही है।

## गेल महाराष्ट्र में 1,736 करोड़ रुपये निवेश करेगी

**दिल्ली,एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड महाराष्ट्र में एक पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 1,736.25 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह निवेश उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक कदम है।

गेल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि शुक्रवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 178.2 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

अनुबंध मिलने के 24 महीनों के भीतर पूरी होने वाली यह परियोजना कंपनी के मौजूदा 117.95 मेगावाट के पोर्टफोलियो में इजाफा करेगी। इसके अलावा, कंपनी के पास राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैली 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं भी हैं। वर्तमान में कंपनी की पवन ऊर्जा परियोजनाएं गुजरात (19.2 मेगावाट), कर्नाटक (38.1 मेगावाट) और तमिलनाडु (60.65 मेगावाट) में स्थित हैं। गेल भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस पारेषण और विपणन कंपनी है।

# एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख का जुर्माना

**मुंबई, एजेंसी**

- **एनएसई और बीएसई ने जारी किये अलग-अलग नोटिस**



सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों के अनुपात में कमी को लेकर शेयर बाजारों ने उस पर कुल 10 लाख 85 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया है। एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे 27 फरवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से अलग-अलग नोटिस मिले हैं।
दोनों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सेबी के एलओडीआर (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) नियमावली के नियम 17(1) का पालन न करने के लिए 5,42,800 रुपये के एक समान जुर्माने लगाये हैं। जुर्माने की कुल राशि 10,85,600 रुपये है। नियम 17(1) निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित है।
यह नियम किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशक मंडल में कम से कम एक महिला निदेशक और 50 प्रतिशत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाता है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते उसके निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है।

वह ऊर्जा मंत्रालय के समक्ष पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मसला उठाती रही है, ताकि सेबी के नियम 17(1) का अनुपालन किया जा सके। उसने शेयर बाजारों से आग्रह किया है कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए उस पर जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए।

एनटीपीसी की वेबसाइट के अनुसार, वर्तमान में उसके निदेशक मंडल में कुल 13 सदस्य हैं जिनमें पांच स्वतंत्र निदेशक हैं।

# टेक्सटाइल पार्क योजना में तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **तमिलनाडु के विरुधुनगर में 23 निवेशकों को भूखंड आवंटित**



तमिलनाडु में विरुधुनगर स्थित पीएम मित्र पार्क(प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल उद्योग क्षेत्र) योजना के अंतर्गत 23 निवेशकों को कुल 190.44 एकड़ के बराबर भूखंडों के आवंटन किये गये।

कपड़ा मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि विरुधुनगर पीएम मित्र पार्क के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में निवेशकों के प्रस्तावों पर ये आवंटन किये। इससे लगभग 2,192.21 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग खुला है। इन प्रस्तावों के कार्यान्वयन पर करीब 15,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

विज्ञप्ति के अनुसार विरुधुनगर मेगा कपड़ा पार्क योजना में निवेश के इन स्वीकृत प्रस्तावों में एकीकृत संयंत्र, धागा, कपड़ा , प्रसंस्करण व फिनिशिंग, गारमेंट उत्पादन तथा टेक्निकल टेक्सटाइल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रस्ताव शामिल हैं।बोर्ड की नवीं बैठक की अध्यक्षता वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने की। इसमें मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पार्क में औद्योगिकी दूषित जल के शोधन की सुविधा स्थापित की जा रही है, जिससे पर्यावरण अनुकूल और सतत प्रोसेसिंग को बढ़ावा मिलेगा। इससे छोटे और मध्यम उद्योगों को भी स्वच्छ प्रसंस्करण सुविधाएं मिलेंगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की पीम मित्र पार्क योजना के तहत विरुधुनगर सहित देश के सात स्थानों पर वृहद टेक्सटाइल उद्योग पार्क मंजूर किये गये हैं। विरुधुनगर लगभग 1,894 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। इसमें जल- मल शोधन संयंत्र के अलावा 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट, केंद्रीकृत स्टीम बॉयलर और लगभग 13 लाख वर्गफुट में विकसित प्लग-एंड-प्ले इकाइयों के लिए काम करने की जगह विकसित की गयी है।

## ईरान पर हमले के कारण तेल-तिलहन कीमतों में उछाल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद आपूर्ति प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सभी तेल-तिलहनों में उछाल आया तथा सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती के साथ बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि आज ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद आपूर्ति चिंता बढ़ने के बीच बाजार में अफरा तफरी फैल गयी। दाम कम होने की वजह से किसानों की ओर से आवक घटाने के बाद कच्ची घानी की बड़ी तेल मिलों ने सरसों के दाम 150-150 रुपये क्विंटल बढ़ाये भी हैं।

# जनवरी में 152.49 लाख लोगों ने देश में की हवाई यात्रा

**मुंबई, एजेंसी**




देश के भीतर हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या जनवरी 2026 में वार्षिक आधार पर 4.36 प्रतिशत बढ़कर 152.49 लाख रही। यह जानकारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों में दी गई है। शुक्रवार देर शाम जारी आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो, एयर इंडिया समूह, स्पाइसजेट और अकासा एयर सहित प्रमुख घरेलू विमानन कंपनियों ने जनवरी 2025 में कुल 146.11 लाख यात्रियों को सेवाएं दी थीं। दिसंबर में पायलटों के विश्राम और ड्यूटी अवधि के कड़े नियमों के कारण परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करने वाली इंडिगो ने अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली है। कंपनी 63.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और 97.04 लाख यात्रियों के साथ शीर्ष पर रही।

इसके विपरीत, एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 26.5 प्रतिशत (40.34 लाख यात्री) रह गई।

विमान में सीटों के भरने की दर (पीएलएफ) के मामले में अकासा एयर 93.2 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रही, जबकि इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। पीएलएफ यह मापता है कि विमान की कुल क्षमता का कितना उपयोग किया गया है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कुल दर 1.44 प्रतिशत रही। वहीं, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे छह प्रमुख महानगरीय हवाई अड्डों से समय पर परिचालन के मामले में इंडिगो 70.9 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर रही।

# आईआईएम के छात्रों का पैकेज 71.4 लाख तक पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**



- **परामर्श क्षेत्र रहा सबसे बड़ा नियोक्ता, 50 फीसदी को मिले 34.5 लाख सालाना**

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) मुंबई ने शनिवार को अपने 2024-2026 बैच के प्लेसमेंट के परिणामों की घोषणा की, जिसमें अधिकतम घरेलू वेतन पैकेज सालाना 71.4 लाख रुपये तक पहुंच गया। संस्थान द्वारा जारी एक बयान के अनुसार बैच के शीर्ष 10 प्रतिशत छात्रों को औसतन 47.5 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला, जबकि शीर्ष 20 प्रतिशत के लिए यह औसत 41.4 लाख रुपये और शीर्ष 50 प्रतिशत के लिए 34.5 लाख रुपये रहा।

सूचना में कहा गया है कि स्नातकों को बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई), परामर्श, एफएमसीजी, सामान्य प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, परिचालन, लॉजिस्टिक, दवा और स्वास्थ्य सेवा तथा उत्पाद प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में नियुक्तियां मिली हैं। परामर्श क्षेत्र सबसे बड़े भर्ती क्षेत्र के रूप में उभरा, जिसमें 123 प्रस्ताव दिए गए। वहीं, बीएफएसआई क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में नियुक्तियों में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो इस सत्र की सबसे अधिक क्षेत्रीय वृद्धि है।

### जानकारी

**शेयरों में निवेश करने से पहले जानिए कुछ जरूरी बातें**

# डीमैट अकाउंट खोलना क्यों है जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान

**प्रकुल सक्सेना, कारोबार डेस्क**

**अमृत विचारः** निवेश को सुरक्षित और पेपरलेस बनाने के लिए सेबी ने 1 अप्रैल 2019 से फिजिकल शेयरों को डिजिटालाइज्ड यानी डिमैट करना अनिवार्य कर दिया है।

स्टेट बैंक समेत कई सरकारी और निजी बैंक अपने बैंकिंग ऐप्स से डीमैट अकाउंट बनाने की सुविधा दे रहे हैं। अगर आप भी शेयर ट्रेडिंग शुरूकरने की सोच रहे हैं या अभी आपने अपने फिजिकल शेयर को डिमैट नहीं किया है तो यहां दी गयी जानकारी आपके काम की है। आईए जानते हैं डिमैट अकाउंट से संबंधित सभी जरूरी बातें-



सीए शरद मिश्रा कहते हैं कि निवेश की शुरुआत के लिए सबसे पहले डीमैट अकाउंट को समझना बेहद जरूरी है। यह है क्या? सरल शब्दों में कहें तो यह आपके शेयरों का खाता या एक डिजिटल लॉकर है। जैसे बैंक खाते में पैसे रहते हैं, वैसे ही यहाँ आपके शेयर सुरक्षित डिजिटल रूप में रखे जाते हैं। **कैसे खोलें?** आप इसे किसी भी डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट या बैंक के माध्यम से खोल सकते हैं। **डीपी की भूमिका :** एक डीपी आपके डिजिटल अकाउंट और डेटा का पूरा रखरखाव करता है, जिससे आपकी ट्रांजेक्शन सुरक्षित रहती हैं। सुरक्षित निवेश की ओर यह आपका पहला कदम है।




### आवश्यक मुख्य दस्तावेज

भौतिक शेयरों को डीमैट में बदलने के लिए आपको ये कागजात तैयार रखने होंगे :

- ओरिजिनल शेयर सर्टिफिकेट्स : वे सभी फिजिकल सर्टिफिकेट जिन्हें आप डिजिटल करना चाहते हैं। सुनिश्चित करें कि इन पर कंपनी का नाम, फोलियो नंबर और सर्टिफिकेट नंबर स्पष्ट हो।
- डीआरएफ (डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म) : यह फॉर्म आपको अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) यानी आपके ब्रोकर से मिलेगा। हर कंपनी के शेयरों के लिए अलग डीआरएफ भरना होता है।
- पैन कार्ड : पैन कार्ड अनिवार्य है और यह आपके डीमैट खाते से लिंक होना चाहिए।
- केवाईसी दस्तावेज : आधार कार्ड या पासपोर्ट जैसे पते के प्रमाण।
- बैंक विवरण : एक कैंसल्ड चेक जिसमें आपका नाम और बैंक का आईएफएससी कोड स्पष्ट रूप से अंकित हो।

### स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस

- डीमैट खाता खोलें : यदि आपके पास पहले से खाता नहीं है, तो किसी भी सेबी-पंजीकृत ब्रोकर से या ऐप से डीमैट खाता खोलें।
- डीआर फार्म भरें : अपने ब्रोकर से ''डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म'' प्राप्त करें। इस फॉर्म पर वैसे ही हस्ताक्षर करें जैसे आपने पुराने शेयर सर्टिफिकेट पर किए थे।
- सर्टिफिकेट सरेंडर करें : हर शेयर सर्टिफिकेट पर 'सरेंडर्ड फॉर डीमटेरियलाइजेशन' लिखें। इससे सर्टिफिकेट की भौतिक वैधता समाप्त हो जाती है और सुरक्षा बढ़ती है।
- ब्रोकर को जमा करें : डीआर फॉर्म और मूल सर्टिफिकेट अपने ब्रोकर (डीपी) को सौंप दें। आगे की करवाई डीपी करेगा।
- डिजिटल क्रेडिट : एक बार जब कंपनी और आरटीए आपके हस्ताक्षरों और सर्टिफिकेट की पुष्टि कर देते हैं, तो भौतिक शेयर नष्ट कर दिए जाते हैं और उतने ही शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में आपके डीमैट खाते में जमा कर दिए जाते हैं।

### महत्वपूर्ण बातें ध्यान रखें

- नाम में अंतर : यदि आपके पुराने सर्टिफिकेट और वर्तमान पैन कार्ड के नाम में मामूली अंतर है तो आपको एक एफ़िडेविट या नाम सुधार फॉर्म देना पड़ सकता है।
- नामांकन : सेबी के नए नियमों के अनुसार, डीमैट खाते में नॉमिनी का होना अब अनिवार्य है।
- संयुक्त धारक : यदि भौतिक शेयर संयुक्त नाम में हैं, तो डीमैट खाता भी उसी क्रम में उन्हीं व्यक्तियों के नाम पर होना चाहिए।
- यह प्रक्रिया आमतौर पर 15 से 30 दिनों में पूरी हो जाती है। चूंकि सेबी ने 2026 तक की समयसीमा और विशेष खिड़की की बात की है, इसलिए यही सही समय है।कि आप अपनी पुरानी कागजी संपत्तियों को सुरक्षित डिजिटल रूप में बदल लें।

# महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा टीकाकरण

● प्रधानमंत्री मोदी ने की एचपीवी टीका अभियान की शुरुआत

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत शनिवार को राजस्थान के अजमेर से की। उन्होंने इस अभियान को देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम करार दिया।

इसके साथ ही मोदी ने राजस्थान के लिए 16,686 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्यों एवं परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री



ने कायड़ विश्रामस्थली में बने टीकाकरण स्थल से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नौ से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद उनसे संवाद भी किया। बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आज वीरांगनाओं की इस धरती से मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है। अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। ये अभियान देश की नारीशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम है। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की जिन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया उसमें 8,554 करोड़ की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से तथा करीब 8,132 करोड़ की नौ प्रमुख परियोजनाएं केन्द्र के राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा विभाग की हैं।

## आखिर क्यों बिगड़ी बात

अमेरिका और ईरान के संबंध कभी दोस्ती तो कभी दुश्मनी के चरम पर रहे हैं, लेकिन फरवरी 2026 की घटनाओं ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक ने उस कूटनीतिक धागे को तोड़ दिया है, जिसे महीनों की मेहनत से मस्कट और जिनेवा में बुना गया था। यह विवाद महज दो देशों की रंजिश नहीं है, बल्कि वर्चस्व, सुरक्षा और परमाणु हथियारों की दौड़ का एक ऐसा जटिल ताना-बाना है जिसने पूरे पश्चिम एशिया को बारूद के ढेर पर बिठा दिया है। विवाद की गहराई को समझने के लिए हमें 2015 के परमाणु समझौते और फिर 2018 में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उससे हटने के फैसले को देखना होगा। ट्रंप का मानना था कि पिछला समझौता ईरान को बम बनाने से नहीं रोकता, बल्कि उसे केवल टालता है।

## अमेरिका-ईरान वार्ता



### ट्रंप की नाराजगी के कारण

● शून्य संवर्धन की मांग : अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि ईरान को एक ग्राम यूरेनियम भी संवर्धित करने की अनुमति न मिले।

● स्थायी क्लॉज : ट्रंप पुराने समझौते के 'सनसेट क्लॉज' (जिसके तहत कुछ प्रतिबंध समय के साथ खत्म हो जाते) के सख्त खिलाफ हैं। वह एक स्थायी प्रतिबंध चाहते हैं।

● ईरान का आक्रामक रुख : बातचीत के दौरान भी हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में अमेरिकी जहाजों पर हमले जारी रहे, जिससे ट्रंप को लगा कि ईरान केवल बातचीत का नाटक कर रहा है।

### विवाद की मुख्य वजह

● परमाणु बम का डर : अमेरिका को संदेह है कि ईरान फतवा (परमाणु हथियारों के खिलाफ धार्मिक आदेश) की आड़ में गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित कर रहा है।

● मिसाइल प्रोग्राम : ईरान के पास मध्य-पूर्व में सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल शस्त्रागार है। अमेरिका चाहता है कि परमाणु वार्ता में मिसाइलों को भी शामिल किया जाए, जिसे ईरान अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है।

● क्षेत्रीय विस्तारवाद : ईरान द्वारा हमास (गाजा), हिजबुल्ला (लेबनान) और हूतियों (यमन) को दिया जाने वाला समर्थन अमेरिका और उसके मित्र देशों (इजरायल, सऊदी अरब) के लिए बड़ा खतरा है।

● आर्थिक प्रतिबंध : अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ 'तेल निर्यात' पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं, जिसे ईरान 'आर्थिक आतंकवाद' कहता है।

वर्तमान स्थिति दिखाती है कि कूटनीति केवल औपचारिकता रह गई है। ईरान पीछे नहीं हटता और अमेरिका हमले जारी रखता है, तो दुनिया ऊर्जा संकट और क्षेत्रीय अस्थिरता की चपेट में आ जाएगी।

### मस्कट से जिनेवा तक

● सहमति के बिंदु : ईरान इस बात पर राजी हो गया था कि वह 60% संवर्धित यूरेनियम के स्टॉक को फ्रीज कर देगा और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षकों को अधिक पहुँच प्रदान करेगा।

● टकराव के बिंदु : ईरान चाहता था कि अमेरिका पहले सभी प्रतिबंध हटाए और भविष्य में किसी भी राष्ट्रपति द्वारा समझौते से दोबारा न हटने की कानूनी गारंटी दे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में हो सकता है विलंब

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने शनिवार को यात्रियों के लिए एक परामर्श जारी कर आगाह किया कि कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हो सकती है या उनके मार्ग में बदलाव किया जा सकता है। हवाई अड्डे ने कहा कि संभावित व्यवधान कई अंतर्राष्ट्रीय हवाई क्षेत्रों के अस्थायी रूप से बंद होने और प्रतिबंधों के कारण हैं। तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने परामर्श में कहा कि यात्रियों को हवाई अड्डे की यात्रा करने से पहले संबंधित एयरलाइनों के साथ उड़ान की नवीनतम स्थिति की जांच करने और उसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी गई है।

### हूती विद्रोही जहाजों पर फिर शुरू करेंगे हमले

**काहिरा।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ईरान के समर्थन में समुद्री मार्गों और इजराइल पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले फिर से शुरू करने का फैसला किया है। हूती विद्रोहियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात नाम उजागर न करने की शर्त पर कही क्योंकि हूती नेतृत्व की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि विद्रोहियों का पहला हमला आज रात ही हो सकता है। ट्रंप प्रशासन के साथ हुए एक समझौते के तहत विद्रोहियों ने लाल सागर के समुद्री मार्ग पर अपने हमले रोक दिए थे।

### सिएरा लियोन के 16 सैनिकों को किया रिहा

**कोनाक्री (गिनी)।** अफ्रीकी देश गिनी ने शुक्रवार को पड़ोसी देश सिएरा लियोन के उन 16 सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को रिहा कर दिया जिन्हें इस सप्ताह की शुरुआत में सीमा विवाद में गिरफ्तार किया गया था। सिएरा लियोन के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिएरा लियोन के सूचना मंत्रालय ने एक पोस्ट में कहा, गिनी के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी सुरक्षा अधिकारियों को सिएरा लियोन को सौंप दिया गया है।

### एएनटीएफ ने अफीम सहित युवक को पकड़ा

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में मादक पदार्थ निरोधी कार्यबल (एएनटीएफ) ने एक युवक को गिरफ्तार करके उससे करीब ढाई किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने शनिवार को बताया कि चित्तौड़गढ़ चौकी ने शुक्रवार देर रात चंदेरिया रोलाहेड़ा मार्ग पर नाकेबंदी के दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार युवक को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक छोड़कर भागने लगा।

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी लोगों से अपनी सरकार पर नियंत्रण करने की अपील की

● ईरान को बताया दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवाद प्रायोजक देश

वेस्ट पाम बीच, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किए गए आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अमेरिका ने ईरान में बड़े पैमाने पर युद्ध अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को विकसित करना जारी रखा है और अमेरिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलों को विकसित करने की योजना बना रहा है। ट्रंप ने ईरानी लोगों से अपनी सरकार पर नियंत्रण हासिल करने की अपील की।

ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि कुछ समय पहले, अमेरिकी सेना ने ईरान में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किए। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य ईरानी शासन से उत्पन्न होने वाले सभी खतरों को समाप्त करके अमेरिकी जनता की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, ईरानी शासन 47 वर्षों से अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगा रहा है और अमेरिका, हमारे सैनिकों और कई देशों में निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर रक्तपात और सामूहिक हत्या का एक अंतहीन अभियान चला रहा है। ट्रंप ने कहा, शासन के शुरुआती कृत्यों में से एक तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर हिंसक कब्जे का समर्थन करना था, जिसमें दर्जनों अमेरिकी नागरिकों को 444 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया था। ट्रंप ने कहा कि ईरान के सहयोगी हमास ने ही सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले किए, जिसमें 46 अमेरिकियों सहित 1,000 से अधिक निर्दोष की हत्या कर दी गई। ईरान दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवाद प्रायोजक देश है, और उसने हाल ही में विरोध प्रदर्शन कर रहे अपने हजारों नागरिकों को मार डाला।



ईरानी मिसाइल हमले की आशंका में तेल अवीव में एक आश्रय स्थल में शरण लिए लोग।

### खामनेई के मारे जाने की खबरों का खंडन किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनके देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई जहां तक मुझे पता है जीवित हैं। अराघची ने एनबीसी न्यूज से उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि इजराइली हमलों में खामेनेई की मौत हो गई है। उनके मरने का दावा कुछ इजराइली मीडिया घरानों ने किया था। अराघची ने इतना अवश्य कहा कि उनके एक या दो कमांडर मारे गए हैं, लेकिन अधिकांश अधिकारी जीवित हैं। अराघची ने ईरान में सत्ता परिवर्तन को असंभव कार्य करार देते हुए कहा कि फिलहाल अमेरिका के साथ कोई संवाद नहीं हो रहा है, कहा कि बातचीत की किसी संभावना से पहले हमलों को रुकना चाहिए।

### अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करें

**ब्रुसेल्स।** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करने का आह्वान किया और क्षेत्र के देशों पर ईरानी हमलों की निंदा की। इन देशों ने शनिवार को ईरान पर हुए अमेरिकी और इजराइली हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने शनिवार को कहा कि उनके देशों ने ईरान पर हुए हमलों में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के अन्य साझेदारों के साथ घनिष्ठ संपर्क में हैं। इन तीनों देशों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के जरिए समाधान निकालने के प्रयासों का नेतृत्व किया है।

# शांति बहाली में सहयोग करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष खत्म कराने में मदद करे और क्षेत्र में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इजराइल दौर का उपयोग तनाव कम करने के लिए क्यों नहीं किया या फिर वह इस युद्ध का समर्थन करते हैं? अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के कई शहरों में हवाई हमले किए। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल से जुड़े कई सामरिक स्थलों को निशाना बनाया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती शत्रुता बेहद चिंताजनक है। पूरे पश्चिम एशिया में प्रत्येक भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं भारत सरकार से हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाने का आग्रह करता हूं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हम पूरे पश्चिम एशिया में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं।

# अफगान बलों ने गिराया पाकिस्तानी जंगी विमान

● पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के दावे को मनगढ़ंत-झूठा बताया

काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी

अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार को पूर्वी नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया और पायलट को हिरासत में ले लिया। स्थानीय मीडिया में रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुलु न्यूज़ के अनुसार, अफगान बलों ने पायलट को हिरासत में ले लिया है।

पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को अफ़गान मीडिया के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें उसने नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराने और उसके पायलट को ज़िंदा पकड़ने का दावा किया था। इस बीच, समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने नंगरहार पुलिस कमान के प्रवक्ता सैयद तैयब हम्माद के हवाले से कहा कि नंगरहार हवाई अड्डे पर वायु रक्षा प्रणाली के चालू होने के तुरंत बाद लडाकू विमान को मार गिराया गया। उन्होंने इस घटना को एक बड़ी कामयाबी बताया। उल्लेखनीय है कि तालिबान के प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान के हमलों में कई अफगानों की जान जा चुकी है, जबकि अफगानिस्तान आत्म रक्षा में सैन्य कार्रवाई कर रहा है। पाकिस्तान ने सैन्य विमान गिराने को झूठा और मनगढ़ंत वाकया बताया। सूचना मंत्रालय ने इस आरोप को पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि पाकिस्तान सैन्य बलों का कोई भी लड़ाकू विमान नहीं गिराया गया है और कोई भी पायलट लापता या पकड़ा नहीं गया है। बयान में कहा गया, पाकिस्तान सैन्य बलों ने किसी भी पाकिस्तानी लड़ाकू विमान के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं दी है। मंत्रालय ने कहा कि आरोप को साबित करने के लिए क्रैश का मलबा, मलबा या पकड़े गए पायलट का कोई भी विज़ुअल सबूत पेश नहीं किया गया है।

### संरा प्रमुख ने हिंसा पर जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने और नागरिक आबादी पर इसके प्रभाव को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया।

# एसआईआर के बाद बंगाल में 7.04 करोड़ से अधिक वोटर

● राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

कोलकाता, एजेंसी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान हटाए गए और जोड़े गए नामों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7.04 करोड़ से अधिक है।

अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप फॉर्म-7 के माध्यम से 5.46 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और फॉर्म-6 एवं फॉर्म-6ए के माध्यम से 1.82 लाख से अधिक मतदाताओं का नाम शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 58 लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए, जिनमें मृत, स्थानांतरित और दोहराव वाले मतदाताओं के मामले शामिल हैं। अग्रवाल ने यह भी कहा कि 60 लाख से अधिक मतदाता अभी भी विचाराधीन श्रेणी में हैं, लेकिन उन्हें एसआईआर के बाद की मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार की गई है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में नए सिरे से राजनीतिक हलचल पैदा कर दी, जहां 47,000 से अधिक नाम हटाए गए हैं और 14,000 से अधिक नामों को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया।

# बोलीविया में विमान क्रैश, 15 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया की राजधानी के पास नकदी ले जा रहा एक मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे राजमार्ग पर लगभग एक दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बोलीविया की वायु सेना से संबंधित हरक्यूलिस विमान देश के 'सेंट्रल बैंक' से अन्य शहरों में नए नोट पहुंचाने जा रहा था। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जमीन पर बड़ी संख्या में नोट बिखरे हुए थे। दमकल विभाग के प्रमुख पावेल टोवर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि घटना में मारे गए लोग विमान में थे या ला पाज हवाई अड्डे के पास राजमार्ग पर खड़ी कारों में सवार थे। उन्होंने बताया कि कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

# पंजाब में आतंकी गिरोह का भंडाफोड़, आईईडी बरामद

● खुफिया जानकारी पर पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने विदेश स्थित एक आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ आरडीएक्स से भरा और पूरी तरह से तैयार एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एसएएस नगर पुलिस की राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया और एक विदेशी आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 2.5 किलोग्राम वजन का एक पूरी तरह से तैयार किया गया आरडीएक्स से भरा आईईडी, जिसमें दोहरे विस्फोट तंत्र (रिमोट और टाइमर) लगे थे, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया। डीजीपी ने बताया कि विदेशी एजेंटों के निर्देशों पर काम कर रहे दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि लक्षित लक्ष्य के संबंध में आगे के निर्देशों के लिए उन्होंने आईईडी को एसबीएस नगर बाईपास के पास छिपा दिया था। यादव ने कहा कि उपकरण पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में थोड़ी परेशानी रहेगी।

**तुला** — आज समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पाएंगे। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** — आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। सरकारी कार्यों से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे।

**वृश्चिक** — आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपमें सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें।

**मिथुन** — आज नौकरी को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है। आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी।

**धनु** — आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा।

**कर्क** — आज रुके निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं। फालतू में अपना समय बर्बाद न करें। अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** — आज परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**सिंह** — आज अजनबी लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा।

**कुंभ** — आज किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनाएंगे। आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें।

**कन्या** — आज आपको जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। दोपहर बाद शुभ समाचार मिलेंगे। अपना मनोबल व आत्मविश्वास बनाए रखें।

**मीन** — आज किसी से करियर को लेकर सलाह लेना उचित रहेगा। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। प्रेमी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

# शिक्षक भर्ती घोटाला: कोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकारा

● विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार सिन्हा को दी बेल

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अभियोजन की मंजूरी देने में लंबे समय तक देरी करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए स्कूल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार एस पी सिन्हा को जमानत दे दी है।

न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने शुक्रवार को सशर्त जमानत देते हुए सिन्हा को एक लाख रुपये के मुचलके के साथ इतनी ही राशि के दो जमानतदार पेश करने और विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष अपना पासपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। अदालत ने सरकारी सहायक शिक्षक का पद दिलाने का वादा करके विद्यालयों में नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों से बड़ी रकम वसूले जाने का उल्लेख करते हुए कहा, ये आरोप शायद चिटफंड संचालकों द्वारा किए गए अपराधों से भी कहीं अधिक जघन्य हैं। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि अदालत अभियोजन की स्वीकृति से जुड़े आंतरिक रूप से संबद्ध मुद्दे का उल्लेख किए बिना नहीं रह सकती। अदालत ने कहा, न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध होगा यदि सभी आरोपियों को लंबी हिरासत के कारण धीरे-धीरे जमानत मिल जाए, लेकिन राज्य द्वारा मंजूरी नहीं मिलने के कारण मुकदमा रुक जाए।

डीयू दीक्षांत समारोह | उपराष्ट्रपति ने कहा-अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दें विश्वविद्यालय

# भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम

● वैश्विक रैंकिंग पाने के लिए ऊंचा लक्ष्य रखना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने स्नातकों को 'विकसित भारत' के सपने का वास्तुकार बताते हुए शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए, जो भारतीय परिस्थितियों से जुड़े हों और साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हों। वह यहां दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 102वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।



इस दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष 70 प्रतिशत से अधिक स्वर्ण पदक विजेता महिलाएं हैं। समारोह में 1.2 लाख से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने की। राधाकृष्णन ने कहा कि डीयू की शुरुआत तीन कॉलेज, दो संकाय और आठ विभागों से हुई थी। उन्होंने कहा कि आज विश्वविद्यालय 16 संकायों, 86 विभागों, 90 कॉलेजों, 20 हॉल और छात्रावासों, 30 से अधिक केंद्रों व संस्थानों, 34 पुस्तकालयों और छह लाख से अधिक छात्रों के साथ एक विशाल संस्थान बन चुका है। इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, प्रशासकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों का है। विवि में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुलपति योगेश सिंह ने उन्हें बताया कि सीट बिना देरी के भर जाती है और कट-ऑफ 98 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। कहा कि डीयू देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में है, फिर भी वैश्विक रैंकिंग में ऊंचा स्थान पाने को ऊंचा लक्ष्य रखना चाहिए।

### डिग्रियां प्रमाणपत्र ही नहीं राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु चुनौतियों और लोकतंत्र पर बढ़ते दबावों के दौर में उन्होंने कहा कि आपकी डिग्री केवल प्रमाण पत्र नहीं बल्कि मानवता और राष्ट्र के प्रति एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने छात्रों से आजीवन सीखने की भावना बनाए रखने, नशीले पदार्थों से दूर रहने और अपनी उपलब्धियों से परिवार, विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में स्नातक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विश्वविद्यालयों को अनुसंधान, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 1 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 19 .09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 20 .34 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

## सुडोकू -76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |



> कश्मीरी 'विलो' (बल्ला) कई चैंपियनों की किट का हिस्सा रही है। जम्मू-कश्मीर का चैंपियनों को सक्षम बनाने से लेकर खुद चैंपियन बनने तक का सफर देखना बेहद खूबसूरत है। यह सत्र निरंतरता, जुझारूपन और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आधारित था।
>
> –सचिन तेंदुलकर

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, रविवार, 1 मार्च 2026

## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| जिम्बाब्वे-द. अफ्रीका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-वेस्टइंडीज | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### अपने अभियान का सकारात्मक अंत चाहेगा जिम्बाब्वे

**नई दिल्ली।** सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाने के बावजूद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम को अगर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का शानदार अंत करना है तो उसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के मैच में अपनी गेंदबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। जिम्बाब्वे ने लीग चरण में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में जगह बनाई थी लेकिन इस चरण में उसे वेस्टइंडीज और भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सिकंदर रजा की अगुवाई वाली यह टीम दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रतिबद्ध होगी। आईसीसी के इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल है और अगर जिम्बाब्वे को उसे चुनौती देनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिन्होंने वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैच में 250 से अधिक रन लुटाए।

### वरुण अब भी टी-20 के नंबर गेंदबाज हैं: डेरेन सैमी

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने रविवार को यहां ईडन गार्डन्स में टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने 'वर्चुअल क्वार्टरफाइनल' से पहले कहा कि पिछले दो मैच में रन लुटाने के बावजूद वरुण चक्रवर्ती टी20 क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। चक्रवर्ती ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने चार ओवर में 47 रन दिए। भारत के पिछले सुपर आठ मैच में जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ भी उन्हें संघर्ष करना पड़ा। लेकिन सैमी ने साफ किया कि कुछ खराब प्रदर्शन से चक्रवर्ती का नंबर एक गेंदबाज होने का रुतबा कम नहीं होता। सैमी ने शनिवार को मैच से पहले मीडिया से बातचीत में कहा पिछली बार जब मैंने देखा था तो मुझे लगता है कि वह टी20 क्रिकेट में नंबर एक गेंदबाज थे। हम हर प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करते हैं।

### मिशेल ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता

**दुबई, 28 फरवरी (वार्ता)** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने जनवरी 2026 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है। उन्होंने लगातार दो शतक लगाकर न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत दिलाई थी। न्यूजीलैंड के मिशेल ने भारत के टी-20 कैप्टन सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। जनवरी में भारत में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में, न्यूजीलैंड ने 0-1 से पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत हासिल की। मिशेल ने दूसरे मैच में नाबाद 131 रन बनाकर अपनी टीम की वापसी कराई और तीसरे मैच में 137 रन बनाकर अपनी टीम को 337/8 के मैच जिताने वाले स्कोर तक पहुंचाया।



# जो जीतेगा, खेलेगा सेमीफाइनल

## वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मुकाबला आज, गेंदबाजी में करना होगा बेहतर प्रदर्शन

**टी-20 विश्व कप**

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं, लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। संजू ने केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा। उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया, जिनका इस टूर्नामेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 15 था, जो उन्होंने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बनाया था। अभिषेक ने अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की तो तिलक वर्मा ने नंबर छह की अपनी नई भूमिका में नए इरादे के साथ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे बिना किसी चिंता के ईडन गार्डन्स पहुंचे हैं। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं। यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे। वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें की और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस मैच में अनुभवी सिकंदर रजा ने उन्हें निशाने पर रखा। वरुण ने इस मैच में चार ओवरों में 35 रन दिए। यह देखना बाकी है कि टीम प्रबंधन चक्रवर्ती को अंतिम एकादश में बनाए रखता है या बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में शामिल करता है। कुलदीप ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेला है।



अभ्यास सत्र के दौरान पिच का निरीक्षण करते वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप (दाएं)। एजेंसी

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**वेस्टइंडीज :** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेस, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्ड, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स।


कुलदीप यादव। एजेंसी

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज़ | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -0.461 |
| 4. श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.800 |

### तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आदर्श दिख रहे : सहायक कोच रेयान डोएशे

**कोलकाता।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का मानना है कि तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आदर्श हैं जिससे मेजबान टीम को पारी के आखिर में जरुरी आक्रामकता मिलेगी। लेकिन रविवार को यहां टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल में ऐसा जरूरी नहीं है। टूर्नामेंट के पहले पांच मैच में खराब प्रदर्शन के बाद टीम ने मुंबई इंडियंस के इस स्टाइलिश बल्लेबाज को जिम्बाब्वे के खिलाफ छठे नंबर पर भेजने का फैसला किया। उन्होंने अपनी नयी भूमिका में 16 गेंदों में 44 रन बनाए जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल थे और उनका स्ट्राइक-रेट 275 का था। डोएशे ने कहा नहीं, यह पहले से तय नहीं है कि वह कल पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। मुझे लगा कि उस रात वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाला बल्लेबाज दिख रहा था। वह ऐसे लग रहा था कि वह सच में सहज है।

# बल्लेबाजी की कमजोरी को दूर करना होगा भारतीय महिला टीम को

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा व अंतिम वनडे आज
- दो मुकाबले हारकर भारत पहले ही गंवा चुका है सीरीज

होबार्ट, एजेंसी

पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा।

भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार 12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंदी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है।

पहले मैच में भारत ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे और फिर वापसी नहीं कर पाया। भारतीय टीम ने दूसरे वनडे में पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत ने 17वें और 31वें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है।

पहले वनडे में भारत 214 रन पर आउट हो गया और दूसरे वनडे में नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में आसानी से लक्ष्य हासिल किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी सीनियर बल्लेबाज अभी तक कोई खास योगदान नहीं दे पाए हैं जिससे टीम को नुकसान पहुंचा है।



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर।

# पाकिस्तान ने दिया 213 रनों का लक्ष्य

- साहिबजादा फरहान का शतक जमां ने लगाया अर्धशतक

पल्लेकल, एजेंसी

साहिबजादा फरहान (100) और फखर जमां (82) विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए 213 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान और फखर जमां की सलामी जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 176 रन जोड़े। 16वें ओवर में दुशमंता चमीरा ने फखर जमां को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। फखर जमां ने 42 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए 82 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में दिलशान मदुशंका ने ख्वाजा नफे (दो) को अपना शिकार बना लिया। 18वें ओवर में शादाब खान (नौ) रनआउट हुये। अगले ओवर की दूसरी गेंद पर दसून शानका ने मोहम्मद नवाज और चौथी गेंद पर कप्तान आगा सलमान को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। 20वें ओवर की पहली गेंद पर दिलशान मदुशंका ने साहिबजादा फरहान आउट कर दिया। साहिबजादा फरहान ने 60 गेंदों में नौ चौके और पांच छक्के लगाते हुए 100 रन बनाये। पाकिस्तान ने आखिरी ओवर में तीन विकेट गंवाये। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 212 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते साहिबजादा फरहान। एजेंसी

### पाकिस्तान

**212/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फरहान का लियानागे बो मदुशंका | 100 |
| फखर जमां बो चामीरा | 84 |
| नफे का असालंका बो मदुशंका | 02 |
| शादाब खान रन आउट | 07 |
| मो. नवाज का तीक्षणा बो शनाका | 00 |
| सलमान आगा का तीक्षणा बो शनाका | 00 |
| उस्मान खान नाबाद | 08 |
| शाहीन शाह पगबाधा बो मदुशंका | 04 |
| नसीम शाह रन आउट | 01 |
| अबरार अहमद नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** दिलशान मदुशंका 4-0-33-3, दुष्मंता चामीरा 4-0-48-1, महीश तीक्षणा 4-0-35-0, दासुन शनाका 4-0-42-2, दुनिथ वेलालगे 3-0-37-0, जनिथ लियानागे 1-0-14-0

**सफलता**

67 साल का लंबा इंतजार खत्म, आठ बार के चैंपियन कर्नाटक को हराया, फाइनल के पहले ही प्रवेश में जीती रणजी ट्रॉफी

# जम्मू-कश्मीर ने 10 दिनों में दूसरी बार रचा इतिहास

खेल डेस्क

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर ने युवा खिलाड़ियों के दृढ़प्रतिज्ञ प्रदर्शन से 10 दिनों के भीतर दूसरी बार इतिहास रचा और राष्ट्रीय क्रिकेट की श्रेष्ठता की प्रतीक रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में फाइनल के पहले ही प्रयास में आठ बार के पूर्व चैम्पियन कर्नाटक को उसके घर में हराकर ऐतिहासिक खिताबी जीत भी हासिल कर ली।

गत 18 फरवरी की ही बात है, जब कल्याणी स्थित बंगाल क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रचते हुए दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन मेजबान पश्चिम बंगाल को छह विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी में अपने पदार्पण के बाद 67 वर्षों में पहली बार फाइनल का सफर तय किया था। पारस डोगरा की अगुआई वाली मेहमान टीम ने यहां केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर भी अपना वही जोश व जज्बा कायम रखा और शनिवार को ड्रॉ छूटे मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर चैम्पियन का श्रेय अर्जित कर लिया। जम्मू-कश्मीर टीम के लिए इससे अधिक गर्व का क्षण और क्या हो सकता था कि मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने और इस ऐतिहासिक उपलब्धि का साक्षी बनने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। उमर अब्दुल्ला शुक्रवार की शाम ही यहां आ गए थे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा क्रिकेट जगत व अन्य क्षेत्रों के लोगों ने पहली बार चैम्पियन बनने पर जम्मू-कश्मीर को बधाई दी है। पीएम मोदी ने अपने बधाई संदेश में लिखा, 'जम्मू और कश्मीर टीम को पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने पर बधाई! यह ऐतिहासिक जीत टीम के जबर्दस्त धैर्य, अनुशासन और जुनून को दिखाती है। यह जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए गर्व का पल है।


कर्नाटक के हुबली में टीम के साथ जश्न मनाते जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी। एजेंसी

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584, 342 |
| कर्नाटक | 293 |

### एक समय कमजोर टीम माना जाता था जम्मू-कश्मीर को

रणजी ट्रॉफी का इतिहास 92 साल पुराना है लेकिन जम्मू कश्मीर की टीम ने 67 साल पहले पहली बार इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एक समय उसे कमजोर टीम माना जाता था लेकिन अब उसने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प से खुद को मजबूत टीम साबित कर दिया। जम्मू-कश्मीर 2013-14, 2019-20 और 2024-25 के सत्र में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था, लेकिन लेकिन वह इससे आगे बढ़ने में नाकाम रहा था।

### यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण : कप्तान डोगरा

**हुबली।** जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम की रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है और यह उनके जीवन का सबसे बड़ा क्षण है। जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ फाइनल मैच ड्रॉ होने के बाद पहली पारी में बढ़त के आधार पर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

डोगरा ने मैच के बाद कहा सच कहूं तो मैं इसे शब्दों में बयान नहीं कर सकता, मेरे पास शब्द नहीं हैं। इस समय यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। विदा होने से पहले यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। सच कहूं तो जेकेसीए (जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ) के साथ रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### उमर अब्दुल्ला ने दो करोड़ रुपये की घोषणा की

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जीत पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए दो करोड़ रुपये की नकद पुरस्कार राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इसे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गर्व और प्रेरणा से भर दिया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हुबली (कर्नाटक) पहुंचे थे, जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर टीम का उत्साहवर्धन किया।

